खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । मंगलवार, 20 जनवरी, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-19



# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचन: पार्टी ने जारी की 'संगठन पर्व–2024' की ऐतिहासिक प्रगति रिपोर्ट



**नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ से अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। भाजपा यह पूरी प्रक्रिया पार्टी के राष्ट्रव्यापी संगठनात्मक अभियान 'संगठन पर्व–2024' के तहत करा रही है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के लक्ष्मण ने चुनाव कार्यक्रम अधिसूचित कर दिया है, जिसको लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस दौरान भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए संगठन पर्व केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र का उत्सव है। जहां अन्य दल परिवार–केंद्रित राजनीति तक सीमित रहे हैं, वहीं भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पारदर्शी, सहभागी और लोकतांत्रिक तरीके से अपने नेतृत्व का चयन करती है। जनसंघ की स्थापना से लेकर भारतीय जनता पार्टी के गठन और अब तक चुने गए राष्ट्रीय अध्यक्षों की परंपरा इस सच्चाई का जीवंत प्रमाण है कि भाजपा में बड़े पद और बड़ी जिम्मेदारियां किसी परिवार से नहीं, बल्कि परिश्रम, समर्पण, जनसेवा और देशसेवा के आधार पर तय होती हैं।संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी में संविधानसम्मत, पारदर्शी और लोकतांत्रिक संगठनात्मक निर्वाचन प्रक्रिया निरंतर आगे बढ़ रही है। बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक, संगठन को सशक्त करने का यह अभियान निर्णायक चरण में पहुंच चुका है। अब तक की प्रगति इस प्रकार है–

बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समितियों की बात करें तो कुल 10,70,462 बूथों में से 7,88,197 बूथ अध्यक्षों का निर्वाचन पूर्ण हो चुका है। साथ ही 89,47,845 बूथ समिति सदस्य (1+11) गठित किए गए हैं। इस स्तर पर 74 प्रतिशत प्रगति हासिल हुई है।

मंडल अध्यक्ष के क्रम में युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 45 वर्ष से कम आयु की पात्रता तय की गई। कुल 17,743 मंडलों में से 16,469 मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन पूर्ण हुआ है, जो 93 प्रतिशत प्रगति को दर्शाता है।जिला अध्यक्ष के लिए कुल 1,036 जिलों में से 978 जिलों में जिला अध्यक्षों का निर्वाचन संपन्न हो चुका है। इस स्तर पर 94 प्रतिशत प्रगति प्राप्त हुई है।

प्रदेश परिषद सदस्य को लेकर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक तथा दो विधानसभा क्षेत्रों के समूह से एक प्रदेश परिषद सदस्य का निर्वाचन किया गया। निर्धारित 6,384 में से 4,932 प्रदेश परिषद सदस्यों का निर्वाचन पूर्ण हुआ है, यानी 80 प्रतिशत प्रगति।प्रदेश अध्यक्ष की बात की जाए तो कुल 37 संगठनात्मक प्रदेशों में से 30 प्रदेशों में संगठनात्मक निर्वाचन पूर्ण किया जा चुका है, जिससे 81 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है।राष्ट्रीय परिषद सदस्य के लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से एक तथा दो लोकसभा क्षेत्रों के समूह से एक राष्ट्रीय परिषद सदस्य का निर्वाचन किया गया।

# कर्नल सोफिया मामला: मध्य प्रदेश सरकार दो सप्ताह में ले विजय शाह पर निर्णय : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस ब्रीफिंग करने वाली भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश सरकार से कहा है कि वह विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी देने पर दो सप्ताह के भीतर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि निचली अदालत में मामला लंबित होने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से अब तक जरूरी कानूनी अनुमति नहीं दी गई है।

अदालत ने राज्य सरकार को इस पर जल्द निर्णय लेने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान विजय शाह की ओर से पेश वकील ने कहा मंत्री विजय शाह इस पूरे मामले पर पहले ही माफी मांग चुके हैं , हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया। कोर्ट ने माफी पर विचार करने से मना करते हुए कहा कि अब बहुत देर हो चुकी है।

इंदौर जिले के एक ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शाह ने कर्नल कुरैशी की ओर इशारा करते हुए कहा था, जिन लोगों ने हमारी बेटियों को विधवा बनाया, हमने उन्हें सबक सिखाने के लिए उनकी अपनी बहन को भेजा।

मंत्री के इस बयान के बाद देशव्यापी आक्रोश फैल गया था, हालांकि विवाद बढ़ने के बाद मंत्री कुंवर विजय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक मिनट 13 सेकंड का वीडियो जारी कर कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपनी विवादित टिप्पणी के लिए माफी मांगी थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आईपीएस अधिकारियों की विशेष जांच समिति (एसआईटी) बनाने का आदेश दिया था।

# कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका सजा पर रोक लगाने वाली अर्जी खारिज

**नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** उन्नाव रेप केस में सजा काट रहे उन्नाव के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने सोमवार को सेंगर की सजा पर रोक लगाने और जमानत से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि कुलदीप सिंह सेंगर को फिलहाल जेल में ही रहना होगा।



यह मामला उन्नाव रेप कांड से जुड़े पीड़िता के पिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हिरासत के दौरान हुई मौत से जुड़ा है, जिसमें कुलदीप सिंह सेंगर को दोषी ठहराया गया था। सेंगर इस मामले में 10 साल की सजा काट रहे हैं और उन्होंने अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर कर रखी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान अपने आदेश में यह स्पष्ट किया कि कुलदीप सिंह सेंगर के आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें इस मामले में जमानत नहीं दी जा सकती।

कोर्ट ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और आरोपी के पूर्व आपराधिक इतिहास को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि यदि दोषसिद्धि के विरुद्ध दायर अपील पर शीघ्रता से फैसला किया जाता है तो यह सेंगर के हित में होगा। कोर्ट के अनुसार, कुलदीप सिंह सेंगर अब तक 10 साल की कुल सजा में से करीब 7.5 साल हिरासत में बिता चुके हैं। इसके बावजूद उनकी अपील पर अब तक अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि इस मामले में अपील के निपटारे में हुई देरी के लिए आंशिक रूप से स्वयं कुलदीप सिंह सेंगर जिम्मेदार हैं, क्योंकि उन्होंने समय-समय पर कई याचिकाएं दायर कीं।

बता दें कि उन्नाव रेप केस में दोषी ठहराए गए पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से 23 दिसंबर को जमानत दी गई थी। हाईकोर्ट के इस आदेश को सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

इससे पहले, सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सेंगर की जमानत पर रोक लगा दी थी।आपको बताते चलें, उन्नाव दुष्कर्म मामले ने देशभर में भारी आक्रोश पैदा किया था। दिसंबर 2019 में ट्रायल कोर्ट ने सेंगर को नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म का दोषी ठहराते हुए उसके कारावास की सजा सुनाई थी, साथ ही 25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था।

# आतंकवाद से निपटने के लिए भारत ने पोलैंड से मांगी मदद एस. जयशंकर ने रादोस्लाव सिकोर्स्की से की बात

**नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** पोलैंड के उपप्रधानमंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की ने सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत के सामने सीमा पार आतंकवाद की चुनौतियों पर जोर दिया। उन्होंने पोलैंड से आतंकवाद के लिए जीरो टॉलरेंस दिखाने और भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद न करने की अपील की। मीटिंग के दौरान अपनी शुरुआती बातचीत में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और पोलैंड के बीच रिश्ते लगातार आगे बढ़े हैं, हालांकि लगातार ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, उपप्रधानमंत्री आप हमारे इलाके के लिए अनजान नहीं हैं और क्रॉस–बॉर्डर टेररिज्म की लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। मुझे उम्मीद है कि इस मीटिंग में इस इलाके की आपकी हाल की कुछ यात्राओं पर चर्चा होगी। पोलैंड को आतंकवाद के लिए जीरो टॉलरेंस दिखाना चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवाद को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए। पोलैंड के डिप्टी पीएम ने अक्टूबर 2025 में पाकिस्तान जाकर संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र किया था। दोनों देशों के नेताओं के संयुक्त बयान में कहा गया, पोलैंड पक्ष ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध को लेकर जानकारी दी, जबकि पाकिस्तानी पक्ष ने जम्मू–कश्मीर विवाद पर अपना पक्ष रखा। दोनों पक्षों ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का पूर्ण सम्मान करते हुए सभी



संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान तलाशने की जरूरत पर जोर दिया। भारत ने इस दौरान इस बयान की कड़ी आलोचना की थी।विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूक्रेन विवाद पर भारत का रुख भी दोहराया। उन्होंने कहा कि वह और सिकोर्स्की ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब दुनिया में काफी उथल–पुथल मची हुई है और इस बात पर जोर दिया कि विचारों और नजरियों का लेन–देन करना फायदेमंद है क्योंकि भारत और पोलैंड अलग–अलग इलाकों में बसे दो देश हैं, जिनमें से हर एक की अपनी चुनौतियां और अवसर हैं। भारत के विदेश मंत्री ने कहा, पिछले साल सितंबर में न्यूयॉर्क में और इस साल जनवरी में पेरिस में, मैंने यूक्रेन संघर्ष और इसके असर पर अपने विचार खुलकर साझा किए हैं। ऐसा करते समय, मैंने बार–बार इस बात पर भी जोर दिया है कि भारत को चुनिंदा रूप से निशाना बनाना गलत और अन्यायपूर्ण दोनों है।

द्विपक्षीय संबंधों की सराहना करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, हमारे द्विपक्षीय संबंध भी लगातार आगे बढ़े हैं, लेकिन फिर भी उन्हें लगातार ध्यान देने की जरूरत है। भारत और पोलैंड के बीच पारंपरिक रूप से अच्छे और दोस्ताना संबंध रहे हैं। हाल के सालों में, यह उच्च–स्तरीय राजनीतिक आदान–प्रदान और जीवंत आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों से चिह्नित रहा है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोलैंड यात्रा का हवाला दिया, जिसके दौरान द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था। एस. जयशंकर ने कहा कि पोलैंड मध्य यूरोप में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है। दोनों देशों के बीच लगभग 7 बिलियन डॉलर का ट्रेड है।एस. जयशंकर ने बताया कि पोलैंड में भारत का निवेश 3 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है, जिससे पोलैंड के लोगों के लिए नौकरी के कई मौके बने हैं।

उन्होंने कहा, आज हम एक्शन प्लान 2024–28 का रिव्यू करेंगे, जिसके जरिए हम अपनी रणनीतिक साझेदारी की पूरी क्षमता हासिल करना चाहते हैं। हम व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा तकनीक और डिजिटल इनोवेशन में अपने सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे।

# जनता दर्शन में आई महिला ने सीएम योगी को सुनाया दुखड़ा पुलिस आयुक्त को तत्काल उचित कार्रवाई का निर्देश

**लखनऊ, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए हर फरियादी की समस्या सुनी और निराकरण के लिए अफसरों को निर्देश दिया। इस दौरान लखनऊ निवासी महिला सीमा ने मुख्यमंत्री से आर्थिक विपन्नता का जिक्र किया और पति द्वारा घर से निकाले जाने की शिकायत की। आग्रह किया कि उन्हें घर में रहने की जगह दिलाई जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस आयुक्त को तत्काल उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। लखनऊ निवासी सीमा अपनी दो बच्चियों को लेकर सोमवार को 'जनता दर्शन' में पहुंची। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि ससुर का निधन हो गया है। पति व ससुराल वालों ने उन्हें घर से निकाल दिया। दो छोटी बच्चियों को लेकर वह भटक रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से उन्हें वापस ससुराल में भिजवाने तथा वहां रहने देने के लिए गुहार लगाई। महिला ने बच्चों के लालन–पालन के लिए आर्थिक सहायता की मांग करते हुए मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस आयुक्त को मामले में तत्काल उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में अपने माता–पिता के साथ आए सभी बच्चों को चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। इस दौरान मां सीमा के साथ दो साल की नन्ही अनन्या भी आई थी। मुख्यमंत्री ने उसे भी चॉकलेट दी और दुलार किया।



चॉकलेट पाकर बच्ची खिलखिला उठी। जब मुख्यमंत्री ने उससे चॉकलेट मांगी तो उसने बड़ी मासूमियत से चॉकलेट वापस सीएम की तरफ बढ़ा दी। यह देखकर मुख्यमंत्री का बालप्रेम उमड़ पड़ा। इस दौरान नन्ही बच्ची की भाव भंगिमा और मुख्यमंत्री का संवाद देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति भाव–विभोर हो गया।

'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस, बिजली विभाग के साथ ही आर्थिक सहायता से जुड़े प्रकरण भी आए। मुख्यमंत्री ने सभी से मिलकर उनका प्रार्थना पत्र लिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर प्रकरण की जांच कराकर फरियादियों की समस्याओं को हल कराएं। इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने आए फरियादियों से अस्पताल से एस्टिमेट मंगाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर सुख दुःख में प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। सरकार आपकी हर उचित समस्या का निदान कराएगी।

# पटना हॉस्टल प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : संजय कुमार पासवान

**पटना, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** बिहार सरकार में मंत्री संजय कुमार पासवान ने पटना हॉस्टल के प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही। उन्होंने सोमवार को कहा कि इस मामले में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। हमारी सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी। दरअसल जहानाबाद जिले की रहने वाली छात्रा पटना के कंकड़बाग स्थित शम्भू गर्ल्स हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी, जहां उसकी मौत के बाद मामला गरमा गया है। इस मुद्दे पर विपक्ष सरकार को घेरने का एक भी मौका नहीं छोड़ रहा है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान संजय कुमार पासवान ने सरकार पर सवाल उठाने वाले दलों को भी घेरा।संजय कुमार पासवान ने कहा कि जो लोग इस मामले को लेकर हमारी सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे लोगों को यह बताना चाहिए कि चंपा विश्वास को न्याय मिला? ऐसी स्थिति में किसी को भी इस मामले में



सवाल उठाने का कोई नैतिक हक नहीं है। हमारी सरकार काम करने वाली सरकार है। हम आरोपियों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शते हैं।

उन्होंने कहा कि इस मामले की त्वरीत जांच के लिए एसआईटी का भी गठन किया गया है। जिसके तहत हम आरोपियों को चिन्हित करने के ध्येय से कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में मुझे नहीं लगता है कि विपक्षी दलों के पास कुछ भी बोलने के लिए रह गया है। हमारी सरकार काम करने वाली सरकार है। हम काम पर विश्वास करते हैं और इसके साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करते हैं।बिहार सरकार में मंत्री संजय कुमार पासवान ने जनता दरबार को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हमने इस बात को महसूस किया कि जनता दरबार का आयोजन जरूरी है। मूल रूप से यह एक ऐसा मंच होता है, जहां पर आम लोगों की समस्याओं को सुना जाता है और उन्हें उनके समाधान के रास्ते सुझाए जाते हैं।

आज हमने जनता दरबार का आयोजन किया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के लोग अपनी समस्याओं को लेकर आए। इसमें कई लोग जिलाधिकारियों और सीओ से संबंधित समस्याओं को लेकर भी हमारे बीच में आए।

# दुनिया में बजेगा यूपी का ढंका : 'साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव–2026' में साइबर टेक्नोलॉजी समझाएंगे सुपर कॉप

**लखनऊ, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित साइबर सुरक्षा मंचों में शुमार साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव–2026 में इस बार भारत और विशेष तौर पर उत्तर प्रदेश की साइबर ताकत पूरी दुनिया के सामने होगी। 26 से 28 जनवरी 2026 तक तेल अवीव, इजरायल में आयोजित होने जा रहे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यूपी के साइबर सिंघम वैश्विक मंच पर भारत की साइबर सुरक्षा क्षमता, तकनीक व अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन में भारत से दो दिग्गज चीफ मेंटर के रूप में शामिल हो रहे हैं। इनमें भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा




समन्वयक माधवन उन्नीकृष्णन नायर और उत्तर प्रदेश से एशिया के साइबर कॉप कहे जाने वाले प्रो. त्रिवेणी सिंह शामिल हैं। दोनों विशेषज्ञ दुनिया के शीर्ष साइबर वैज्ञानिकों व नीति निर्माताओं के समक्ष साइबर सुरक्षा की बारीकियां और अपनाई जा रही तकनीक को प्रस्तुत करेंगे। तेल अवीव में होने जा रहे इस वैश्विक जमावड़े में अमेरिका, जापान, स्पेन, इटली, इंग्लैंड, जर्मनी, साइप्रस, स्कॉटलैंड, वेल्स व उत्तरी आयरलैंड, रोमानिया, फिलीपींस, संयुक्त अरब अमीरात, बेल्जियम, लातविया, नीदरलैंड, अल्बानिया, उरुग्वे, हंगरी समेत अन्य देशों के दिग्गज जुटेंगे।

उत्तर प्रदेश में साइबर सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार एआई व साइबर सिक्योरिटी को प्रशासनिक तथा शैक्षणिक ढांचे का अहम हिस्सा बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्क वेब, साइबर अपराध और आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में प्रो. त्रिवेणी सिंह जागरूकता के लिए 'साइबर सेफ उत्तर प्रदेश' अभियान चला रहे हैं। अब इज़रायल में 20 से अधिक देशों के बीच वह यूपी में साइबर सिक्योरिटी को लेकर किए जा रहे इनोवेटिव उपायों की जानकारी देंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर सिक्योरिटी सपोर्ट पर चर्चा करेंगे।प्रो. त्रिवेणी सिंह अपने 25 वर्षों से अधिक के अनुभव के आधार पर बताएंगे कि किस तरह उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी और टेक्नोलॉजी आधारित अपराधों से निपटने के लिए मजबूत सिस्टम खड़ा किया है। वहीं, माधवन उन्नीकृष्णन नायर भारत के राष्ट्रीय साइबर फ्रेमवर्क और नीति अनुभव को वैश्विक मंच पर साझा करेंगे।सम्मेलन में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

MOU Holder and Distributors
RN
METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | मंगलवार, 20 जनवरी, 2026 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-8 | अंक-19

# मच्छी मार्केट : गंदी राजनीति

## बीआरएस नेता आनंद गौड़ को राजा सिंह के पीए ने पीटा * शंकर यादव ने दी गाली












मछली: मार्केट
दुकानों का आवंटन नहीं, सड़क पर दुकानदार


**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)**

सूखे खून के धब्बे, कचरे के ढेर और लावारिस पशुओं की गंदगी से भरी संकरी गलियों के बीच से जूझते खरीदार और वाहन चालकयह हैदराबाद के व्यस्त बेगम बाज़ार मच्छी मार्केट का आम नज़ारा बन गया है। जहाँ एक ओर मछली विक्रेता और ग्राहक लंबे समय से खराब स्वच्छता की शिकायत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्थिति में आंशिक सुधार भी नहीं हुआ है। हालात इतने खराब हैं कि इस मार्केट के आस-पास से गुजरने वाले तो नाक पर रूमाल रखकर जैसे-तैसे रास्ता पार कर लेते हैं, लेकिन मछली के अलावा दूसरा व्यापार करने वाले तथा यहाँ के रहवासियों का जीना दूभर हो गया है। गौरतलब है कि जीएचएमसी ने केंद्रीय मदद से यहाँ अत्याधुनिक चार मंजिला मच्छी मार्केट बनाया था, किन्तु उद्घाटन के तीन साल बाद भी इसमें बनी दुकानों का आवंटन न होने के कारण पूरा बाजार सडक पर सज रहा है और आए दिन गंदगी, नाली जाम आदि को लेकर जनता परेशान है।

इधर, आज दोपहर करीब 12 बजे एक दुःखद घटना घटी। क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एम.आनंद कुमार गौड (बीआरएस) नाली जाम की शिकायत पर मच्छी मार्केट पहुँचे तो उन पर गोशामहल भाजपा विधायक टी. राजा सिंह के कथित पीए (निजी सहायक) कृष्णा ने हमला कर दिया। इस दौरान बेगमबाजार के कार्पोरेटर जी. शंकर यादव भी मौजूद थे। गोशामहल थाने में इस घटना की शिकायत (समाचार लिखे जाने तक एफआईआर नहीं ) करते हुए आनंद गौड ने बताया कि आज 19-01-2026 को लगभग 12:15 बजे मैं हैदराबाद के बेगमबाज़ार मच्छी मार्केट में जलनिकासी संबंधी कार्य देखने गया था। वहीं पर बेगम बाज़ार के पार्षद शंकर यादव ने मुझे घेर लिया और कहा कि यह इलाका उनका है, मेरे वहां मौजूद रहने पर आपत्ति जताई। उन्होंने तुरंत अभद्र भाषा में गालियां देना शुरू कर दिया। इसी बीच अचानक शंकर यादव के साथ आए एक व्यक्ति (जिसकी पहचान विधायक राजा सिंह के निजी सहायक (पीए) कृष्णा के रूप में हुई) ने बिना किसी चेतावनी के मुझे चेहरे पर जोरदार मुक्का मारा। साथ में सुदीर सिंह (सेवानिवृत्त पुलिस कांस्टेबल) और अन्य लोग भी थे। चूंकि मैं उस समय चश्मा पहने हुआ था, मुक्के की तीव्रता से चश्मे का फ्रेम टूट गया और टूटे हुए कांच ने मेरे चेहरे पर गहरी चोटें पहुंचाईं, खून बहने लगा।

**राजा सिंह और शंकर यादव से जान का खतरा**

शिकायत में आनंद गौड ने आगे लिखा, मैं तत्काल गोशामहल थाने पहुंचा। वहां अधिकारियों ने मुझे एमएलसी कराने ओजीएच (उस्मानिया अस्पताल) भेजा। उपचार के बाद एमएलसी क्रमांक 2096 लेकर मैं वापस थाने आया और निवेदन किया कि कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए, क्योंकि राजा सिंह और शंकर यादव से मुझे जान-माल की धमकी मिलने की पूरी आशंका है।

**श्रेय लेने की होड**

दरअसल, बीआरएस नेता आनंद गौड, एमआईएम और गोशामहल के भाजपा नेताओं के बीच विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड मची हुई है। बेगमबाजार के पार्षद शंकर यादव ने मारपीट की घटना के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए 'शुभ लाभ' से कहा कि आनंद गौड रोज सोशल मिडिया पर वीडियो जारी कर यह आरोप लगाते हैं कि बेगमबाजार के पार्षद सो रहे हैं, क्षेत्र की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। क्षेत्र में जगह-जगह चल रहे कार्यों का श्रेय खुद लेने की कोशिश करते हैं, जबकि सभी कार्य या तो विधायक या पार्षद के कहने पर उनके फंड से होते हैं। आज भी मच्छी मार्केट में नाली का काम चल रहा था और मैंने उनसे जानना चाहा कि आपने इस समस्या के समाधान के लिए क्या किया? और आप बार-बार मेरा नाम लेकर गलत बयानबाजी क्यों कर रहे हो? आप जनता की सेवा करना चाहते हो तो चुनाव लडकर जीतो, आपको किसने रोका है?शंकर यादव ने स्पष्ट किया कि वे जन समस्याओं के प्रति गंभीर हैं और इसीलिए जनता ने चार बार उन्हें चुनकर जीएचएमसी में भेजा है।

उधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि हालांकि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम नियमित रूप से इलाके से कचरा उठाता है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

दुकानों का आवंटन न होने के कारण सडक पर व्यापार करने को मजबूर एक मछली विक्रेता ने बताया, ''जीएचएमसी की गाड़ियाँ हर सुबह आती हैं, लेकिन इससे स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। सीवेज का पानी हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि इसके कारण अक्सर स्टॉल लगाना मुश्किल हो जाता है।इससे भी बदतर यह है कि यह नागरिक संकट अब आस-पास के इलाकों में भी फैल गया है, जिससे निवासी अपने घरों के बाहर जमा स्थिर पानी और उससे होने वाली मच्छर जनित बीमारियों को लेकर चिंतित हैं।

### आईटी ज़ोन में वर्षों से समस्या

# कचरे के पहाड़!



**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हैदराबाद के हाई-टेक आईटी कॉरिडोर के बीचों-बीच कचरे के दो विशाल ढेर स्थानीय लोगों, यात्रियों और कर्मचारियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। इनमें से एक ढेर शिल्पा लेआउट फ्लाईओवर (आईकेईए के पास) के पास स्थित है, जो बेसमेंट की खुदाई से निकली मिट्टी और मलबे से बना है। दूसरा ढेर मीनाक्षी बिल्डिंग से माधापुर की ओर जाने वाली सड़क पर है, जहाँ निर्माण सामग्री के मलबे के साथ-साथ पुराने फर्नीचर, कपड़े और अन्य कचरा भारी मात्रा में फेंका गया है।

आईटी हब के बीच में ऊंचे पहाड़ों की तरह दिखने वाले इन ढेरों को स्थानीय लोगों ने कचरे के पर्वत (गार्बेज माउंटेंस) का नाम दे दिया है। इन स्थलों के आसपास की अधिकांश इमारतें कॉर्पोरेट ऑफिस और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान हैं, जिसके कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं।

यह कचरा पिछले लगभग दो वर्षों से यहाँ जमा है। हालांकि, शिल्पा लेआउट फ्लाईओवर के पास हाल के महीनों में कचरा डालना बंद हो गया है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में वीआईपी आवाजाही और ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम की सख्ती के कारण सुधार हुआ है। जीएचएमसी ने यहाँ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए थे। इसके विपरीत, माधापुर रोड वाले हिस्से पर अभी भी धड़ल्ले से कचरा फेंका जा रहा है। माधापुर रोड का उपयोग करने वाले यात्रियों ने अधिकारियों से मांग की है कि यहाँ भी वैसी ही कार्रवाई की जाए, जैसी फ्लाईओवर के पास की गई है। एक दैनिक यात्री ने कहा, अगर एक जगह डंपिंग रोकी जा सकती है, तो दूसरी जगह क्यों नहीं? ▶10पर

### एमएस मक़ता में भी यही हाल

खैरताबाद स्थित एमएस मक़ता के रहवासी, जो नेकलेस रोड और राजभवन रोड के बीच बसे हैं, सालों से नगरपालिका की उपेक्षा झेल रहे हैं। इलाक़े में कूड़े के ढेर और गड्ढों से भरी सड़कें आम दृश्य बन चुकी हैं। बार-बार की शिकायतों के बावजूद निगम के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। ईदगाह रोड पर कूड़े के विशाल ढेर दिखे। नेकलेस रोड से एमएस मक़ता में दाख़िले वाले इस व्यस्त चौराहे पर एक कोना अनौपचारिक तौर पर डंपिंग स्पॉट बन चुका है। करीब 5,000 आबादी वाले इस मोहल्ले में न तो कोई तय कूड़ा बिन्दु है और न ही नियमित कूलैक्शन। 20 साल से रह रहे मोहम्मद हसन बताते हैं, कूड़ा कई दिनों तक ▶10 पर

# अब तुम्हारे हवाले ट्रैफिक

***पहले ट्रैफिक विंग की कमान एसपी या डीआईजी रैंक के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के पास होती थी, लेकिन पहली बार सरकार ने ग्रेहाउंड्स, ग्रामीण पुलिसिंग और प्रशासन में करीब चार साल का अनुभव रखने वाले आईपीएस अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी है।***




**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राज्य सरकार ने ग्रेटर हैदराबाद सीमा के भीतर ट्रैफिक से जुड़े प्रमुख पदों पर ग्रामीण पुलिसिंग और फील्ड ऑपरेशन का अनुभव रखने वाले युवा आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया है। इस कदम का उद्देश्य ट्रैफिक नियंत्रण और प्रवर्तन में नए विचारों को अपनाना है। पहले ट्रैफिक विंग की कमान एसपी या डीआईजी रैंक के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के पास होती थी, लेकिन पहली बार सरकार ने ग्रेहाउंड्स, ग्रामीण पुलिसिंग और प्रशासन में करीब चार साल का अनुभव रखने वाले आईपीएस अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

ट्रैफिक विंग की कमान संभालने से पहले पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी. शिवधर रेड्डी ने अधिकारियों को ट्रैफिक से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के तरीकों के बारे में जानकारी दी।

डीजीपी ने कहा कि सरकार नागरिक शासन में सुधार और ट्रैफिक समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दे रही है। डीजीपी ने कहा कि हमने सिद्ध फील्ड अनुभव वाले युवा और गतिशील आईपीएस अधिकारियों को ट्रैफिक की प्रमुख जिम्मेदारियों सौंपी हैं, ताकि जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके।

डीजीपी के अनुसार, यह तबादले हैदराबाद, सायबराबाद, मलकाजगिरी और नवगठित फ्यूचर सिटी पुलिस आयुक्तालयों में ट्रैफिक प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए हैं। हैदराबाद के संयुक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) जोएल डेविस ने कहा कि अधिकारियों से नई योजनाएं तैयार करने, ट्रैफिक प्रवण क्षेत्रों को फिर से डिज़ाइन करने और जाम की समस्या से निपटने के उपायों को लागू करने की उम्मीद की जा रही है। ▶10पर

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नबीन

**नयी दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसियां)।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हो गये। चुनाव अधिकारी डॉ के लक्ष्मण ने इस चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद एक विज्ञप्ति में घोषणा की कि इस पद के लिए केवल एक प्रत्याशी श्री नबीन के ही पर्चे प्राप्त हुए जो वैध पाये गये। श्री नबीन के मंगलवार को औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने की संभावना है। श्री नबीन के पक्ष में नामांकन पत्र के 37 सेट जमा किये गये थे, जो जांच के उपरांत वैध पाये गये। डॉ. लक्ष्मण के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया 36 प्रदेशों में से 30 प्रदेशों में पार्टी अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात प्रारंभ की गयी, ▶10पर




कश्मीर में शूटिंग से उत्साहित निहारिका चौकसे, बोलीं

# अनु-आर्य का प्रपोजल सीक्वेंस होगा यादगार

टीवी एक्ट्रेस निहारिका चौकसे को जीटीवी के लोकप्रिय शो 'तुम से तुम तक' में दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। शो में प्यारी और मासूम अनु का किरदार निभा रही निहारिका ने हाल ही में कश्मीर में हुई शूटिंग को लेकर अपनी खुशी और उत्साह जाहिर किया। यूनिट ने कश्मीर के खूबसूरत लोकेशन पर शूटिंग की, जहां बर्फ से ढके पहाड़, ठंडी हवा और शांत माहौल ने सीन्स को और भी शानदार बना दिया। निहारिका ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, हमारी कश्मीर ट्रिप बहुत अच्छी चल रही है। हम यहां अभी तीन और दिनों के लिए हैं और यह शेड्यूल बहुत खास होने वाला है। इसमें शो के सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले पलों में से एक दिखाया जाएगा यानी अनु (निहारिका) और आर्य (शरद केलकर) का प्रपोजल।


उन्होंने आगे बताया, आने वाले एपिसोड्स में दर्शक अनु को आर्य सर को बचाते हुए देखेंगे। सभी इमोशनल उतार-चढ़ाव के बाद, आर्य सर आखिरकार अपनी फीलिंग्स जाहिर करेंगे और अनु को प्रपोज करेंगे। यह उनकी जर्नी में एक बहुत महत्वपूर्ण और खूबसूरत मोड़ है। पूरी टीम इसे यादगार बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। कश्मीर के बारे में निहारिका ने बताया कि यह उनकी पांचवीं या छठी ट्रिप है। उन्होंने कहा, हर बार जब मैं कश्मीर आती हूं, तो यह उतना ही नया लगता है। कश्मीर सच में मेरी पसंदीदा जगहों में से एक है और धरती पर स्वर्ग जैसा लगता है। बर्फ से ढके पहाड़, ठंडी हवा और शांत माहौल हमारे सीन्स में चार चांद लगा देते हैं।





खाने के बारे में उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, हम लोकल खाने का भी मजा ले रहे हैं और बेशक, मैं बहुत सारी मैगी खा रही हूं। इस ठंड में गर्म कटोरी मैगी का स्वाद बहुत शानदार और सुकून देने वाला होता है। शॉट्स के बीच गर्म चीज पीना और नजारों का मजा लेना बहुत अच्छा लग रहा है।

शो में अनु और आर्य को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। निहारिका ने फैंस से अपील की, मैं अपने सभी फैंस से कहना चाहूंगी कि आपका इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। अनु और आर्य एक साथ आ रहे हैं और प्रपोजल सीक्वेंस बहुत रोमांटिक और इमोशनल होने वाला है। यह शो के सबसे खूबसूरत पलों में से एक होगा, इसलिए इसे मिस न करें और आने वाले एपिसोड्स के लिए बने रहें।



# 2016 के ट्रेंड में डूबे करण जौहर, 'ऐ दिल है मुश्किल' से 'कॉफी विद करण' तक, ताजा कीं यादें



सोशल मीडिया पर इन दिनों 2016 का ट्रेंड जोरों पर चल रहा है। कई यूजर्स अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए उस साल की झलकियां शेयर कर रहे हैं। वहीं, सेलेब्स भी इस ट्रेंड को फॉलो करने से पीछे नहीं हैं। सोमवार को मशहूर निर्देशक करण जौहर ने इस ट्रेंड को फॉलो करते हुए एक पोस्ट शेयर किया। दरअसल, उन्होंने सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2016 की कुछ झलकियां शेयर कीं, जिनमें उस साल के अवॉर्ड शो, उनके पॉपुलर शो 'कॉफी विद करण' के कुछ पल और 'टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में 'इन कन्वर्सेशन विदसेशन' की कुछ झलक शामिल हैं। निर्देशक ने पोस्ट कर लिखा, साल 2016 की इन यादों को दोबारा देखकर मेरा दिल भावुक हो गया। मेरी फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के लिए दोबारा डायरेक्टर की कुर्सी पर बैठना और अपने पसंदीदा लोगों के साथ सेट पर काम करना, इससे बेहतर एहसास कुछ नहीं हो सकता था।

उन्होंने आगे लिखा, कॉफी विद करण सीजन 5 पूरा मस्ती, हंगामा और पागलपन से भरपूर था।

निर्देशक ने अपने पोस्ट में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल के सेशन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह उनके करियर को पीछे मुड़कर देखने और आगे की राह तय करने का बहुत शानदार अनुभव था। साथ ही, यह इंडियाज गॉट टैलेंट में दो जोशीले सितारों के साथ समय बिताना और खासकर शाहिद के साथ 'आईआईएफए अवॉर्ड्स' होस्ट करना भी मेरे लिए काफी यादगार अनुभव रहा था।

'कॉफी विद करण सीजन 5' काफी यादगार था। कई फैंस करण के कमेंट सेक्शन में एपिसोड को याद कर रहे हैं। खासकर तौर पर वे शो में अर्जुन कपूर के स्पेशल अपीयरेंस और कटरीना और अनुष्का के एपिसोड को याद कर रहे हैं।

बता दें कि 2016 का यह नॉस्टैल्जिया सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। करण से पहले यह ट्रेंड मनोरंजन जगत के कई सेलेब्स फॉलो कर चुके हैं। इससे पहले आलिया भट्ट, सोनाक्षी सिन्हा, हुमा कुरैशी समेत कई सेलेब्स फॉलो कर चुके हैं, और आने वाले दिनों में और भी कई सेलेब्स अपनी यादें शेयर कर सकते हैं।



## इश्कां दे लेखे मेरे लिए एक सपना है, जिसे मैंने हर दिन जिया है: ईशा मालवीय

अभिनेत्री ईशा मालवीय अब अपने करियर का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय शुरू करने जा रही हैं। लंबे समय तक अभिनय में मेहनत और तैयारी के बाद, वह अब बड़े पर्दे पर कदम रख रही हैं और अपनी पहली पंजाबी फिल्म 'इश्कां दे लेखे' के जरिए दर्शकों से रूबरू होंगी। उनके लिए यह फिल्म केवल डेब्यू नहीं है, बल्कि उनका एक ऐसा सपना है जिसे उन्होंने हर दिन जिया है। ईशा ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए शब्दों से ज्यादा मायने रखती है। कैमरे के सामने खड़े होना मेरे लिए भावुक भरा अनुभव रहा। यह फिल्म मेरे दिल के करीब है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को भी वही प्यार और ईमानदारी महसूस होगी जो हमने इस फिल्म को बनाते समय महसूस की थी। यह फिल्म एक डेब्यू से कहीं ज्यादा है; यह एक सपना है जिसे मैंने हर दिन जिया है! इस फिल्म में पंजाबी सिनेमा के मशहूर अभिनेता गुरनाम भुल्लर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। वहीं इस फिल्म का निर्देशन मनवीर बरार कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी जस्सी लोहका ने लिखी है।

'इश्कां दे लेखे' एक रोमांटिक प्रेम कहानी है, जो 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।ईशा की बात करें तो, उन्होंने 13 साल की उम्र में मॉडलिंग शुरू की थी। साथ ही कई ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा भी लिया था। साल 2021 में टेलीविजन शो 'उड़ारियां' से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने जैस्मीन का किरदार निभाया था। इस शो में उनके साथ अभिनेता अंकित गुप्ता और प्रियंका चाहर चौधरी भी मुख्य भूमिकाओं में थे। इसके बाद ईशा को साल 2023 में सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 17वें सीजन में देखा गया। अभिनेत्री 'पांव की जुत्ती,' 'पांव की जुत्ती,' और 'शेकी शेकी' जैसे म्यूजिक वीडियो से लोकप्रियता हासिल कर चुकीं हैं। वह 'लवली लोला,' 'पति पत्नी और पंगा,' और 'लाफ्टर शेफ्स' में नजर आईं।

पहला फोटोशूट, पहला फिल्मफेयर और पहला आईफा

## भूमि पेडनेकर ने याद किया 2016 से 2026 तक का सफर

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने दमदार अभिनय और कड़ी मेहनत से एक अलग पहचान बनाई है। छोटे शहर की कहानियों से लेकर सामाजिक मुद्दों पर बनी फिल्मों तक, भूमि ने हर किरदार को ईमानदारी से जीया है। रविवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसके जरिए भूमि ने अपने करियर की शुरुआत से जुड़े खास पलों को याद किया। साथ ही नए साल का स्वागत भी बेहद खास अंदाज में किया। सोशल मीडिया पर चल रहे ट्रेंड '2026 इज द न्यू 2016' को फॉलो करते हुए भूमि पेडनेकर ने अपने जीवन के करीब दस साल पुराने यादगार लम्हों को साझा किया। उन्होंने 2016 के उन पलों की झलक दिखाई, जब उनके सपने नए थे और सफर की शुरुआत हो रही थी। इन तस्वीरों के जरिए भूमि ने दिखाया कि आज जहां वे खड़ी हैं, वहां तक पहुंचने के पीछे कितनी मेहनत, धैर्य और सीख छुपी हुई है। भूमि ने सबसे पहले अपनी 2017 की फिल्म 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा' के सेट पर बिताए पहले दिन को याद किया। यह वही फिल्म थी जिसने उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में पहचान दिलाई। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार थे। उन्होंने उस दौर की तस्वीरें साझा कर बताया कि कैसे एक नई अभिनेत्री होने के बावजूद उनके दिल में बड़े सपने थे।

इसके अलावा भूमि ने अपने पहले प्रोफेशनल फोटोशूट, पहली बार फिल्मफेयर अवॉर्ड समारोह में शामिल होने और अपने पहले मैगजीन कवर की झलक भी दिखाई। उन्होंने उस समय को भी याद किया जब उन्होंने फिटनेस को गंभीरता से लिया और पाइलेट्स के जरिए अपने शरीर में बदलाव लाईं। भूमि ने बताया कि यह बदलाव सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी उनके लिए बेहद जरूरी था।

भूमि पेडनेकर ने अपने पोस्ट में अपने करीबी दोस्तों, परिवार और उन लोगों का भी जिक्र किया जिन्होंने उनके शुरुआती दिनों में उनका साथ दिया। उन्होंने अपने मेंटर्स को अपना 'गॉड मदर्स' कहा और आभार जताया। साथ ही उन्होंने उस पल को भी याद किया जब वे स्पेन गई थीं और वहां उन्हें अपना पहला आईफा अवॉर्ड मिला था। यह उपलब्धि उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसी थी। काम की यादों के साथ-साथ भूमि ने नए साल 2026 के जश्न की झलक भी शेयर की। उन्होंने यह साल अपने परिवार और दोस्तों के साथ, प्यार, उम्मीद और स्वादिष्ट खाने के बीच शुरू किया। भूमि ने कैप्शन में लिखा कि उन्होंने नया साल उन लोगों के साथ मनाया जिन्हें वे दिल से प्यार करती हैं।

# सूर्य-मंगल बना रहे आदित्य मंगल योग के प्रभाव से मेष मिथुन सहित अन्य राशियों होगा आर्थिक लाभ

आज यानी 20 जनवरी, मंगलवार को सूर्य और मंगल की युति होने से आदित्य मंगल योग बन रहा है। वैदिक ज्योतिष में इसे शुभ और मंगलकारी योग माना जाता है। सूर्य और मंगल के एक साथ आने से व्यक्ति करियर में सफलता और आकस्मिक धन लाभ मिलता है। इसके अलावा सेना, पुलिस, इंजीनियरिंग और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए यह वरदान साबित होने वाला है। आदित्य मंगल योग के प्रभाव से मेष, मिथुन सहित कई राशि के जातकों को जबरदस्त लाभ होने के संकेत मिल रहे हैं। मेष राशि के जातकों की निर्णय लेने की छमता मजबूत होगी। मिथुन राशि वालों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। जबकि सिंह राशि को आर्थिक लाभ और मान सम्मान मिलेगा।

**मेष राशि –** मेष राशि के जातकों की रुचि जप-तप, यज्ञ और भगवान की भक्ति में अधिक रहेगी। आज सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे। आज आपके अच्छे कार्यों से आपका व आपके परिवार का गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा। सायंकाल से अर्धरात्रि तक स्वास्थ्य आपको परेशान कर सकता है।

**वृष राशि –**वृष राशि के जातकों को संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण और उनकी सफलता से हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें कोई विशेष सफलता मिलेगी। नौकर-चाकर व सांसारिक सुख भोगों का विस्तार होगा। आमदनी के नए मार्ग बनेंगे। सायं काल से रात्रि तक का समय देव दर्शन और पुण्य कार्यों पर व्यतीत होगा।

**मिथुन राशि –**मिथुन राशि वालों के ऊपर अगर कोई मुकदमा या कोई अन्य पूछताछ चल रही है तो आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा व हानि होगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से अधिकारों में वृद्धि हो सकती है। रात्रि का समय गाने बजाने और मौज मस्ती में व्यतीत होगा।



**कर्क राशि –**कर्क राशि के लोगों के लिए करियर में प्रमोशन का दिन है। इसके अतिरिक्त आज आप अपनी वाक्पटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे। नेत्र विकारों से परेशानी में कमी आएगी। निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा। रात्रि में अधिक तीखा भोजन न करें। यह आपके स्वास्थ्य को खराब कर सकता है।

**सिंह राशि –** सिंह राशि के व्यापारी लोगों को व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरी पेशा लोगों के अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक आप सामाजिक कार्य तथा भोग विलास में लिप्त रहेंगे। क्षमता से अधिक धन प्राप्त होने के कारण आप में अभिमान भर जाएगा।

**कन्या राशि –**कन्या राशि के जातकों के अधिकारों में वृद्धि के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शान शौकत के लिए आप धन खर्च कर सकते हैं। आप दूसरों की भलाई व सेवा मन लगाकर दिल से करते रहे हैं। इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा। रात्रि में आपकी रुचि दूध, दही एवं मिष्ठान में बढ़ेगी।नराशि स्वामी तृतीय अस्त है स्वास्थ्य को खराब कर सकता है।

**तुला राशि –**तुला राशि वालों को काफी सोच विचार कर काम करने के उपरान्त भी नुकसान होने की संभावना रहेगी। अकस्मात् कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के कामों से दूर रहें। सायंकाल से लेकर रात्रि तक भी छोटे-मोटे कष्ट व मान हानि की संभावना बनी रहेगी। इस दौरान वायु विकार से शारीरिक परेशानी बढ़ सकती है।

**वृश्चिक राशि –** वृश्चिक राशि के जातकों को किसी बहुमूल्य वस्तु से लाभ होने की संभावना रहेगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो पद एवं अधिकारों में वृद्धि होगी। आप के साहस एवं पराक्रम के सामने शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक आपकी रुचि तप-यज्ञ एवं ईश्वरीय ज्ञान की ओर बढ़ेगी। नौकर चाकरों का सुख पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

**धनु राशि –** धनु राशि के लिए दिन गुरु के प्रति निष्ठा एवं भक्ति भाव पूर्ण रहेगा। इस समय में अध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपकी बुद्धि विवेक नए-नए खोज करने में लगेगी। ऐसे में रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। सायंकाल में अकस्मात् संतान कष्ट होने का योग है। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास करेंगे सावधान रहें।

**मकर राशि –**मकर राशि के जातकों की शारीरिक शक्ति एवं उत्साह अधिक रहेगा। हालांकि, ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आयेंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपका प्रमोशन रुका हुई है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगा। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। सायंकाल और रात्रि में शुभ व्यय तथा कीर्ति में वृद्धि होगी। शीघ्रगामी वाहनों से सतर्क रहें।

**कुंभ राशि –** कुंभ राशि के लोगों को धैर्य से काम लेना होगा। जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि होने की संभावना रहेगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नए-नए कार्यों में विनिमय करना पड़े तो अवश्य करें। आगे चलकर लाभ होगा। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**मीन राशि –**मीन राशि के जातक स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे। पाचन क्रिया मंद एवं पेट में वायु विकार संबंधित कष्ट हो सकता है। यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपके साहस एवं पराक्रम से आपका आत्म विश्वास बढ़ेगा।

# बाल बेचना क्यों माना जाता है अशुभ? जानिए ज्योतिष शास्त्र की चेतावनी



कभी न कभी आपने अपने मोहल्ले या कॉलोनी में साइकिल पर घूमते हुए बाल खरीदने वालों को जरूर देखा होगा। ये लोग कटे या टूटे बालों के बदले पैसे या कोई सामान देने की पेशकश करते हैं। कई लोग इसे सामान्य लेन-देन समझकर अपने या परिवार के सदस्यों के बाल बेच देते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ज्योतिष शास्त्र में बाल बेचना बेहद अशुभ माना गया है?

**बालों से जुड़ी होती है व्यक्ति की ऊर्जा**

धार्मिक और तांत्रिक मान्यताओं के अनुसार, व्यक्ति की आभा शक्ति, यानी सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा, उसके बालों में विद्यमान होती है। बालों के माध्यम से किसी व्यक्ति की आत्मिक ऊर्जा तक पहुँचना संभव माना जाता है। यही कारण है कि तांत्रिक क्रियाओं में बालों का विशेष उपयोग किया जाता है। माना जाता है कि तांत्रिक लोग इन बालों के जरिए

तांत्रिक सिद्धियाँ प्राप्त करते हैं, अपनी शक्तियों को बढ़ाते हैं। किसी व्यक्ति पर प्रभाव डालने का प्रयास करते हैं। इसीलिए बिना सोचे-समझे किसी अजनबी को अपने बाल देना या बेचना खतरनाक माना गया है।

**चंद्र और शुक्र ग्रह से होता है बालों का संबंध**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बालों का सीधा संबंध चंद्र ग्रह और शुक्र ग्रह से होता है।

चंद्र ग्रह मन, मानसिक शांति और भावनाओं का कारक है। शुक्र ग्रह सौंदर्य, सुख, प्रेम और वैवाहिक जीवन का प्रतीक माना जाता है। जिन लोगों की कुंडली में चंद्र और शुक्र मजबूत होते हैं, उन्हें जीवन में सफलता, सुख-समृद्धि, अच्छा स्वास्थ्य, आकर्षक व्यक्तित्व प्राप्त होता है। लेकिन जो लोग अपने बाल बेच देते हैं,

उनकी कुंडली में चंद्र और शुक्र ग्रह कमजोर हो सकते हैं, जिससे जीवन में कई परेशानियां आने लगती हैं।

**बाल बेचने से जीवन पर पड़ते हैं नकारात्मक प्रभाव**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बाल बेचने से व्यक्ति के जीवन में निम्नलिखित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं:

मानसिक तनाव और बेचैनी बनी रहती है, रिश्तों में कड़वाहट और दूरियां बढ़ती हैं, त्वचा और बालों से जुड़ी समस्याएं होती हैं, अत्यधिक बाल झड़ने लगते हैं, धन की कमी और आर्थिक परेशानियां आती हैं, मां के साथ संबंध प्रभावित होते हैं, मन हमेशा उदास और अशांत रहता है

**क्या करें कटे बालों का?**

ज्योतिष शास्त्र में सलाह दी जाती है कि कटे हुए बालों को बहते जल में प्रवाहित करें। मिट्टी में दबा दें या किसी पवित्र स्थान पर उचित विधि से नष्ट करें

लेकिन उन्हें बेचना या किसी अजनबी को देना उचित नहीं माना गया है।

# घर में टॉयलेट बनवाते समय न करें ये भूल, जानें जरूरी वास्तु नियम

वास्तुशास्त्र में घर के हर एक कोने का खास महत्व होता है। घर के सही या गलत वास्तु का प्रभाव सीधा हमारे जीवन और घर के माहौल पर पड़ता है। माना जाता है कि वास्तु के अनुसार घर होने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है और तरक्की प्राप्त होती है। वास्तुशास्त्र में शौचालय का सही स्थान और दिशा में होना आवश्यक माना जाता है। अगर इससे जुड़े वास्तु नियमों का ख्याल न रखा जाए तो घर में नकारात्मकता बढ़ सकती है और गरीबी गले पड़ सकती है। साथ ही, परिवार के सदस्यों की परेशानी बढ़ने लगती है। ऐसे में घर में सकारात्मकता और बरकत बनाए रखने के लिए शौचालय बनवाते समय वास्तु के नियमों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। आइए विस्तार से जानते हैं कि घर में टॉयलेट बनवाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**किस दिशा में होना चाहिए टॉयलेट?**

वास्तुशास्त्र के अनुसार टॉयलेट सही दिशा में होना बेहद आवश्यक होता है। ऐसे में कभी भी टॉयलेट उत्तर-पश्चिम या दक्षिण पूर्व दिशा की ओर बनवाना चाहिए। सही दिशा में टॉयलेट बनवाने



से घर में सकारात्मकता बनी रहती है। साथ ही, बरकत बढ़ती है और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

**टॉयलेट किस दिशा में नहीं बनवाना चाहिए?**

भूलकर भी टॉयलेट को ईशान कोण में नहीं बनवाना चाहिए। ऐसा करने से गरीबी गले पड़ सकती है और परिवार के सदस्यों को एक के बाद एक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ईशान कोण को देवताओं का स्थान माना गया है। यही कारण है कि वास्तु के अनुसार ईशान कोण में टॉयलेट या बाथरूम बनवाना सही नहीं माना जाता है।

**टॉयलेट बाथरूम में इस जगह न लगवाएं शीशा**

वास्तु के अनुसार घर के बाथरूम या टॉयलेट के दरवाजे के सामने कभी भी शीशा नहीं लगवाना चाहिए। ऐसा करना शुभ नहीं माना जाता है। मान्यता है कि इससे घर में नकारात्मकता पढ़ सकती है और परिवार के सदस्यों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं कभी भी बाथरूम में खाली बाल्टी नहीं रखनी चाहिए। उसे हमेशा भरकर रखना चाहिए। अगर बाल्टी खाली हो तो उसे पलटकर रखना सही माना जाता है।

**टॉयलेट का दरवाजा कभी न रखें खुला**

घर में टॉयलेट या बाथरूम के दरवाजे को कभी भी खुला नहीं रखना चाहिए। वास्तुशास्त्र के अनुसार, इस स्थान पर सबसे ज्यादा नकारात्मक ऊर्जा होती है। ऐसे में दरवाजा खुला रखने से घर में नकारात्मकता फैल सकती है। यही कारण है कि टॉयलेट के गेट को हमेशा बंद रखना चाहिए। अन्यथा इसका प्रभाव करियर पर भी पड़ सकता है।

**टॉयलेट में जरूर बनवाएं खिड़की**

आजकल अधिकतर लोग टॉयलेट और बाथरूम अटैच बनवाते हैं। ऐसे में इस बात का ध्यान रखें कि उसमें एक खिड़की अवश्य होगा। इससे नकारात्मक ऊर्जा बाहर निकलती है। हालांकि, खिड़की बनवाते समय दिशा का ख्याल जरूर रखें। वास्तु के अनुसार टॉयलेट की खिड़की उत्तर, पूर्व या पश्चिम की ओर खुलनी चाहिए।

**टॉयलेट की सफाई का रखें ध्यान**

माना जाता है कि टॉयलेट की साफ-सफाई का सबसे ज्यादा ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि इसी स्थान पर सबसे अधिक नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह रहता है। ऐसे में इसका प्रभाव परिवार के सदस्यों पर भी पड़ सकता है। ऐसे में काम पूरा हो जाने के पश्चात पानी को जरूर सूखने देना चाहिए। साथ ही, टॉयलेट व बाथरूम में नीला रंग रखना शुभ माना जाता है। इससे घर में खुशहाली और समृद्धि बनी रहती है।

# बसंत पंचमी पर राजयोग का महासंयोग, कर्क समेत निम्न राशियों को होगी देवी सरस्वती की कृपा

बसंत पंचमी पर इस बार ग्रहों का बहुत ही शुभ संयोग बन रहा है। बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी को मनाया जाएगा। इस बार बसंत पंचमी पर एक साथ 5 राजयोग का संयोग बनने वाला है। इस समय मकर राशि में एक साथ चार ग्रह गोचर कर रहे हैं बुध, शुक्र, सूर्य और मंगल एक साथ मकर राशि में गोचर करते हुए राजयोग बना रहे हैं। बुध और सूर्य की युति से बुधादित्य राजयोग, शुक्र और बुध की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग, मंगल इस समय अपनी उच्च राशि मकर में मौजूद है। जिससे रूचक राजयोग बना है। वहीं बसंत पंचमी पर चंद्रमा मीन राशि में गोचर करेंगे और गुरु मिथुन राशि में गोचर कर रहे हैं दोनों एक दूसरे से केंद्र भाव में रहकर गजकेसरी राजयोग बनाएंगे। वहीं, इस दिन शिवयोग के संयोग भी बनेगा। बसंत पंचमी पर बने ग्रहों के इस शुभ योग से कर्क, मीन सहित 5 राशियों की किस्मत चमकने वाली है। इन राशियों को धन संपत्ति का लाभ तो मिलेगा ही ज्ञान और समाज में मान सम्मान मिलेगा।




**कर्क राशि मिलेगा भाग्य का साथ**

कर्क आपकी राशि के स्वामी चंद्रमा गुरु के साथ मिलकर गजकेसरी राजयोग बना रहे हैं और आपके 9वें भाव में यब राजयोग बन रहा है। ऐसे में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अब आपके ज्ञान में वृद्धि होगी। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए यह समय विशेष फलदायी रहेगा। उन्हें मान सम्मान तो मिलेगा। ही साथ ही उनकी किस्मत पूरी तरह उनका साथ देगी। आपको पिता का साथ मिलेगा। पैतृक संपत्ति से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। साथ आपका ध्यान अब अध्यात्म की तरफ आपका रुझान अधिक रहने वाला है। आपको अब अपने काम के लिए एक नई पहचान मिलेगी।

**उपाय :** पीली वस्तुओं का दान करें

**कन्या राशि को मिलेगा मेहनत का फल**

कन्या राशि के स्वामी बुध आपके पंचम भाव में बैठकर आपको लाभ दिलाएंगे। इस समय आपको मानसिक सुकून मिलेगा। अब आप खुद को संतुष्ट और तनाव से मुक्ति महसूस करेंगे। साथ ही संतान की तरफ से कोई सुखद समाचार भी आपको मिल सकता है। जिसका इंतजार आप काफी लंबे समय से कर रहे थे। जो लोग क्रिएटिव फिल्ड से जुड़े हैं उन्हें लाभ मिल सकता है। साथ ही आपको अपने पुरानी मेहनत का लाभ आपको अब मिलेगा।

**उपाय :** भगवान गणेश को दूर्वा अर्पित करें।

**धनु राशि मिलेगा धन लाभ**

इस समय धनु राशि के जातकों पर गुरु की दृष्टि है। साथ ही राशि स्वामी गुरु की सप्तम दृष्टि आपकी राशि पर रहेगी और राशि से द्वितीय भाव में बुधादित्य, लक्ष्मी नारायण और रुचक राजयोग बना है। ऐसे में धनु राशि के लोगों को लाभ मिलने की अच्छी संभावनाएं हैं। आप इस अवधि में अच्छा धन लाभ हासिल कर लेंगे। साथ ही अपनी वाणी के बल पर आप लोगों के मन आसानी से जीत लेंगे। साथ ही आज आपके लिए आय के नए स्रोत भी बन सकते हैं।

**उपाय :** केले और चने की दाल का दान करें।

**मकर राशि मिलेगा धन संपत्ति का सुख**

मकर राशि में ही एक साथ बुधादित्य, लक्ष्मी नारायण राजयोग और रुचक राजयोग बन रहा है। ऐसे में मकर राशि के लोगों को ज्ञान की प्राप्ति होगी साथ ही धन संपत्ति के सुख भी मिल सकता है। जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं उन्हें इस अवधि में सफलता मिल सकती है। जो लोग कोई नया काम शुरू करने का मन बना रहे हैं। उनके लिए भी यह समय विशेष लाभकारी रहेगा। इस अवधि में शुरू किए गए काम से आपको अच्छा लाभ मिल सकता है।

**उपाय :** सुंदरकांड का पाठ नियमित करें

**मीन राशि मिलेगा मेहनत का पूरा फल**


मीन राशि में चंद्रमा गोचर करेंगे और गुरु के साथ केंद्र भाव में रहकर गजकेसरी राजयोग का निर्माण करेंगे। ऐसे में गजकेसरी राजयोग से मीन राशि के लोगों को चौतरफा लाभ मिलेगा। आपके जो भी काम पिछले काफी समय से अटके हुए थे। अब वह धीरे धीरे पूरे होंगे और आपको मान सम्मान और धन प्राप्ति होगी। आपको अब अपनी क्षमताओं से लाभ मिलने की प्रबल संभावनाएं हैं। नौकरीपेशा लोगों को अब अपनी मेहनत का फल मिलेगा।

**उपाय :** गुरुवार को चने की दाल का दान करें।

# बेडरूम में भूलकर भी न रखें ये चीजें

## पति-पत्नी का रिश्ता हो सकता है खराब

वास्तु शास्त्र में घर के बेडरूम बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इसका सीधा असर पति-पत्नी के संबंधों और आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। घर का बेडरूम वह स्थान है जहां व्यक्ति दिनभर की थकान मिटाता है। कई बार हम अनजाने में कुछ चीजें बेडरूम में इधर-उधर रख देते हैं, जिसका गहरा असर हमारे जीवन पर पड़ता है। माना जाता है कि ये चीजें आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती हैं और धन-संपत्ति से जुड़ी परेशानियां सामने आने लगती हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, रात के समय बेडरूम में कुछ वस्तुओं का होना आर्थिक परेशानियों को बढ़ाता है। आइए जानते हैं कि रात को सोते समय कौन सी चीजों को बेडरूम से दूर रखना चाहिए।



**बेडरूम में फटे-पुराने कपड़े**

सबसे पहले बात करते है कपड़ों की। वास्तु शास्त्र के अनुसार, फटे-पुराने कपड़ों को घर में रखना अशुभ माना जाता है। यह कपड़े नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं और में आर्थिक रुकावट पैदा करते हैं। इसलिए बेडरूम में ऐसे कपड़े जो इस्तेमाल के लायक ना हो उन्हें बाहर निकाल देना चाहिए। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भी घर में फटे-पुराने कपड़े रखने से लक्ष्मी दूर चली जाती है।

**बेडरूम में जूते-चप्पल**

अकसर लोग जूते-चप्पल पहनकर ही घर के अंदर चले जाते हैं। जूते-चप्पल बेडरूम में रखना वास्तु दोष माना गया है। इससे पति-पत्नी के संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और दोनों के बीच तनाव पैदा होने लगता है। यह आर्थिक रुकावट का कारण भी बनते हैं। इस लिए जूते-चप्पल को घर के बाहर ही रखना चाहिए।

**बेडरूम में इलेक्ट्रॉनिक सामान**

वास्तु शास्त्र में मोबाइल, लैपटॉप, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बेड के पास रखना भी आर्थिक समस्याओं का कारण माना जाता है। इन उपकरणों से नकारात्मक ऊर्जा और रेडिएशन निकलती है, जो नींद की कमी और मानसिक अशांति पैदा करती है। इस लिए बेहतर होगा कि सोते समय सभी उपकरण बंद कर दें।

**बेडरूम में भगवान की मूर्ति**

बेडरूम में भगवान की तस्वीर या मूर्ति रखना वास्तु दोष माना जाता है। पूजा के स्थान को हमेशा घर के पूजा कक्ष में ही रखना चाहिए। घर का बेडरूम सोने और पति-पत्नी के निजी पलों के लिए होता है। बेडरूम में भगवान की मूर्ति या धार्मिक ग्रंथ रखने से घर में विपरीत स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।

**बेडरूम में शीशे का गलत प्रयोग**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेडरूम में बिस्तर के सामने कभी आईना नहीं लगाना चाहिए। अगर आईना लगा भी है तो रात में उसे ढक देना चाहिए। वास्तु के अनुसार बेडरूम में लगा आईना रिश्तों पर बुरा असर डाल सकता है। यह मानसिक अशांति और वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ता है।

खबरें जो सोच बदल दे शुभ लाभ

संपादकीय

## बहुमत के बावजूद सियासत

**महाराष्ट्र** के नगर निगम चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व और प्रचंड जनादेश मिला है। एक तरफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में पुरानी शिवसेना का वर्चस्व और शासन समाप्त किया है, तो दूसरी तरफ पुणे में शरद पवार के परंपरागत गढ़ को ध्वस्त किया है। पवार अब न तो 'चाणक्य' रहे हैं और न ही राजनीतिक तौर पर प्रासंगिक रहे हैं। उनका राजनीतिक युग समाप्त हो चुका है। महाराष्ट्र नगर निगम के कुल 2869 में से 1440 वार्ड में भाजपा के पार्षद विजयी रहे हैं, लिहाजा कुल 29 नगर निगमों में से 25 में भाजपा के मेयर सत्तारूढ़ हो सकते हैं। भाजपा ने भी ऐसे जनादेश की कल्पना नहीं की थी। महत्वपूर्ण यह रहा कि ये चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के बड़े नेताओं के प्रचार के बिना ही लड़े गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ही चौतरफा नेतृत्व किया और परिणाम सामने है। जाहिर है कि फडणवीस का भाजपा के भीतर राजनीतिक कद बढ़ेगा। बहरहाल जनादेश की दृष्टि से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस भाजपा से कई गुना पीछे रह गई हैं। सबसे शानदार और उल्लेखनीय जीत बीएमसी की रही है, लिहाजा अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भाजपा का मेयर (महापौर) होना चाहिए। लेकिन अकेली भाजपा के 89 पार्षदों के बावजूद बीएमसी में बहुमत नहीं है। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) ने 'महायुति' वाले गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ा था। शिवसेना के 29 पार्षद जीते हैं। साझा गठबंधन को सदन में 118 पार्षदों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल है। सत्ता से बाहर हो रही शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की 'मनसे' ने 20 साल बाद गठबंधन में चुनाव लड़ा था। उन्हें 71 पार्षद मिले हैं। मराठी मानुष, मराठा, मराठी भाषा के प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया। अब मराठा सियासत के कई साझेदार हो गए हैं, जिनमें भाजपा और शिंदे सेना भी शामिल हैं। बेशक ठाकरे घराने की चुनावी पराजय हुई है, लेकिन पार्टी संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की विरासत अब भी अस्तित्व में है। बल्कि वह बीएमसी में सत्ता के समीकरण बदल भी सकती है। इतिहास खुद को दोहराता-सा लग रहा है। भाजपा-पुरानी शिवसेना ने विधानसभा चुनाव गठबंधन के साथ ही लड़ा था। गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट बहुमत भी था, लेकिन उद्धव ठाकरे की मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल थी कि उन्होंने अढाई-अढाई साल के मुख्यमंत्री की मांग की। बल्कि पहला अवसर शिवसेना को देने का भी आग्रह किया। हालांकि भाजपा के 104 विधायक जीत कर आए थे और वह सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन शिवसेना के 55-56 विधायक ही थे। सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक भूख यहां तक बढ़ी कि उद्धव ने कांग्रेस और संगठित एनसीपी के साथ 'महाविकास अघाड़ी' गठबंधन बनाया और मुख्यमंत्री बन गए। भाजपा ने एकनाथ शिंदे के जरिए न केवल शिवसेना को दोफाड़ किया, बल्कि उद्धव की सरकार भी गिरवा दी। लगभग उसी तरह अब उपमुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना के 29 पार्षदों को 'ताज होटल' में, गहरे पहरे के साथ, रखा गया है। पार्षदों में से ही आवाज उभरी है कि मुंबई का मेयर अढाई-अढाई साल का होना चाहिए। सियासत यहीं से आरंभ होती है। यदि शिवसेना किसी भी स्थिति में भाजपा के पंचसाला मेयर के लिए तैयार नहीं हुई, तो क्या शिंदे की शिवसेना घर-वापसी करते हुए उद्धव की शिवसेना के साथ कोई समझौता कर सकती है? हालांकि उद्धव का साफ कहना है कि जिन्होंने हमारी पार्टी तोड़ी थी, उनके लिए हमारे दरवाजे बिल्कुल बंद हैं, लेकिन उन्हीं के सांसद प्रवक्ता संजय राउत ने धमकी वाला बयान दिया है कि भाजपा-शिवसेना के बीएमसी में 4 पार्षद ही बहुमत से अधिक हैं, लिहाजा कभी भी तख्तापलट किया जा सकता है। हमारा मानना है कि शिंदे भाजपा के खिलाफ जाने का फिलहाल जोखिम नहीं उठाएंगे, क्योंकि भाजपा उनके इलाकों में भी ताकतवर बनकर उभरी है। दरअसल बीएमसी देश की सबसे अमीर महानगरपालिका है। बीएमसी की सत्ता भाजपा किसी भी कीमत पर हासिल करना चाहेगी।

> भाजपा ने भी ऐसे जनादेश की कल्पना नहीं की थी। महत्वपूर्ण यह रहा कि ये चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के बड़े नेताओं के प्रचार के बिना ही लड़े गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ही चौतरफा नेतृत्व किया और परिणाम सामने है। जाहिर है कि फडणवीस का भाजपा के भीतर राजनीतिक कद बढ़ेगा। बहरहाल जनादेश की दृष्टि से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस भाजपा से कई गुना पीछे रह गई हैं। सबसे शानदार और उल्लेखनीय जीत बीएमसी की रही है, लिहाजा अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भाजपा का मेयर (महापौर) होना चाहिए। लेकिन अकेली भाजपा के 89 पार्षदों के बावजूद बीएमसी में बहुमत नहीं है। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) ने 'महायुति' वाले गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ा था। शिवसेना के 29 पार्षद जीते हैं। साझा गठबंधन को सदन में 118 पार्षदों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल है। सत्ता से बाहर हो रही शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की 'मनसे' ने 20 साल बाद गठबंधन में चुनाव लड़ा था। उन्हें 71 पार्षद मिले हैं। मराठी मानुष, मराठा, मराठी भाषा के प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया।

### चालू वित्त वर्ष में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में प्रभावी वृद्धि हुई

# राहत और सुधार का होगा नया बजट

डा. जयंती लाल भंडारी

**इन** दिनों पूरे देश की निगाहें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की ओर लगी हुई है। सीतारमण का यह नौवां बजट होगा। उम्मीद की जा रही है कि यह बजट एक ऐसा ऐतिहासिक बजट होगा, जिसमें 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण से खपत और व्यय बढ़ाकर विकास दर बढ़ाने, गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई), हरित ऊर्जा और आर्थिक सुधारों पर बड़े ऐलान दिखाए देंगे। साथ ही वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और 7.5 फीसदी विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वित्त मंत्री सीतारमण के समक्ष वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करते समय चुनौतियों की श्रृंखला सामने रही है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में ट्रंप टैरिफ की चुनौती का अमेरिका को होने वाले देश के निर्यात पर प्रतिकूल असर हुआ है। वैश्विक परिदृश्य पर मौजूद सैन्य संघर्ष और आर्थिक गुटबाजी की चुनौतियों का भी देश की जीडीपी पर असर हुआ है। अब वर्ष 2026-27 में राज्यों के साथ संसाधनों के बंटवारे को लेकर सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों को लागू किए जाने पर भी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव होगा। इन चुनौतियों के बावजूद इस समय वित्त मंत्री सीतारमण की मुठ्ठियों में विभिन्न वर्गों को राहत देने और विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए प्रभावी आवंटन हेतु कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है। चालू वित्त वर्ष के तहत 7.4 फीसदी विकास दर प्राप्ति के संकेत अच्छे आर्थिक परिदृश्य के प्रतीक हैं। चालू वित्त वर्ष में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में प्रभावी वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण 17 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 8 फीसदी से भी ज्यादा है। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री आगामी वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12 से 12.5 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंचाते हुए दिखाई देंगी। वित्त मंत्री आगामी बजट के तहत गरीब, युवा, महिलाएं, किसानों और मध्यम वर्ग के कल्याण के नए उपायों के साथ विकास योजनाओं पर भी अपने आवंटन को बढ़ाते हुए दिखाई दे सकती हैं। नए बजट में महिलाओं के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड, ऋण तथा बीमा प्लान की घोषणाएं हो सकती हैं। नए बजट में वित्त मंत्री रोजगार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने,




ग्रामीण विकास, सिंचाई तथा वेयरहाउसिंग संबंधी प्रोत्साहन, पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाने, रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को प्रोत्साहन, डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने, पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना तथा स्वच्छ ऊर्जा के लिए अधिक आवंटन करते हुए दिखाई दे सकती हैं। प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना की शुरुआत संभावित है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण पर अधिक आवंटन संभावित है। सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश, रेलवे, शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार और क्षमता संवर्धन के साथ दीर्घावधि वृद्धि को बनाए रखने, वैश्विक क्षमता निर्माण और एकीकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में मिशन मोड के नए सुधार नए बजट के माध्यम से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेंगे। साथ ही आगामी बजट के माध्यम से वित्त मंत्री सीतारमण तेज विकास के लिए जरूरी और वित्तीय सुधारों को लागू करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने संबंधी बुनियादी रणनीतियां प्रस्तुत करते हुए दिखाई देंगी। यह भी संभावना उभरकर दिखाई दे रही है कि आगामी बजट में वित्त मंत्री युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों से सजाते हुए दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री सीतारमण नए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत उधार की सीमा बढ़ाने और खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए आपूर्ति संबंधी नए कदमों के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री तेज रोजगारोन्मुखी निर्यात क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर नए रोजगार अवसरों को निर्मित कर सकती हैं। माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (एमएफआई) को मजबूत बनाने के लिए विशेष फंड बनाने, विकसित भारत के लक्ष्य के मद्देनजर डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए प्रोत्साहन के प्रावधान तथा रक्षा क्षेत्र के लिए अधिक आवंटन दिखाई दे सकता है। इस समय चीन, पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश से भी बाहरी सुरक्षा को खतरे बढ़े हैं, ऐसे में सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक धन की जरूरत स्पष्ट दिखाई दे रही है। विभिन्न क्षेत्रों की उत्पादकता को बेहतर करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका भी नए बजट के माध्यम से प्रभावी बनाई जाने की संभावनाएं हैं। इसके अलावा वित्त मंत्री अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से प्रभावित निर्यात क्षेत्रों को भी राहत देने के मद्देनजर नए निर्यात प्रोत्साहनों की डगर पर भी आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी। निश्चित रूप से वित्त मंत्री सीतारमण मजबूत वित्तीय मुठ्ठी से आयकर के नए और पुराने दोनों टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं व मध्यम वर्ग को अभूतपूर्व राहतों से लाभान्वित कर सकती हैं। वित्त मंत्री आगामी बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से आयकरदाता और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री कर सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकती हैं। सरकार वित्त वर्ष 2026-27 के आम बजट में सीमा शुल्क के लिए माफी योजना की घोषणा कर सकती है ताकि पुराने विवादित मामलों का निपटारा अवश्य ही किया जा सके। आगामी बजट 2026-27 इसलिए भी खास है, क्योंकि यह पुराने टैक्स युग से नए टैक्स युग की दहलीज पर खड़ा बजट है। सरकार 1 अप्रैल 2026 से करीब 60 साल पुराने टैक्स कानून की जगह नया इनकम टैक्स कानून 2025 लागू करने जा रही है। साथ ही नई श्रम संहिताएं भी आगामी वित्तीय वर्ष में लागू होने जा रही हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वर्ष 2026-27 का बजट कोई साधारण वार्षिक बजट नहीं होगा, यह बजट देश के आर्थिक परिदृश्य को एक ऐतिहासिक मोड़ देने वाला बजट होगा। वर्ष 2026-27 बजट के द्वारा वित्त मंत्री को मध्यम वर्ग की वर्षों पुरानी क्रयशक्ति बढ़ने की अपेक्षाओं, निवेशकों की आकांक्षाओं और सरकार की राहत के साथ तेज विकास की रणनीति के मद्देनजर संतुलित, दूरदर्शी और संवेदनशील बजट के लिए सूझबूझ पूर्ण तालमेल के साथ आगे बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि एक फरवरी को वित्त मंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2026-27 का बजट आम आदमी के लिए राहत, बाजार के लिए रफ्तार और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट होगा। उम्मीद करें कि यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्त मंत्री 2026-27 के तहत राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 फीसदी तक लाने के लक्ष्य के मद्देनजर राजकोषीय अनुशासन का पालन करते हुए भी दिखाई देंगी।

> वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और 7.5 फीसदी विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वित्त मंत्री सीतारमण के समक्ष वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करते समय चुनौतियों की श्रृंखला सामने रही है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में ट्रंप टैरिफ की चुनौती का अमेरिका को होने वाले देश के निर्यात पर प्रतिकूल असर हुआ है। वैश्विक परिदृश्य पर मौजूद सैन्य संघर्ष और आर्थिक गुटबाजी की चुनौतियों का भी देश की जीडीपी पर असर हुआ है। अब वर्ष 2026-27 में राज्यों के साथ संसाधनों के बंटवारे को लेकर सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों को लागू किए जाने पर भी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव होगा।

देश दुनिया से

## भारत सचमुच अपने फैसले स्वयं ले रहा

**किसी** भी राष्ट्र की मजबूती उसके सैन्य बजट, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दिए गए भाषणों या विदेशी नेताओं के साथ खिंचवाई गई तस्वीरों से नहीं मापी जाती। असली ताक़त इस बात में निहित होती है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप कितनी स्वतंत्रता से निर्णय ले पाता है। भारत आज खुद को "मजबूत राष्ट्र", "विश्वगुरु" और "उभरती वैश्विक शक्ति" के रूप में प्रस्तुत कर रहा है, पर मूल प्रश्न यही है: क्या भारत सचमुच अपने फैसले स्वयं ले रहा है, या वैश्विक शक्तियों के संकेतों के अनुरूप अपने कदम समायोजित कर रहा है? विदेश नीति किसी भी राष्ट्र के आत्मसम्मान और संप्रभुता का सबसे स्पष्ट दर्पण होती है; यहीं तय होता है कि वह किन देशों से मित्रता करेगा, किससे दूरी बनाए रखेगा, और किन शर्तों पर वैश्विक व्यवस्था में भागीदारी करेगा। भारत ने दशकों तक गुटनिरपेक्षता और बाद में **रणनीतिक** स्वायत्तता के नाम पर यही संदेश दिया कि वह किसी भी शक्ति-गुट का स्थायी अनुयायी नहीं, बल्कि अपने हितों के अनुसार साझेदारी करने वाला स्वतंत्र खिलाड़ी है। शीतयुद्ध के दौर में भारत ने अमेरिका और सोवियत संघ, दोनों से संबंध रखते हुए भी औपचारिक सैन्य गठबंधनों से दूरी बनाए रखी; इसी रुख ने नव-स्वतंत्र एशियाई और अफ्रीकी देशों के लिए उसे एक वैचारिक प्रेरणा बनाया। नई सदी में, खासकर पिछले कुछ वर्षों में, यह संतुलन पहले से कहीं अधिक दबाव में है—चाहे वह अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्विता हो या रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद की ध्रुवीकृत दुनिया। ईरान का चाबहार बंदरगाह भारत के लिए सिर्फ एक व्यापारिक ठिकाना नहीं, बल्कि पश्चिम एशिया, अफ़ग़ानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधे पहुँच का वह द्वार था, जो पाकिस्तान को बायपास करते हुए चीन के ग्वादर और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के दबदबे को संतुलित कर सकता था। अमेरिकी प्रतिबंधों और फिर चाबहार पर से छूट हटने के बाद परियोजना पर भारतीय प्रतिबद्धता लगातार कमजोर पड़ती गई; हाल की रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि भारत पोर्ट पर अपनी दीर्घकालिक उपस्थिति को सीमित करने की दिशा में बढ़ चुका है। यहाँ असली सवाल तकनीकी नहीं, राजनीतिक है: क्या भारत ने अपने दीर्घकालिक भू-रणनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए कोई स्वतंत्र स्टैंड लिया, या फिर वॉशिंगटन की नाराज़गी के डर ने उसे व्यवहारिक विकल्पों



से पीछे हटने पर मजबूर कर दिया? रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल खरीदना भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विवेक का प्रश्न है, न कि केवल कूटनीतिक जिद का। पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने शुरुआती चरण में साफ संकेत दिया कि वह अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार ही ऊर्जा स्रोत चुनेगा, और इसी तर्क के तहत रूस से तेल आयातों में तेज उछाल भी देखा गया। समय के साथ अमेरिका और यूरोपीय देशों से आने वाले "नैतिक उपदेश" और अप्रत्यक्ष प्रतिबंधों के संकेतों ने अतिरिक्त दबाव बनाया; कुछ बड़े कॉर्पोरेट आयातकों ने रूसी तेल की खरीद घटाकर पश्चिम-समर्थक विकल्पों की ओर झुकाव दिखाया, भले ही कुल मिलाकर रूसी तेल आयात अभी भी ऊँचे बने हुए हों। मजबूत राष्ट्र वह होता है जो दूसरे देशों के "इमेज मैनेजमेंट" या नैरेटिव से नहीं, अपने नागरिकों के आर्थिक हितों और ऊर्जा सुरक्षा से संचालित हो—वरना "रणनीतिक स्वायत्तता" की जगह "रणनीतिक संकोच" ले लेता है। सबसे खतरनाक प्रवृत्ति यह है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिली तालियाँ और सुर्खियाँ, निर्णय-स्वायत्तता का विकल्प बनती जा रही हैं। विदेशी संसदों में दिए भाषण, वैश्विक मीडिया में छपी प्रशंसात्मक हेडलाइनें या किसी महाशक्ति की "पीठ थपथपाहट" को राष्ट्रीय सम्मान का प्रमाणपत्र बनाकर पेश किया जा रहा है, जबकि हालिया इतिहास इराक, लीबिया और अफ़ग़ानिस्तान जैसे उदाहरणों से भरा है कि बाहरी समर्थन कितनी जल्दी दिशा बदल लेता है। सैन्य और सुरक्षा संबंधी निर्णय किसी भी लोकतंत्र की संप्रभुता की अंतिम रेखा होते हैं; यदि यहाँ भी "किसी और की स्वीकृति" या "वैश्विक संदेश" की चिंता हावी हो जाए, तो यह केवल नीति नहीं, स्वतंत्रता पर प्रश्नचिह्न है। ऐसे समय में लोकतांत्रिक समाज की असली परीक्षा यह है कि क्या वह विदेश नीति और सुरक्षा रणनीति पर आलोचनात्मक सवाल पूछने वालों को देशद्रोही ठहराए बिना बहस की जगह दे सकता है। लोकतंत्र में असहमति कमजोरी नहीं, बल्कि **लोक-नियंत्रण** की बुनियादी शर्त है; देशभक्ति का अर्थ सत्ता से सहमति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित के लिए सच बोलने का साहस है। "आत्मनिर्भर भारत" की सच्ची कसौटी यह नहीं कि कितने मोबाइल या कारें देश में बन रही हैं, बल्कि यह है कि भारत अपनी विदेश नीति, ऊर्जा विकल्पों और रणनीतिक साझेदारियों पर कितना स्वतंत्र निर्णय ले पाता है। भारत आज एक चौराहे पर खड़ा है: एक रास्ता उसे उस मुकाम तक ले जा सकता है जहाँ वह अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप सभी से संबंध रखे, पर किसी के आगे झुके नहीं; दूसरा रास्ता उसे एक प्रभावशाली, पर आश्रित सहयोगी में बदल सकता है, जो हर बड़े निर्णय से पहले वॉशिंगटन या किसी और राजधानी की प्रतिक्रिया का इंतज़ार करे। मजबूत राष्ट्र वही है जो तालियाँ बटोरने की जगह अपना स्टैंड बचाकर चलता है; आने वाले वर्षों में भारत की असली परीक्षा यही होगी कि वह "प्रबंधित सहयोगी" बनना चुनता है या सचमुच एक संप्रभु, आत्मविश्वासी शक्ति के रूप में खड़ा होता है।

आप का नज़रिया

## ग्रीन मोबिलिटी के लिए

**ग्रीन** राज्य की संस्कृति में हिमाचल के हर कदम की मंजिल तय होनी चाहिए और इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य अपनी प्राथमिकताएं गिन रहा है। कायदे से विकास का हर चेहरा इस तबस्सुम से जुड़े कि भविष्य तक हरियाली की नाव चले। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिहं सुक्खू से हुआ विमर्श अगर कारगर साबित हो, तो हिमाचल की सडक़ों पर ई-वाहनों का सफर, एक अनिवार्य अनुशासन बन सकता है। मुख्यमंत्री ने पीएमई बस सेवा के तहत पहाड़ी राज्यों को विशेष छूट की मांग की है, ताकि ग्रीन मोबिलिटी सहजता से स्वीकार्य हो जाए। इसी तर्ज पर कमोबेश हर विभाग की योजना में पहाड़ के लिए 'ग्रीन सोच' विकसित हो, तो यह पर्यावरण के प्रति राष्ट्रीय इंसाफ होगा। हिमाचल जैसे राज्यों के लिए ग्रीन रोड, ग्रीन हवाई अड्डे व ग्रीन योजना के तहत कनेक्टिविटी, रोजगार, पर्यटन, व्यापार, आवासीय सुविधाओं तथा आर्थिकी की संभावनाओं को संबल मिले, तो पहाड़ की दुश्वारियां तथा मजबूरियां भी कम होंगी। खुशी की बात यह कि समय रहते ही वर्तमान सरकार ने 'ग्रीन दिशा' में अपनी प्राथमिकताओं का लाल कालीन बिछा दिया है। अब ग्रीन हवाएं शहरों में भी बहने लगी हैं। इसका पहला प्रमाण शिमला नगर निगम देने लगा है। पहले ही स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत राजधानी में इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं और अब नागरिकों के लिए साइकिलिंग की अवधारणा में पांच ट्रैक जोड़े जा रहे हैं। ये ट्रैक समरहिल, जाखू, कनलोग, टूटीकंडी व तारादेवी को जोड़ेंगे। साइकिलिंग के जरिए रास्तों के पत्थर बदलेंगे और प्रयोग की गरिमा में युवा फिटनेस के आयाम भी बदलेंगे। शिमला कभी पैदल भ्रमण की सैरगाह सरीखा एक ऐसा शहर था, जहां आकर सैलानी अपने शारीरिक एवं मानसिक विकार से छुटकारा पाते थे। दुर्भाग्यवश अब पैदल मार्ग भी वाहनों से अटे पड़े हैं, जबकि माल रोड के नजदीक पहुंचने के वाहन परमिट भी बढ़ रहे हैं। इसलिए शिमला को फिर से पर्यावरण के पांव से चलाने के लिए, साइकिलिंग एक नया सूचक होगा। इसी तरह के प्रयोग अन्य शहरों में अलग-अलग ढंग से हों, तो घूमने की परिपाटी बदलेगी। शिमला के लिए रज्जु मार्ग परियोजना भी ऐसा ही एक एहसास है। पर्वतीय शहरों में झूला पुल, सुरंग मार्ग, साइकिलिंग ट्रैक तथा रज्जु मार्गों से ग्रीन कदम आगे बढ़ेंगे। इतना ही नहीं प्रमुख बाजारों तथा धार्मिक स्थलों को भी वाहनों से मुक्त करने की योजनाओं पर काम करना होगा। मसलन कांगड़ा, ज्वालामुखी व शाहतलाई के बस स्टैंड से सीधे मंदिर परिसर तक रोप-वे विकसित किए जाएं। शहरों के स्कूल-कालेजों में साइकिलिंग क्लब बना कर, एक रोड मैप बनाया जा सकता है। हिमाचल की योजनाओं में जिस तीव्रता से अन्य राज्यों का अनुसरण किया जाता रहा है, उससे आज हम अपनी ही बेचैनियों से घिरे हैं। इसके संकेत हाल की आपदाओं ने भी दिए हैं। हमने तो काफी पहले से ही पर्वतीय राज्यों की प्लानिंग और विकास के मानदंड अलग से तय करने की मांग करनी शुरू की है। पहाड़ को देखने के सरोकार भी विशुद्ध पहाड़ी होने चाहिएं। केंद्रीय सरकार एक पर्वतीय विकास मंत्रालय के गठन से पहाड़ के प्रश्नों को हल करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है। पर्वतीय मार्गों के ग्रीन कोरिडोर बनाने के लिए फिजीबिलिटी रिपोर्ट का अड़ंगा नहीं होगा, तो इलेक्ट्रिक बसों के विकल्प भी आसानी से अपनाए जा सकते हैं। हमें एलिवेटिड रोड, रज्जु मार्ग, जल परिवहन तथा ग्रीन परिवहन की दिशा में केंद्रीय योजनाओं के प्रश्रय चाहिए। इस दिशा में अनुसंधान, तकनीक, अध्ययन तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के विकल्प तराशने के लिए आसान वित्त पोषण की जरूरत है, जिसे नए वित्तीय प्रावधानों तथा राष्ट्रीय योजनाओं के पर्वतीय संगम पर ही संजोया जा सकता है। पर्वत के हर पहलू में जीने की लागत बढ़ रही है, तो इसके साथ पर्यावरणीय नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। अतः केंद्र सरकार नए पैमानों, आर्थिक मानदंडों तथा उदारता के साथ पर्वतीय राज्यों की मदद को आगे आए।

> केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिहं सुक्खू से हुआ विमर्श अगर कारगर साबित हो, तो हिमाचल की सडक़ों पर ई-वाहनों का सफर, एक अनिवार्य अनुशासन बन सकता है। मुख्यमंत्री ने पीएमई बस सेवा के तहत पहाड़ी राज्यों को विशेष छूट की मांग की है, ताकि ग्रीन मोबिलिटी सहजता से स्वीकार्य हो जाए। इसी तर्ज पर कमोबेश हर विभाग की योजना में पहाड़ के लिए 'ग्रीन सोच' विकसित हो, तो यह पर्यावरण के प्रति राष्ट्रीय इंसाफ होगा। हिमाचल जैसे राज्यों के लिए ग्रीन रोड, ग्रीन हवाई अड्डे व ग्रीन योजना के तहत कनेक्टिविटी, रोजगार, पर्यटन, व्यापार, आवासीय सुविधाओं तथा आर्थिकी की संभावनाओं को संबल मिले, तो पहाड़ की दुश्वारियां तथा मजबूरियां भी कम होंगी। खुशी की बात यह कि समय रहते ही वर्तमान सरकार ने 'ग्रीन दिशा' में अपनी प्राथमिकताओं का लाल कालीन बिछा दिया है। अब ग्रीन हवाएं शहरों में भी बहने लगी हैं। इसका पहला प्रमाण शिमला नगर निगम देने लगा है। पहले ही स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत राजधानी में इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं और अब नागरिकों के लिए साइकिलिंग की अवधारणा में पांच ट्रैक जोड़े जा रहे हैं। ये ट्रैक समरहिल, जाखू, कनलोग, टूटीकंडी व तारादेवी को जोड़ेंगे। साइकिलिंग के जरिए रास्तों के पत्थर बदलेंगे और प्रयोग की गरिमा में युवा फिटनेस के आयाम भी बदलेंगे।

कुछ अलग

## मुश्किल समय में हिम्मत न हारें

**जीवन** में सुख-दुख का आना-जाना स्वाभाविक है। कुछ लोग मुश्किल परिस्थितियों में हिम्मत हार जाते हैं, गुस्सा और निराशा में फंस जाते हैं, जिससे परिस्थितियां और ज्यादा उलझ जाती हैं। कुछ लोग मुश्किलों में भी संयम और विनम्रता बनाए रखते हैं, ऐसे लोग ही जीवन में सफल होते हैं। ये बात गुरु-शिष्य की एक लोक कथा से समझ सकते हैं। जानिए ये कथा... एक गुरु अपने शिष्य के साथ यात्रा कर रहे थे। रास्ता कठिन था, पहाड़ियां और गहरी खाइयां उनके रास्ते में थीं। यात्रा के दौरान अचानक शिष्य का पैर फिसला और वह खाई की ओर गिरने लगा। जैसे ही वह गिरा, उसने वहीं उग रहे एक बांस को पकड़ लिया। शिष्य का वजन बांस पर पड़ते ही वह धनुष की तरह झुक गया, लेकिन बांस टूटा नहीं। गुरु तुरंत दौड़े और शिष्य का हाथ पकड़कर उसे सुरक्षित बाहर खींच लाए। बाहर निकलने के बाद गुरु ने शिष्य से पूछा कि क्या तुमने वह बात सुनी जो बांस ने कही थी? शिष्य ने सिर हिलाते हुए कहा कि नहीं गुरुजी, मुझे पेड़-पौधों की भाषा नहीं आती। आप ही बताइए। गुरु ने समझाया कि बांस ने तुम्हें जीवन का एक महत्वपूर्ण पाठ सिखाया है। उसने तुम्हारा वजन सहा, झुका लेकिन टूटा नहीं। ये लचीलापन ही उसे संकट से बचाने वाला गुण है। देखो, बांस कितनी आसानी से आंधी में झुक जाता है, लेकिन जमीन में अपनी पकड़ बनाए रखता है। यही हमें भी सीखना चाहिए। गुरु ने आगे कहा कि जीवन में जब भी मुश्किलें आएं, हमें गुस्सा या हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। विपरीत परिस्थितियों में भी संयम, धैर्य और विनम्रता बनाए रखें। ठीक उसी तरह जैसे बांस तूफान में झुककर भी अपनी जड़ में अडिग रहता है।

दृष्टि कोण

## मोदी सरकार की सांस्कृतिक महत्वाकांक्षा के निहितार्थ

**भारत** भले ही अपने सबसे महत्वपूर्ण विदेशी भागीदार, अमेरिका के साथ राजनीतिक द्वंद्व में उलझा हो, जबकि अर्थव्यवस्था, जैसा कि जाने-माने वित्तीय पत्रकार टीएन नाइनन ने पिछले हफ्ते की शुरुआत में इन कॉलम में बताया था - 'मिलनसार होने की बजाय शर्मीली ज्यादा' है - लेकिन सांस्कृतिक ऊंचाइयों को भव्य पैमाने पर पेश करने की सरकार की 'कभी हार न मानने वाली' महत्वाकांक्षा जस-की-तस है। दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय, 'युगे-युगीन भारत' की पहली गैलरी साल के आखिर तक खुल जाएगी। इसका पैमाना निश्चित रूप से बहुत विशाल है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज तक के भारत की गाथा बताने वाली 1,00,000 कलाकृतियों को नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक की 30 दीर्घाओं में प्रदर्शित जाएगा, लुटियंस दिल्ली में ब्रिटिश राज की ये इमारतें नौकरशाही के आला अधिकारियों का पिछले सौ सालों से कार्यस्थल रहा है। संग्रहालय में बारे में कुछ ऐसा है जो मोदी सरकार को खासतौर पर भाता है। शायद, बहुजन समाज पार्टी की दलित नेता मायावती की तरह — जिनके खुद के और उनके गुरु कांशी राम और बाबा साहेब अंबेडकर के स्मारक लखनऊ और दिल्ली के बाहरी इलाकों में जगह-जगह बने हैं-मोदी को ज्ञात होगा कि आप उनसे नफरत करें या प्यार, लेकिन स्मारकों को समय की परीक्षा झेलनी पड़ती है। (यही वजह है कि 1991 के आखिर में जब यह स्पष्ट हो गया कि सोवियत संघ बिखरेगा, तो प्रति-क्रांतिकारियों ने सबसे पहले लेनिन और मार्क्स की मूर्तियों पर ही हमला बोला था।) और इसीलिए, जब से मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, पिछले 11 सालों में नई दिल्ली का स्वरूप धीरे-धीरे फिर से बदलकर नया रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री संग्रहालय, जहां मोदी समेत हर विगत प्रधानमंत्री के लिए एक गैलरी होगी- जिसका ज़िक्र दिल्ली आने वाली शताब्दी ट्रेनों के पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर होता है -से लेकर युगे-युगीन भारत तक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व भाजपा का भारत के हृदय में एक खास यादगार बनाने



की महत्वाकांक्षा का प्रदर्शन बेमिसाल है। प्रभावशाली तथ्य यह कि भाजपा के लिए कुछ भी छोटा नहीं। दिसंबर के आखिरी हफ़्ते में जालंधर में हुए हरिवल्लभ संगीत समारोह में, जिसने अपनी 150वीं सालगिरह मनाई है, संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत नहीं आ पाए – इसलिए उन्होंने एक वीडियो संदेश भेजा जिसमें कहा कि सरकार को देश के सबसे पुराने संगीत समारोह के लिए एक ऑडिटोरियम बनाने में खुशी होगी। तालियों के बीच जो अनकहा संदेश संलग्न था, वह यह कि बीजेपी पंजाब की लुप्त हो रही विरासत को पुनर्स्थापित करने में मदद हेतु कुछ भी करेगी– और अगर पंजाब के लोग उसे वोट देकर यह एहसान चुकाते हैं, तो इससे ज़रूर मदद मिलेगी। इसीलिए दिल्ली में प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में उद्घाटन की गई पिपरहवा बुद्ध अवशेषों की प्रदर्शनी में रखी वस्तुओं के विवरण पर बहुत कम ध्यान दिया देखकर हैरानी हुई। जो लोग इसकी पृष्ठभूमि नहीं जानते, उनके लिए बता दें कि औपनिवेशिक ब्रिटिश हुकूमत के एक इंजीनियर विलियम क्लैक्सटन पेप्पे ने 1898 में बर्डपुर एस्टेट के तहत आते पिपरहवा नामक गांव में कुछ रत्न, गौतम बुद्ध के अस्थि अवशेष और राख वाले पांच छोटे कलश खोज निकाले थे, नेपाल सीमा के दक्षिण में कई एस्टेट्स का प्रबंधन उनके जिम्मे था। साल 2025 में, जब पेप्पे के वंशजों ने हांगकॉन्ग में अपने पास रखे बुद्ध अवशेषों की नीलामी करने का फैसला किया, उससे देशभर में खलबली मची, तत्पश्चात केंद्र सरकार ने गोदरेज इंडस्ट्रीज के साथ मिलकर रत्नों व अवशेषों को खरीदने और वापस मातृभूमि लाने का फैसला किया।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

अपने बच्चे का प्रदर्शन आपको बहुत ख़ुशी देगा। अनचाहा कोई मेहमान आज आपके घर आ सकता है जिसके आने से आपको घर के उन समानों पर भी खर्चा करना पड़ सकता है जिनको आपने अगले महीने पर टाला हुआ था। आज आपका मन ख़ुश होगा और आप अपने दोस्तों व परिवार के सदस्यों पर पैसे ख़र्च करने का आनंद लेंगे। प्रेम हमेशा आत्मीय होता है और यही बात आप आज अनुभव करेंगे। आपको अपने जीवनसाथी की ओर से ख़ास तोहफ़ा मिल सकता है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और प्रगति निश्चित है। आप ख़ुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे– जो आपको आर्थिक फ़ायदा पहुँचाएंगे। ऐसे कामों में सहभागिता करने के लिए अच्छा समय है, जिसमें युवा लोग जुड़े हों। इस राशि के जातक आज खाली वक्त में रचनात्मक काम करने का प्लान तो बनाएंगे लेकिन उनका यह प्लान पूरा नहीं हो पाएगा। अगर थोड़ी–सी कोशिश की जाए तो जीवनसाथी के साथ आज का दिन आपकी ज़िन्दगी के सबसे रोमानी दिनों में से एक हो सकता है।

**मिथुन – क,कि,कू,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आज अपनी सेहत के चिंता करने की क़तई ज़रूरत नहीं है। आपके आस–पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व सराहेंगे। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके ख़र्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। परिवार वालों का हँसी–मज़ाक भरा बर्ताव घर के वातावरण को हल्का–फुल्का और ख़ुशनुमा बना देगा। आज जीवन के कई अहम मुद्दों पर आप घरवालों के साथ बैठकर बात कर सकते हैं। आपकी बातें घरवालों को परेशान कर सकती हैं लेकिन इन बातों का हल अवश्य निकलेगा। आपके जीवनसाथी का मिज़ाज आज बढ़िया है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज ख़ास दिन है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण काम करने की क्षमता देगा। आज आपका धन कई चीजों पर खर्च हो सकता है, आपको आज अच्छा बजट प्लान करने की आवश्यकता है इससे आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। आज आपको ढेरों दिलचस्प निमंत्रण मिलेंगे– साथ ही आपको एक आ–कस्मिक उपहार भी मिल सकता है। जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आप–को अपने जीवनसाथी से पूरा सहयोग मिलेगा। आपके मन में आज अपने किसी खास को लेकर निराशा रेहेगी।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। जेवर और एंटीक में निवेश फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। आपको बच्चों या ख़ुद से कम अनुभवी लोगों के साथ धैर्य से काम लेने की ज़रूरत है। इस राशि के बच्चे आज खेलकूद में दिन बिता सकते हैं, ऐसे में माता–पिता को उनपर ध्यान देना चाहिए क्योंकि चोट लगने की संभावना है। आपका जीवनसाथी आपको इतना बेहतरीन पहले कभी महसूस नहीं हुआ। आपको उनसे कोई बढ़िया सरप्राइज़ मिल सकता है। वाहन चलाते हैं तो आज थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

अपनी सेहत का ख़याल रखें। आज निवेश के जो नए अवसर आपकी ओर आएँ, उनपर विचार करें। लेकिन धन तभी लगाएँ जब आप उन योजनाओं का भली–भांति अध्ययन कर लें। आज ही लंबे वक़्त से चले आ रहे झगड़ों को सुलझा लें, क्योंकि हो सकता है कि कल बहुत देर हो जाए। अपने समय की कीमत समझें, उन लोगों के बीच रहना जिनकी बातें आपके समझ में नहीं आती हैं गलत है। ऐसा करना भविष्य में आपको परेशानियों के अलावा कुछ नहीं देगा। आज के दिन का अच्छा प्रयोग आप उज्वल भविष्य की योजना बनाने के लिए कर सकते हैं।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

ऊर्जा और उत्साह का अतिरेक आपको घेर लेगा और आप सामने आने वाले सभी मौक़ों का भरपूर फ़ायदा उठाएंगे। धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है। जीवनसाथी के साथ ख़रीदारी मज़ेदार रहेगी। इससे आप दोनों के बीच की समझ में भी इज़ाफ़ा होगा। जो भी बोलें, सोच–समझकर बोलें। क्योंकि कड़वे शब्द शांति को नष्ट करके आपके और आपके प्रिय के बीच दरार पैदा कर सकते हैं। इस राशि के जातक आज खाली वक्त में रचनात्मक काम करने का प्लान तो बनाएंगे लेकिन उनका यह प्लान पूरा नहीं हो पाएगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

जब आप कोई फ़ैसला लें, तो दूसरों की भावनाओं का ख़ास ख़याल रखें। आपका कोई भी ग़लत निर्णय न केवल उनपर ख़राब असर डालेगा, बल्कि आपको भी मानसिक तनाव देगा। जिन लोगों ने किसी अनजान शख्स की सलाह पर कहीं निवेश किया था आज उन्हें उस निवेश से फायदा होने की पूरी संभावना है। आपके आकर्षण और व्यक्तित्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे। व्यक्तिगत संबंध संवेदनशील और नाज़ुक रहेंगे। आपके जी–वनसाथी की सुस्ती आपके कई कामों पर पानी फेर सकती है। आपको महसूस हो सकता है कि आप अपना दिन बर्बाद कर रहे हैं। इसलिए अपने दिन की योजना बेहतर तरीक़े से बनाएँ।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

नियमित व्यायाम के माध्यम से वज़न को नियन्त्रित रखें। आज धन आपके हाथ में नहीं टिकेगा, आपको धन संचय करने में आज बहुत दिक्क़तों का सामना करना पड़ सकता है। ज़िन्दगी की हक़ीक़त का सामना करने के लिए आपको अपने प्रिय को कम–से–कम कुछ वक़्त के लिए भूलना पड़ेगा। आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फ़ायदा देंगे। आपका जीवनसाथी आपकी ज़रूरतों को अनदेखा कर सकता है, जिसके चलते आप चिड़चिड़े हो सकते हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आप आज ऊर्जा से भरपूर होंगे और कुछ असाधारण करेंगे। व्यापार में मुनाफा आज कई व्यापारियों के चेहरे पर खुशी ला सकता है। शाम के समय अपने जीवनसाथी के साथ बाहर खाना या फ़िल्म देखना आपको सुकून देगा और ख़ुशमिज़ाज बनाए रखेगा। यात्रा के चलते रुमानी संबंध को बढ़ावा मिलेगा। इस राशि के उम्रदराज जातक आज के दिन अपने पूराने मित्रों से खाली समय में मिलने जा सकते हैं। यह शादीशुदा ज़िन्दगी के सबसे ख़ास दिनों में से एक है। आपको प्रेम की गहराई का अनुभव करेंगे।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

खाते–पीते वक़्त सावधान रहें। लापरवाही बीमारी की वजह बन सकती है। एक पारिवारिक आयोजन में आप सभी के ध्यान का केन्द्र होंगे। सच्चे और पवित्र प्रेम का अनुभव करें। आप जिस प्रतियोगिता में भी क़दम रखेंगे, आपका प्रतिस्पर्धी स्वभाव आपको जीत दिलाने में सहयोग देगा। आपका जीवनसाथी आपको इतना बेहतरीन पहले कभी महसूस नहीं हुआ। आपको उनसे कोई बढ़िया सरप्राइज़ मिल सकता है। आपके दिन की शुरुआत शानदार रहेगी और इसलिए आज पूरे दिन आप ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

तली–भुनी खाने की चीज़ों से किनारा करें। आज यार दोस्तों के साथ पार्टी में आप खूब पैसे लुटा सकते हैं लेकिन इसके बावजूद भी आपका आर्थिक पक्ष आज मजबूत रहेगा। एक पारिवारिक आयोजन में आप सभी के ध्यान का केन्द्र होंगे आज समय की नजाकत को देखते हुए आप अपने लिए समय निकाल सकते हैं लेकिन ऑफिस के किसी काम के अचानक आ जाने के कारण आप ऐसा करने में सफल नहीं हो पाएँगे। असजता की वजह से आप वैवाहिक जीवन में ख़ुद को फँसा हुआ अनुभव कर सकते हैं। दिन अच्छा है आज आपका प्रिय आपकी किसी बात पर खिलखिलाकर हंसेगा।

## आज का पंचांग

दिनांक : 20 जनवरी 2026, मंगलवार
विक्रम संवत : 2082
मास : माघ , शुक्ल पक्ष
तिथि : द्वितीया रात्रि 02:45 तक
नक्षत्र : श्रवण दोपहर 01:07 तक
योग : सिद्धि रात्रि 08:00 तक
करण : बालव दोपहर 02:33 तक
चन्द्रराशि : मकर रात्रि 01:36 तक
सूर्योदय : 06:49 , सूर्यास्त 06:04 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:46, सूर्यास्त 06:15 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:39 , सूर्यास्त 06:06 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:39 , सूर्यास्त 05:57 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 09:00 से 10:30
लाभ : 10:30 से 12:00
अमृत : 12:00 से 01:30
राहुकाल : सायं 03:00 से 04:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : चन्द्रदर्शन ,
पंचक आरंभ रात्रि 01:36 से ,
शुक्र तारा अस्त है ।




* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


### अरावली की पहाड़ियों पर अवैध निर्माण के खिलाफ यूडीए का बड़ा प्रहार

# 17 विला और होटल सील, इस्कॉन को नोटिस





**उदयपुर, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** जिला कलेक्टर नमित मेहता और प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन के निर्देशानुसार, उदयपुर विकास प्राधिकरण (णऊ) ने राजस्व ग्राम सरे, मोहनपुरा और सरेखुर्द में अवैध निर्माण तथा पहाड़ी कटिंग के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। हाल ही में प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में सम्मिलित किए गए नए राजस्व गांवों में बेतरतीब तरीके से हो रहे व्यावसायिक निर्माणों को निशाना बनाया गया है।

मालदीव्स विला और वेलेसा होटल किए गए सीज राजस्व ग्राम मोहनपुरा में बिना सक्षम स्वीकृति के 17 विला बनाकर उनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। इन 'मालदीव्स विला' और 'वेलेसा होटल' के मालिकों ने भूमि का रूपांतरण केवल आवासीय प्रयोजन के लिए करवाया था, किंतु मौके पर होटल और रिसॉर्ट संचालित किए जा रहे थे। प्राधिकरण ने इन सभी को नियम विरुद्ध मानते हुए सीज कर दिया है।

प्राधिकरण के ध्यान में आया कि अरावली पर्वत श्रृंखला में तीव्र ढलान पर बिना तकनीकी सूझबूझ के पहाड़ों को काटकर रास्ते बना लिए गए थे, जिससे जान–माल की हानि का खतरा बना रहता था।

सरेखुर्द में बिना किसी प्लान स्वीकृति के पहाड़ी काटकर बनाई गई सड़कों और विद्युत पोलों को प्राधिकरण ने मौके से हटाकर पूरी प्लानिंग को ध्वस्त कर दिया। तहसीलदार अभिनव शर्मा के नेतृत्व में अरावली के संरक्षण हेतु अवैध सड़कों को हटाने की रणनीति बनाई गई। ग्राम मोहनपुरा में 'इस्कॉन' संस्था द्वारा एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जा रहा था। इस भूखंड का रूपांतरण भी आवासीय श्रेणी में था, जबकि वहां होटलनुमा ढांचा खड़ा किया जा रहा था। प्राधिकरण ने संस्था को नोटिस जारी कर निर्माण स्वीकृति प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि यदि वहां मंदिर निर्माण प्रस्तावित है, तो उसकी सूचना भी तत्काल प्रशासन को दी जाए। भविष्य में ऐसी अवैध प्लानिंग की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाएगी ताकि लोग धोखाधड़ी से बच सकें। तहसीलदार अभिनव शर्मा, रणजीसिंह विठू, भू–अभिलेख निरीक्षक राजेन्द्र सेन, बाबूलाल तेली, सूरपालसिंह सोलंकी, बाबूलाल तावड, पटवारी दीपक जोशी, हितेन्द्रसिंह तवंर एवं होमगार्ड जाब्ता मौजूद रहा।

# 1002 वरिष्ठजनों को लेकर विशेष ट्रेन जगन्नाथ पुरी के लिए हुए रवाना



**जयपुर, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 अन्तर्गत सोमवार को दुर्गापुरा (जयपुर) रेलवे स्टेशन से जगन्नाथपुरी–कोणार्क वाया सवाईमाधोपुर–सोगारिया (कोटा) ट्रेन रवाना हुई। इस गाड़ी में कुल 1002 यात्री सवार हुए हैं, इनमें से दुर्गापुरा जयपुर से 570, जबकि सवाईमाधोपुर से 600 यात्री तथा 32 जने सहयोगी स्टाफ के शामिल हैं। देवस्थान विभाग के अतिरिक्त आयुक्त रतनलाल योगी ने बताया कि उक्त ट्रेन में 6 दिन तक यात्रियों के आवास, भोजन इत्यादि की समस्त व्यवस्थाएँ देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा की जायेगी, फलतः यात्रियों हेतु यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। इस ट्रेन को भाजपा जयपुर शहर के जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025–26 के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को राजस्थान वाहिनी भारत गौरव वातानुकूलित ट्रेन द्वारा निःशुल्क तीर्थ यात्रा पर रवाना किया गया है। दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने तीर्थ यात्रा पर जा रहे वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर निवर्तमान महापौर सौम्या गुर्जर, जिला महामंत्री नवरत्न नारायणीया अन्य जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

# 5 से 8 फरवरी तक, एसीएएस शिखर अग्रवाल ने तैयारियों की समीक्षा की



**जयपुर, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएएस) शिखर अग्रवाल ने सोमवार को स्टोन मार्ट 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उद्योग भवन में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन के लिए अब तक की गई तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन से जुड़ी सभी एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और शेष तैयारियों को निर्धारित समयसीमा में अंतिम रूप दें, ताकि इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके। बैठक में रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक, इंडिया स्टोनमार्ट के संयोजक नटवरलाल अजमेरा तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंजू सिंह और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक के दौरान इंडिया स्टोनमार्ट 2026 को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें प्रदर्शनी का संपूर्ण लेआउट, हॉल एवं ओपन एरिया की योजना, पार्किंग व्यवस्था, अब तक की स्टॉल बुकिंग स्थिति, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहभागिता, लॉजिस्टिक्स, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन तथा आगंतुक सुविधाओं से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। इंडिया स्टोनमार्ट 2026 आयोजन 5 से 8 फरवरी तक जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में किया जाएगा।

# एसआईआर को लेकर कांग्रेस बेवजह आरोप–प्रत्यारोप कर जनता को कर रही है भ्रमित : गौतम दक



**जयपुर, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सुनवाई के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि पार्टी कार्यालय में मंत्रियों द्वारा नियमित रूप से कार्यकर्ता सुनवाई की जा रही है। इस दौरान करीब 70 से अधिक परिवाद सामने आए। जिन समस्याओं का त्वरित समाधान संभव था, उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य परिवादों को संबंधित विभागों को भेजा गया है। दक ने बताया कि सुनवाई में तबादलें, भूखंड विवाद सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामले सामने आए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मंत्री गौतम दक ने कहा कि कांग्रेस अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में जनसंपर्क नहीं कर पाई। उनकी सरकार होटलों में बंद रही, जबकि भाजपा सरकार पिछले दो वर्षों से लगातार जनता के बीच जाकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत स्वयं स्वीकार कर चुके हैं कि वे दो साल तक घर से बाहर नहीं निकले थे। मंत्री दक ने कहा कि प्रदेश का ऐसा कोई जिला नहीं होगा, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दौरा नहीं किया हो। मुख्यमंत्री ने जिलों में प्रवास कर जनता की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए। जनता ने भाजपा सरकार के दो वर्षों के बजट को देखा है और अब तीसरे बजट की तैयारियां चल रही हैं। हर वर्ग और हर समुदाय से संवाद कर बजट को लेकर सुझाव लिए जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस सरकार की कई घोषणाएं आज भी अधूरी पड़ी हैं। एसआईआर और मनरेगा को लेकर कांग्रेस के आंदोलनों पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री गौतम दक ने कहा कि कांग्रेस को विवाद खड़ा करने के लिए कोई न कोई मुद्दा चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है। आयोग की ओर से सूची जारी हो चुकी है, जिसमें दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का प्रावधान है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और दावों–आपत्तियों की तिथियां बढ़ाने या न बढ़ाने का निर्णय आयोग अपने विवेक से करता है, किसी भी राजनीतिक दबाव में नहीं।

# सरकार की प्राथमिकताओं की गंभीर विफलता: कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 700 से ऊपर खतरनाक स्तर पर पहुंचना केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि केंद्र और राज्यों की सरकारों की प्राथमिकताओं की गंभीर विफलता का प्रमाण है। इस समय न तो पराली जलाई जा रही है और न ही दीपावली जैसे त्यौहार हैं, फिर भी दिल्ली और एनसीआर की हवा जहर बन चुकी है। यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। यह बात सिरसा की सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा ने आज मीडिया को जारी एक बयान में कही। उन्होंने इन हालातों के लिए सरकार की नीतियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सभी जगह भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, तब एक–दूसरे पर आरोप लगाने का बहाना भी अब नहीं बचता। वर्षों तक कभी पंजाब तो कभी हरियाणा के किसानों को दोष देने वाली भाजपा आज जनता को यह बताए कि मौजूदा हालात के लिए उसकी क्या जवाबदेही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि 11 वर्ष पूर्व गंगा–यमुना को स्वच्छ करने के बड़े–बड़े दावे किए गए थे। आज सरकार यह स्पष्ट करें कि क्या वास्तव में गंगा और यमुना स्वच्छ हो गई हैं, या ये घोषणाएं केवल प्रचार तक सीमित रहीं। उन्होंने हरियाणा की जीवन रेखा कही जाने वाली घग्गर नदी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार की अपनी रिपोर्ट बताती है कि घग्गर का पानी अब फसलों के लिए भी उपयुक्त नहीं रह गया है। नदी के किनारे बसे गांवों में कैंसर जैसी घातक बीमारियों का फैलना बेहद चिंताजनक है। यह केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि सीधे–सीधे जन स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का प्रश्न है। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार इन जानलेवा मुद्दों पर गंभीरता से काम करने के बजाय धर्म और भावनात्मक मुद्दों के नाम पर राजनीति चमकाने में लगी हुई है। जनता को भाषण नहीं, बल्कि स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और बुनियादी सुविधाएं चाहिए।

# भाजपा में नीचे से ऊपर तक होते हैं चुनाव : अनिल विज

**चंडीगढ़, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही युवाओं के लिए काम करने के लिए बहुत अच्छा स्थान है क्योंकि भाजपा एक संगठनात्मक पार्टी है। उन्होंने कहा कि कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन के आने के बाद युवाओं में बहुत आकर्षण है और जेन–जी को यह लगता है कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जहां पर युवाओं का सम्मान किया जाता है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मेरा मानना है जिस पार्टी के अंदर डेमोक्रेसी नहीं है, वो पार्टी देश के प्रजातंत्र की रक्षा नहीं कर सकती है । विज नई दिल्ली में मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि बाकी पार्टियों में रिटायरमेंट के आसपास राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है या पारिवारिक बुजुर्ग स्वर्ग सिधार जाए तो उसकी औलाद को बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि देशभर में केवल भारतीय जनता पार्टी में ही प्रजातंत्र है, जिसमें चुनाव नीचे से ऊपर होते है। जबकि अन्य पार्टियों में ऊपर से नीचे होते है।उन्होंने कहा कि भाजपा में पहले वार्ड का चुनाव होगा, फिर मंडल का चुनाव होगा और फिर जिला का चुनाव होगा, फिर प्रदेश का चुनाव होगा। उसके बाद राष्ट्रीय चुनाव होता है, जबकि बाकी पार्टियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष तय ही हैं, क्योंकि वे परिवारिक है। ये तो एक प्रकार से एजेंसियां है और इनमें डिस्ट्रीब्यूटरशिप है।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के कार्यकाल की सफलता के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में विज ने कहा कि नितिन नबीन का बहुत अनुभव है और कई बार ये बिहार से विधायक और मंत्री रहे है तथा इनके पास संगठन को संचालित करने का बहुत अनुभव है।

# फिरोजपुर झिरका के गांव हीरवाड़ी में युवा कांग्रेस की बैठक

**फिरोजपुर झिरका, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** फिरोजपुर झिरका के गांव हीरवाड़ी में हरियाणा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने की। बैठक में संगठन की मजबूती, युवाओं से जुड़े मुद्दों और सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि युवा कांग्रेस प्रदेश में युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध बूचड़खानों की बढ़ती संख्या न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि इससे सामाजिक सौहार्द और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अवैध बूचड़खानों के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। इस आंदोलन के तहत संबंधित विभागों और प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जाएंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण धरना–प्रदर्शन भी किए जाएंगे। बैठक में युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर भी गहन विचार–विमर्श हुआ।

# किसी भी संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए सभी डिवीजनों पर बनेगी एक–एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम : डॉ. मिश्रा



**चंडीगढ़, 19 जनवरी (एजेंसियां)।** आपदा प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम, 2025 का पूरी तरह से अनुपालन करते हुए हरियाणा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एचएसडीआरएफ) की स्थापना की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वित्तायुक्त राजस्व और अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में आज एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें बल की स्थापना से जुड़ी प्रगति की समीक्षा करते हुए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया। बैठक में अधिकारियों ने मौजूदा आपदा प्रतिक्रिया तंत्र की विस्तृत समीक्षा की और पूरी तरह से सुसज्जित एचएसडीआरएफ की स्थापना की दिशा में रणनीतिक बदलाव पर चर्चा की गई। समीक्षा में प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, जनशक्ति की तैनाती, विशेष प्रशिक्षण प्रोटोकॉल और परिचालन तत्परता पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. मिश्रा ने बैठक के दौरान बताया कि सरकार ने फैसला किया है कि एक नई एसडीआरएफ बटालियन का गठन किया जाएगा जिसमें अधिकतम संख्या अग्नि वीरों की होगी। उन्होंने बताया कि किसी भी संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए राज्यभर के सभी डिवीजनों पर एक–एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) बनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि 29 मार्च, 2025 को अधिसूचित आपदा प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम, 2025, राज्यों को विशेष आपदा प्रतिक्रिया अभियानों के लिए समर्पित राज्य आपदा प्रतिक्रिया बलों का गठन करने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने व्यापक अंतर–विभागीय समन्वय शुरू किया है, जिसमें पुलिस और गृह विभाग को फोर्स को चालू करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने एसडीआरएफ की स्थापना, संगठन, प्रशिक्षण और तैनाती को कवर करने वाले विस्तृत दिशा निर्देश तैयार किए हैं, जो राष्ट्रीय मानकों के अनुसार एक पेशेवर आपदा प्रतिक्रिया बल के निर्माण के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करते हैं।

# कागज़नगर में सीएचसी का उद्घाटन



**कागज़नगर, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आदिलाबाद जिले के संयुक्त प्रभारी मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने येल्लागौड़ थोटा में 30 बेड से 100 बेड तक अपग्रेड किए गए कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आदिलाबाद जिले के संयुक्त एमएलसी दांडे विट्ठल और जिले के अधिकारियों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम केजीबीवी स्कूल कागज़नगर के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कैंपस में आयोजित हुआ।

बाद में आयोजित पब्लिक मीटिंग में संयुक्त एमएलसी दांडे विट्ठल ने कहा कि सिरपुर चुनाव क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ है। उन्होंने जनता सरकार से अपील की कि खेती करने वाले किसानों को यहां रहने वाले आदिवासियों से कोई परेशानी न हो। विट्ठल ने बताया कि फंड आवंटित किए गए हैं और इंदिरा क्रांति पथ के तहत महिलाओं को बिना ब्याज के लोन दिए गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता सरकार सिरपुर क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह तैयार है।कार्यक्रम में सिरपुर टीके विधायक पलवई हरीश बाबू, आसिफाबाद डीसीसी अध्यक्ष अतराम सुगुना, डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, नए-पुराने जनप्रतिनिधि और कांग्रेस पार्टी के नेता उपस्थित रहे।



वरंगल शहर से बलदिया मुख्यालय परिषद हॉल में प्रजावाणी (शिकायतें) कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कमिश्नर चाहत बाजपेई ने लोगों से शिकायतें प्राप्त की।

## अनधिकृत छुट्टी व वेतन मांगने के आरोप में प्रधानाध्यापक निलंबित

**मंचेरियाल, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ज़ेडपीएचएस चेन्नूर टाउन में कार्यरत प्रधानाध्यापक राधाकृष्ण मूर्ति को बिना पूर्व अनुमति के छुट्टी लेने और दो महीने का वेतन मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। वारंगल क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक सत्यनारायण रेड्डी ने रविवार को यह आदेश जारी किया।

घटना की जांच के बाद उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी गई, जिसके आधार पर कार्रवाई शुरू हुई। निलंबन आदेश के अनुसार, प्रधानाध्यापक के खिलाफ अनुशासनात्मक कदम उठाए गए हैं। जांच प्रक्रिया जारी है।

## नगर विकास के लिए 20 करोड़ सालाना की माँग

**कागज़नगर, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला प्रभारी मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने येल्ला गौड़ थोटा में 26 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले 100 बेड के अस्पताल का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू ने कागज़नगर नगरपालिका के विकास के लिए हर साल 20 करोड़ रुपये आवंटित करने की मांग की।

विधायक ने कहा कि शहर में ड्रेनेज की समस्या गंभीर है, इसलिए 200 करोड़ रुपये की लागत से



अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कागज़नगर में पॉलिटेक्निक, आईटी कॉलेज स्थापित करने और केंद्रीय विद्यालय को जमीन हस्तांतरित करने की भी मांग उठाई।

कार्यक्रम में संयुक्त एमएलसी दांडे विट्ठल, कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे, एडिशनल कलेक्टर दीपक तिवारी, सब-कलेक्टर श्रद्धा शुक्ला, डीएफओ नीरज कुमार टिबरेवाल, डीएमएचओ सीताराम, जिले के अधिकारी, नेता, एक्टिविस्ट और महिला एकता के सदस्य उपस्थित रहे।

## हैदराबाद पब्लिक स्कूल में 7वें वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

**वरंगल, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद पब्लिक स्कूल ने शनिवार को अपना 7वां वार्षिक खेल दिवस उत्साह और धूमधाम से मनाया। नागार्जुन, नालंदा, तक्षशिला और विजयनगर चारों हाउसों के छात्रों ने अनुशासित मार्च पास्ट से कार्यक्रम शुरू किया, जिसमें एकता, सटीकता और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन हुआ।

मार्च पास्ट के बाद खेल मशाल प्रज्वलित की गई, जो ऊर्जा व निष्पक्ष खेल का प्रतीक बनी। रंगारंग अभ्यास, समन्वित प्रदर्शन और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने शारीरिक क्षमता, चपलता व टीमवर्क दिखाया। विजेताओं को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ग्रेटर वारंगल नगर आयुक्त सुश्री चाहत



बाजपेयी ने शिक्षा-खेल संतुलन पर जोर दिया तथा अभिभावकों से दोनों क्षेत्रों में बच्चों को प्रोत्साहित करने को कहा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप जीत का उल्लेख कर उन्होंने महिला खेलों में लैंगिक रूढ़ियों को तोड़ने की सराहना की।

प्रधानाचार्य सुश्री एल. सरिता रेड्डी ने विद्यालय की प्रगति व राज्य-राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों के प्रदर्शन पर बधाई दी। एचपीएस सोसाइटी सदस्य श्री अपनेन्दर बाबू, श्री हेमंत जालान व रामंथपुर प्रधानाचार्य श्री नरसिम्हा रेड्डी ने पदक वितरित किए। नागार्जुन हाउस समग्र चैंपियन व नालंदा उपविजेता रहा। हाउस मास्टर्स, शिक्षक, अभिभावक व छात्रों की सामूहिक भागीदारी से आयोजन सफल हुआ।

## मंचेरियाल में पहली बार निगम चुनाव, मेयर पद बीसी वर्ग के लिए आरक्षित

**मंचेरियाल, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** संयुक्त आदिलाबाद जिले के मंचेरियल नगर निगम का गठन पिछले वर्ष 27 जनवरी को मंचेरियाल व नासपुर नगरपालिकाओं तथा हाजीपुर मंडल के 8 गांवों को मिलाकर किया गया था। इसे 60 वार्डों में विभाजित किया गया है। पहली बार पूर्व व नए पार्षदों ने वार्ड पार्षद पदों के लिए नामांकन दाखिल किया है।

आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने पर कलेक्टर ने 17 जनवरी को घोषणा की: 1 वार्ड अनुसूचित जनजाति (एसटी), 9 अनुसूचित जाति (एससी)- 4 महिलाएँ, 5 सामान्य; 20 पिछड़ा वर्ग (बीसी)- 10 महिलाएँ, 10 सामान्य; तथा 30 सामान्य वर्ग- 16 महिलाएँ, 14 सामान्य के लिए आरक्षित। विशेष रूप से, पहली बार मेयर पद बीसी (सामान्य वर्ग) के लिए आरक्षित किया गया है।

20 बीसी वार्डों से एक महिला व एक पुरुष उम्मीदवार मेयर पद के प्रबल दावेदार हैं। कांग्रेस, बीआरएस व भाजपा ने अपने मजबूत वार्डों में टिकट दिए हैं, किंतु टिकट न मिलने पर कई स्वतंत्र उम्मीदवार चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। सभी की निगाहें मेयर पद पर केंद्रित हैं।

## नाशिक साहित्य फाउंडेशन: गुरय्या स्वामी को राष्ट्रीय साहित्य सेवा भूषण पुरस्कार

**नासिक, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नासिक स्थित साहित्यकणा फाउंडेशन ने वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय साहित्य सेवा भूषण पुरस्कार कर्नाटक राज्य मराठी साहित्य परिषद के अध्यक्ष गुरय्या रे. स्वामी को घोषित किया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार महाराष्ट्र के बाहर मराठी साहित्य के प्रचार-प्रसार और संवर्धन में निरंतर योगदान देने वाले



साहित्यकारों को दिया जाता है।कर्नाटक में पिछले तीन दशकों से गुरय्या रे. स्वामी ने मराठी भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरस्कार 1 फरवरी 2026 को नाशिक में आयोजित राज्यस्तरीय साहित्यकणा सम्मेलन में भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय गोराडे और सचिव विलास पंचभाई ने यह जानकारी दी। चयन पर साहित्यकारों, कवियों और साहित्यिक संस्थाओं ने गुरय्या स्वामी को बधाई दी है।

## राज्य विकास और जनकल्याण योजनाओं को प्राथमिकता : जुपल्ली

**कुमरमभीम-आसिफाबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य के पर्यटन, संस्कृति एवं आबकारी मंत्री व जिला प्रभारी जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा कि राज्य के विकास और जनकल्याण योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे, एसपी नितिका पंत, विधान परिषद सदस्य दांडे विट्ठल, सिरपुर विधायक पलवई हरीश बाबू, एडिशनल



कलेक्टर दीपक तिवारी, डीएफओ नीरज कुमार, कागज़नगर सब-कलेक्टर श्रद्धा शुक्ला, एएसपी चित्तरंजन और कागज़नगर मार्केट कमेटी चेयरमैन सुद्दला देवैया सहित अधिकारियों ने शिलान्यास किया।मंत्री ने कहा कि सरकार विकास कार्यों के साथ फ्री बसें, घरेलू बिजली, महिलाओं के लिए 500 रुपये सब्सिडी वाले सिलेंडर और स्वयं सहायता समूहों को ब्याज मुक्त ऋण जैसी योजनाएँ चला रही है। उन्होंने जिले में शिक्षा व चिकित्सा विकास पर जोर दिया। विधान परिषद सदस्यों ने सरकारी अस्पताल निर्माण व इंदिरम्मा हाउस स्वीकृतियों पर मंत्री को बधाई दी तथा कल्याण योजनाओं का सही लाभ पहुँचाने का आश्वासन दिया।सिरपुर विधायक ने कागज़नगर के लिए 100 बेड अस्पताल, 18 करोड़ का इंफ्रास्ट्रक्चर, 35 करोड़ का पेयजल फंड और कौटाला में डायलिसिस सेंटर की मंजूरी पर प्रसन्नता जताई। इससे पहले एसपीएम गेस्ट हाउस में मंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत व सलामी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## कक्षा 10 के 2700 छात्रों को अल्पाहार वितरण

**आसिफाबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला अपर कलेक्टर (स्थानीय निकाय) एवं शिक्षा अधिकारी दीपक तिवारी ने जिले के सभी सरकारी व स्थानीय निकाय उच्च विद्यालयों में कक्षा 10 के छात्रों के लिए विशेष सुबह-शाम कक्षाएं शुरू की हैं। कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे की पहल पर सिंगरेनी कोलियरी कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक एम. विजयभास्कर रेड्डी ने एक माह के लिए 2700 छात्रों को नाश्ता उपलब्ध कराने हेतु 5,91,140 रुपये



स्वीकृत किए। जिला परिषद गर्ल्स हाई स्कूल में स्नैक्स वितरण कार्यक्रम में महाप्रबंधक मुख्य अतिथि बने। उन्होंने छात्रों को दसवीं परीक्षा में 100% सफलता, नियमित स्कूल उपस्थिति व उच्च शिक्षा पर जोर दिया।

कार्यक्रम में जिला शैक्षणिक निगरानी अधिकारी उप्पलेटी श्रीनिवास, मंडल शिक्षा अधिकारी राठौड़ सुभाष, प्रधानाचार्य जनार्दन, सिंगरेनी स्टाफ व शिक्षक शामिल हुए। नाश्ता वितरण पर छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया।

## स्वच्छता समस्याओं के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन



**बेल्लमपल्ली, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाजपा के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय के सामने स्वच्छता समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नगर अध्यक्ष दारा कल्याणी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में नेताओं ने कहा कि नगर के 34 वार्डों में स्वच्छता की स्थिति खराब है, सफाई का काम पूरी तरह बंद है और कूड़ा उठाने वाले वाहन समय पर नहीं आ रहे।

उन्होंने पेयजल आपूर्ति की समस्याओं का भी जिक्र किया, जिसके कारण लोग मिनरल वाटर प्लांटों पर निर्भर हैं। प्रदर्शनकारियों ने नगर के सभी 34 वार्डों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की। नगर आयुक्त तन्नीरु रमेश ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में भाजपा निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी राछर्ला संतोष, पूर्व विधायक आमुराजुला श्रीदेवी और अन्य नेता शामिल हुए।

## 47 लाभार्थियों को इंदिरम्मा हाउस दस्तावेज़ वितरित



**कागज़नगर, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू ने सर सिल्क इलाके के वार्ड नंबर 1, 2, 3, 16 और ओल्ड कॉलोनी के वार्ड नंबर 15 में 47 लाभार्थियों को इंदिरम्मा हाउस के मंजूरी दस्तावेज़ बांटे। यह वितरण कार्यक्रम आज सुबह आयोजित हुआ। विधायक ने इस मौके पर कहा कि सभी लाभार्थी सरकार की इस घर निर्माण योजना का लाभ उठाएँ, तुरंत काम शुरू करें और मानसून से पहले घरों का निर्माण पूरा कर लें। उन्होंने आश्वासन दिया कि वार्डों में मौजूद समस्याओं को धीरे-धीरे दूर किया जाएगा।

## शिक्षिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**बेल्लमपल्ली, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिले के मंदामारी शहर के मार्केट एरिया, जोन-1 में रहने वाली सब्बनी विजयलक्ष्मी (53) ने सोमवार सुबह अपने घर के बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका पिछले दस वर्षों से शहर के तवक्कल स्कूल में बायोलॉजी शिक्षिका के रूप में कार्यरत थीं, उनके पति सब्बनी शेखर सिंगरेनी के पूर्व कर्मचारी हैं और दो बेटे हैं।

सात माह पूर्व हैदराबाद में पैरालिसिस के लिए मस्तिष्क का ऑपरेशन होने के बाद स्वास्थ्य समस्याओं से मानसिक परेशानी हुई, जिसके कारण उन्होंने नौकरी भी छोड़ दी। बीमारी व तनाव से व्यथित होकर सुबह 4 बजे बाथरूम में फांसी लगा ली।

मंदामारी पुलिस ने पति सब्बनी शेखर की शिकायत पर मामला दर्ज किया। सब-इंस्पेक्टर राजशेखर ने मौके का पंचनामा किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मंचेरियाल सरकारी अस्पताल भेज दिया। जांच जारी है।

## रोड सेफ्टी नियमों का पालन करें : माचा शिवकुमार

**वरंगल, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सोमवार को अराईव अलाइव कार्यक्रम के तहत, उन इलाकों की पहचान की गई, जहां सबसे ज़्यादा सड़क हादसे होते हैं, उन्हें ब्लैक स्पॉट के तौर पर पहचाना गया और उसी इलाके में दुर्घटना के शिकार लोगों को उनकी गलतियों और उनकी शिकायतों के बारे में बताया गया। जिससे लोगों में जागरूकता आई। इस मौके पर सीआई एम. शिवकुमार ने कहा कि लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट पहनना चाहिए, कोई भी शराब पीकर गाड़ी न चलाए और सभी को ट्रैफिक




नियमों का पालन करना चाहिए। इस कार्यक्रम में एससी सतीश और सदानंद ब्लू कोर्ट स्टाफ ने भी हिस्सा लिया।



# एफकॉन 2025 : अतिरिक्त समय में सेनेगल ने मोरक्को को हराया, विवादों से भरे फाइनल में दूसरी बार बना चैंपियन

रबात, 19 जनवरी (एजेंसियां)।

सेनेगल ने अफ्रीका कप आफ नेशंस (एफकान) 2025 के फाइनल में मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। अतिरिक्त समय में पापे गुएये के निर्णायक गोल ने सेनेगल को जीत दिलाई, लेकिन यह मुकाबला एक विवादास्पद पेनल्टी और मैदान के बाहर-भीतर हुई बदसूरत घटनाओं के कारण चर्चा में रहा।

मैच का सबसे नाटकीय पल तब आया, जब इंजरी टाइम के 24वें मिनट में मोरक्को को पेनल्टी मिली। ब्राहिम डियाज़ के खिलाफ बाक्स में फाउल को लेकर वीएआर जांच के बाद रेफरी जीन-जैक्स नडाला ने स्पाट-किक दी। हालांकि, करीब 20 मिनट तक चले हंगामे और विरोध के बाद डियाज़ जब पेनल्टी लेने पहुंचे तो उनका कमजोर चिप शाट सेनेगल के गोलकीपर एडुआर्ड मेंडी ने आसानी से बचा लिया।

पेनल्टी के फैसले से सेनेगल के खिलाड़ी और फैंस भड़क गए थे। कई खिलाड़ी मैदान छोड़ने लगे, जबकि स्टेडियम के एक हिस्से में मौजूद सेनेगल समर्थकों ने कुर्सियां और अन्य वस्तुएं फेंक दीं और मैदान में घुसने की कोशिश की। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस और स्टूवर्ड्स को दखल देना पड़ा।

इससे पहले भी सेनेगल का एक गोल विवाद में रहा था, जब इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में अब्दुलाये सेक के हेडर के बाद इस्माइला सार्र के रिबाउंड गोल को फाउल बताकर रद्द कर दिया गया।

पेनल्टी बचने के बाद सेनेगल का आत्मविश्वास बढ़ गया और अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में उसने विजयी गोल दाग दिया। सादियो माने ने मिडफील्ड में गेंद जीती और इद्रिस्सा गाना गुएये के जरिए पापे गुएये को पास दिया। विल्लारियल के मिडफील्डर पापे गुएये ने मोरक्को के कप्तान अशरफ हकीमी को पीछे छोड़ते हुए शानदार शाट से गेंद को टाप कार्नर में डाल दिया।

66,526 दर्शकों से खचाखच भरे प्रिंस मौले अब्देल्लाह स्टेडियम में यह गोल मेजबान फैंस के लिए बड़ा झटका साबित हुआ। ब्राहिम डियाज़ को इसके बाद तुरंत बदल दिया गया। हालांकि मोरक्को के पास बराबरी का मौका भी था, लेकिन अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में नायफ अगुएर्द का हेडर क्रासबार से टकरा गया।

मोरक्को अपने घरेलू मैदान पर 50 साल बाद दूसरा एफकान खिताब जीतने का सपना देख रहा था, लेकिन यह सपना टूट गया। वहीं सेनेगल ने आखिरी मिनटों में 2-0 करने का मौका गंवाया, जब चेरीफ एनडियाए गोल नहीं कर पाए, लेकिन टीम ने बढ़त बनाए रखी।

## न्यूज ब्रीफ

### शुभमन को टी20 विश्वकप के लिए शामिल नहीं करने का फैसला सही : पार्थिव

**मुम्बई।** बल्लेबाज शुभमन गिल को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किये जाने जहां कई



दिग्गजों ने नाराजगी जतायी है। वहीं आईपीएल में शुभमन की ही टीम गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल ने इसे सही फैसला बताया है। पार्थिव के अनुसार शुभमन का प्रदर्शन पिछले काफी समय से टी20 में अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में उन्हें टीम में शामिल नहीं करना सही फैसला था। आईपीएल में शुभमन गुजरात टाइटंस के कप्तान है पर फिर भी पार्थिव का मानन है कि चयन समिति का फैसला सही है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन प्रदर्शन के आधार पर होता है, न कि इस आधार पर कि आप कितने नामी और बड़े खिलाड़ी हैं। पार्थिव के अनुसार पिछले कुछ समय में शुभमन का जैसा फार्म रहा है उसको देखते हुए उन्हें बाहर रखकर चयन समित ने ठीक काम किया है। कोच ने कहा कि घरेलू क्रिकेट में कप्तानी संभालने के बावजूद अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह मैदान में प्रदर्शनों से ही मिलती है।शुभमन के आंकड़े टी20 में अधिक प्रभावशाली नहीं रहे हैं। साल। 2025 एशिया कप में भी टी20 टीम में जगह हासिल करने के बाद भी शुभमन रन नहीं बना पाये। उन्हें टीम में उपकप्तानी भी दी गयी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने करीब 15 मैच खेले पर प्रभावित नहीं कर पाये।शुभमन का प्रदर्शन आधुनिक टी20 क्रिकेट के अनुसार नहीं रहा। उनका बल्लेबाजी औसत 25 से नीचे और स्ट्राइक रेट 140 से कम रहा, जो चयनकर्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरुप नहीं रहा। टीम प्रबंधन एक ऐसे खिलाड़ी की तलाश कर रहा था जो तीनों प्रारुप में कप्तानी संभाल सके। इसी लिए शुभमन को अवसर दिया गया था पर ट्रायल पीरियड में ही वह असफल रहे। ऐसे में चयनसमिति ने टी20 विशवकप में पारी की शुरुआत के लिए एक बार फिर आक्रामक बल्लेबाज संजू सैमसन को शामिल किया है।

### रोहित के संन्यास की अटकलें फिर तेज हुईं

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के न्यूजीलैंड के खिलाफ



असफल रहने से एक बार फिर उनके संन्यास की अटकलें सोशल मीडिया में लगायी जाने लगी हैं। ये भी कहा जाने लगा है कि 38 साल के रोहित जिस प्रकार से कीवी टीम के खिलाफ तीनों ही मैच में असफल रहे हैं। उससे लग है है कि वह लय हासिल नहीं कर पा रहे हैं। रोहित नये साल की अपनी पहले ही सीरीज में संघर्ष करते दिखे हैं। 3 मैचों की इस सीरीज में रोहित एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। तीन मैचों में वह कुल 61 रन ही बना पाये। पहले दो मैचों में 26 और 24 रन बनाने के बाद तीसरे मैच में वह 11 रन पर ही आउट हो गये। इस तरह पांच महीने के लंबे एकदिवसीय ब्रेक के बाद उतरे रोहित बिना कोई अर्धशतक लगाए ही पेवेलियन लौट गए। ऐसे में सोशल मीडिया पर उनके संन्यास की अटकलें बढ़ गयी हैं। कई यूजर्स लिख रहे हैं कि शायद ये रोहित का अंतिम एकदिवसीय हो और वो इस प्रारुप से भी संन्यास ले लें। कीवी टीम के साथ तीनों ही मैचों में रोहित सहज नहीं रहे। उनका औसत 20.33 और स्ट्राइक रेट 76.25 रहा। यह प्रदर्शन उनके पिछले अंतरराष्ट्रीय दौरे से बिल्कुल विपरीत रहा, जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में 146 रन बनाए थे।

### विराट ने शतक के साथ ही बनाये कई रिकार्ड, सचिन का भी एक रिकार्ड तोड़ा

**इंदौर।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय



क्रिकेट मुकाबले में शानदार शतक लगाकर कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। विराट हालांकि इस मैच में टीम को हार से नहीं बचा पाये हैं। विराट ने इस मैच में 108 गेंदों में 124 रन बनाकर कई बड़े रिकार्ड अपने नाम किये हैं। कोहली ने अपनी इस पारी के साथ ही कदिवसीय करियर का अपना 54वां शतक लगाया। वहीं अंतरराष्ट्रीय करियर में यह उनका 85वां शतक था। विराट की इस पारी के बाद भी भारतीय टीम 339 के लक्ष्य का पीछा करते हुए 296 रन ही बना पायी। विराट ने होल्कर स्टेडियम में शतक के साथ ही सचिन तेंदुलकर का 34 स्थलों पर शतक लगाने का रिकार्ड भी तोड़ दिया। इंदौर दुनिया का 35वां मैदान बना है जिस पर विराट ने शतक लगाया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सभी फार्मेट मिलाकर विराट का यह 10वां शतक था और इस शतक के साथ ही वह कीवी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस प्रकार उन्होंने जैक कैलिस, जो रूट और तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। इन तीनों के ही न्यूजीलैंड के खिलाफ 9-9 शतक हैं। विराट न्यूजीलैंड के खिलाफ सातवां एकदिवसीय शतक लगाते ही एकदिवीसय में इस टीम के खिलाफ सबसे अधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वीरेन्द्र सहवाग और आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्ताप रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा है। सहवाग और पोंटिंग ने एकदिवसीय में न्यूजीलैंड के खिलाफ 6-6 शतक लगाए हैं. जबकि विराट के नाम 7 शतक हो गये हैं।

## एचआईएल ने मुझे एक बेहतर स्ट्राइकर बनाया : लालरेमसियामी

**श्राची बंगाल टाइगर्स की लालरेमसियामी वुमेंस हीरो एचआईएल 2025-26 में रहीं रनर-अप**

**भारतीय दिग्गज अब वुमेंस 2026 एफआईएच हाकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स की तैयारी में जुटीं**

नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसियां)।

**श्राची बंगाल टाइगर्स की फारवर्ड लालरेमसियामी ने वुमेंस हीरो हाकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 में अपनी टीम के रनर-अप रहने पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे व्यक्तिगत और टीम दोनों स्तर पर सीख से भरा सीजन बताया। उन्होंने भरोसा जताया कि टीम अगले सीजन में एक कदम और आगे बढ़ते हुए खिताब जरूर जीतेगी।**

**लालरेमसियामी ने एक आधिकारिक बयान में कहा**



हमारे लिए यह सीजन काफी अच्छा रहा। हम जरूर चैंपियन बनना चाहते थे, लेकिन एक टीम के तौर पर हमने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कई बार नतीजे आपके नियंत्रण में नहीं होते, लेकिन इस बार हीरो एचआईएल का अनुभव मुझे बहुत पसंद आया। हमने खेल का आनंद लिया और एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा।

श्राची बंगाल टाइगर्स ने टूर्नामेंट में कई मुकाबले खेले, जो पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचे, जिसमें एसजी पाइपर्स के खिलाफ खेला गया फाइनल भी शामिल रहा। इन दबाव भरे मुकाबलों पर बात करते हुए लालरेमसियामी ने कहा कि टीम ने नतीजों से ज्यादा अपने खेल पर ध्यान केंद्रित रखा।

उन्होंने कहा, एसजी पाइपर्स के खिलाफ पहले भी हमारे मुकाबले बहुत करीबी रहे थे। एक मैच में आखिरी समय में गोल खाने के बाद शूटआउट हुआ और दूसरे में हम हावी रहे लेकिन गोल नहीं कर सके। हमें लगा कि हम मैच जीत सकते थे। फाइनल से पहले हमारा फोकस सिर्फ अपने खेल और स्किल्स पर था, लेकिन दुर्भाग्य से हम तय समय में जीत हासिल नहीं कर सके। फिर भी यह अनुभव हमारे लिए बहुत अहम रहा।

टूर्नामेंट की धीमी शुरुआत के बाद बंगाल टाइगर्स ने लय पकड़ी। लालरेमसियामी ने टीम के माहौल, संवाद और सीनियर खिलाड़ियों की भूमिका की जमकर तारीफ की।

उन्होंने कहा, हमें काम्बिनेशन बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं मिला था, लेकिन खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने एक-दूसरे को समझने में पूरी मेहनत की। टीम का माहौल और कम्युनिकेशन बहुत अच्छा रहा। सीनियर खिलाड़ियों ने युवा खिलाड़ियों को सही दिशा दिखाई, जिसका असर मैदान पर साफ दिखा।

व्यक्तिगत तौर पर भी यह सीजन लालरेमसियामी के लिए खास रहा। उन्होंने तीन गोल दागे और टूर्नामेंट की टाप-5 गोल स्कोरर्स में जगह बनाई।

उन्होंने कहा, पिछले सीजन में मैं मिडफील्ड में खेल रही थी, लेकिन इस बार पूरे टूर्नामेंट में स्ट्राइकर की भूमिका में रही। इससे मुझे गोल करने के ज्यादा मौके मिले। मिडफील्ड और डिफेंस के खिलाड़ियों का सपोर्ट शानदार रहा। मैंने इस सीजन को काफी एन्जाय किया।

उन्होंने यह भी माना कि हीरो एचआईएल ने सर्कल के अंदर उनके फैसले लेने की क्षमता को बेहतर किया।

उन्होंने कहा, स्ट्राइकर के तौर पर 111 और दबाव की परिस्थितियों में तुरंत फैसला लेना होता है। इस लीग में मुझे ऐसे कई मौके मिले। शुरुआत में कुछ गलत फैसले भी हुए, लेकिन मैच दर मैच मैंने सीखा और अब मेरा डिसीजन मेकिंग काफी बेहतर हुआ है।

भारतीय खिलाड़ियों के मजबूत कोर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि वंदना कटारिया, मोनिका और गुरजीत जैसी सीनियर खिलाड़ियों के साथ फिर से खेलना खास अनुभव रहा।

आगे की चुनौतियों को देखते हुए लालरेमसियामी ने कहा कि मार्च में हैदराबाद में होने वाले वुमेंस 2026 एफआईएच हाकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स समेत बड़े टूर्नामेंटों में हीरो एचआईएल का अनुभव बेहद काम आएगा। उन्होंने कहा, आने वाले समय में हमें कई हाई-प्रेशर मैच खेलने हैं, जहां शूटआउट से नतीजे तय होंगे। हीरो एचआईएल ने हमें मानसिक तौर पर मजबूत बनाया है। यह अनुभव निश्चित रूप से वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स और भविष्य के टूर्नामेंट में मेरी मदद करेगा।

## आईसीसी ने टी20 विश्वकप को लेकर बांग्लादेश बोर्ड को दो दिनों का समय दिया

International Cricket Council

**भारत में खेलने को तैयार नहीं होती तो स्काटलैंड को करेंगे शामिल**

दुबई, 19 जनवरी (एजेंसियां)।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को चेतावनी दी है कि वह टी20 विश्वकप भारत में खेलने के लिए तैयार हो जाएं, वहीं अगर वह ऐसा नहीं करती है तो उसकी जगह किसी अन्य टीम को अवसर दे दिया जाएगा। आईसीसी ने कहा है कि बांग्लादेश की जगह किसी यूरोपीय टीम को शामिल किया जा सकता है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी ने बीसीबी को 21 जनवरी तक का समय दिया है साथ ही कहा है कि अगर वे इसमें नहीं मानते तो उनकी जगह पर स्काटलैंड को शामिल किया जाएगा। इसका कारण है कि स्काटलैंड की टी20 रैंकिंग भी अच्छी है। वहीं बीसीबी का कहना है कि उसके मुकाबले सुरक्षा कारणों से भारत से बाहर रखे जाएं। इस मामले में आईसीसी ने जांच में पाया कि सुरक्षा चिन्ताओं जैसा कोई मामला नहीं है। आईसीसी अधिकारियों ने ढाका में बीसीबी के साथ हुई बैठक में उसे समय सीमा में भारत दौरे पर फैसला करने कहा। वहीं बीसीबी ने सुरक्षा कारणों से भारत में अपने मैचों को सह मेजबान श्रीलंका में रखने की मांग फिर की। आईसीसी के अनुसार बांग्लादेशी टीम को किसी प्रकार का खतरा नहीं है। ईसीसी ने बीसीबी के आयरलैंड के साथ ग्रुप बदलने के सुझाव को भी खारिज कर दिया है। आयरलैंड अपने सभी ग्रुप स्तर के मैच श्रीलंका में खेलता है। बीसीबी ने कहा था कि उसके ग्रुप को आयरलैंड से बदल दिया जाये। वहीं बांग्लादेश को अपने तीन ग्रुप स्तर के मैच कोलकाता और चौथा मुंबई में खेलने हैं।

## टी20 सीरीज में श्रेयस को नंबर तीन पर उतारें : इरफान पठान




**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व आलराउंडर इरफान पठान का कहना है कि न्यूज़ीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को नंबर तीन पर उतारना चाहिये। पठान के अनुसार श्रेयस स्पिन और तेज गेंदबाज़ी दोनो को आसानी से खेलते हैं। इस कारण नंबर चार पर उन्हें रखना फायदेमंद रहेगा। श्रेयस ने सर्जरी के बाद भारतीय टीम में वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें बल्लेबाज तिलक वर्मा के फिट नहीं होने के कारण टी20 टीम में शामिल किय गया है। पठान ने श्रेयस की बल्लेबाज़ी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह स्पिन को अच्छे से खेलते हैं। इसके अलावा वह तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी सहज हैं। पठान ने कहा कि वह यार्कर गेंद पर भी अच्छे शाट लगाते हैं। पठान के अनुसार टी20 सीरीज के अनुभवों का लाभ भारतीय टीम को टी20 विश्वकप में मिलेगा। उनके अनुसार नंबर तीन पर श्रेयस अय्यर के आने से भारत की बल्लेबाज़ी में गहरायी आयेगी। इसका कारण है कि श्रेयस हालात के अनुसार खेलने वाले बल्लेबाज हैं।

## पाक दौरे के लिए आस्ट्रेलिया की 17 सदस्यीय टी20 टीम घोषित, कमिंस-हेजलवुड-डेविड को मिला आराम

मेलबर्न, 19 जनवरी (एजेंसियां)।

आस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान दौरे के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान कर दिया है। चोट से जूझ रहे कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड को इस दौरे से आराम दिया गया है, ताकि वे आगामी टी20 वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह फिट हो सकें।

आस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में खेले जाने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण चुना है। बिग बैश लीग (बीबीएल) में शानदार प्रदर्शन के दम पर पर्थ स्कार्चर्स के तेज गेंदबाज माहली बीर्डमैन और सिडनी सिक्सर्स के युवा आलराउंडर जैक एडवर्ड्स को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ी अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू नहीं कर पाए हैं, लेकिन इससे पहले भारत दौरे के दौरान वे व्हाइट-बाल स्क्वाड का हिस्सा रह चुके हैं।

ब्रिस्बेन हीट के बल्लेबाज मैथ्यू रेनशा भी पाकिस्तान के खिलाफ अपने टी20



अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के दावेदार हैं। हाल के बिग बैश सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन को इसका इनाम मिला है। रेनशा ने पिछले दो बीबीएल सीजन में 604 रन बनाए हैं और उनका औसत 35.53 रहा है।

जैक एडवर्ड्स इस समय सिडनी सिक्सर्स के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने मौजूदा बिग बैश में 15 विकेट झटके हैं। वहीं 20 वर्षीय माहली बीर्डमैन ने अपने पहले फुल बीबीएल सीजन में 8 विकेट लेकर पर्थ स्कार्चर्स को शीर्ष पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

बीबीएल 15 के फाइनल में खेलने वाले खिलाड़ी टूर्नामेंट खत्म होने के बाद पाकिस्तान में टीम से जुड़ेंगे।

चयन समिति के अध्यक्ष जार्ज बेली ने कहा, यह सीरीज उन खिलाड़ियों के लिए शानदार मौका है जो चयन की दहलीज पर हैं। साथ ही कुछ युवा खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप ग्रुप के साथ अनुभव हासिल करने का अवसर मिलेगा।


पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के तीनों टी20 मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में 29 जनवरी, 31 जनवरी और 1 फरवरी को खेले जाएंगे। इस दौरे पर जाने वाले 17 में से 10 खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप स्क्वाड का भी हिस्सा हैं।

आस्ट्रेलिया को भरोसा है कि जोश हेजलवुड (हैमस्ट्रिंग और एचिलीज चोट) और टिम डेविड (हैमस्ट्रिंग) टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत तक फिट हो जाएंगे। वहीं पैट कमिंस की पीठ की चोट से उबरने को लेकर टीम प्रबंधन धैर्य बरत रहा है और उम्मीद है कि वह टूर्नामेंट के आखिरी चरण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। टी20 वर्ल्ड कप में आस्ट्रेलिया अपने ग्रुप मैच श्रीलंका में खेलेगा, जबकि सुपर-8 में पहुंचने पर टीम भारत का रुख करेगी।

## ला लीगा 2025-26: रियल सोसिएदाद ने बार्सिलोना को 2-1 से चौंकाया, जीत का सिलसिला टूटा

सान सेबेस्टियन, 19 जनवरी (एजेंसियां)।

रियल सोसिएदाद ने रविवार को बारिश से भीगे सान सेबेस्टियन में खेले गए रोमांचक मुकाबले में ला लीगा 2025-26 की टेबल टापर बार्सिलोना को 2-1 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। इस हार के साथ ही बार्सिलोना का सभी प्रतियोगिताओं में चला आ रहा 11 मैचों का जीत का सिलसिला भी टूट गया। मैच के दौरान बार्सिलोना ने जबरदस्त दबाव बनाया, खासकर दूसरे हाफ में, लेकिन टीम की बदकिस्मती यह रही कि उसके खिलाड़ी पांच बार गोलपोस्ट या क्रासबार पर गेंद मार बैठे। वहीं सोसिएदाद ने अपने सीमित मौकों का शानदार तरीके से फायदा उठाया। मेजबान टीम के लिए मिकेल ओयारजाबाल ने 32वें मिनट में जोरदार वाली के जरिए स्कोरिंग की शुरुआत की। इसके बाद 70वें मिनट में बार्सिलोना के सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मार्कस रैशफोर्ड ने करीबी दूरी से हेडर लगाकर बराबरी कर दी। हालांकि,



खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी और महज एक मिनट बाद गोंकालो गुएडेस ने बाक्स के अंदर से शानदार वाली मारकर सोसिएदाद को फिर से बढ़त दिला दी। मैच के अंतिम क्षणों में रियल सोसिएदाद को बड़ा झटका लगा, जब 88वें मिनट में कार्लोस सोलर को पेड्री पर खतरनाक स्लाइडिंग टैकल के लिए सीधा रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे मेजबान टीम 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई। हार के बावजूद हांसी फ्लिक के कोचिंग में खेल रही बार्सिलोना 49 अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर बनी हुई है और दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड से वह सिर्फ एक अंक आगे है। विल्लारियल और एटलेटिको मैड्रिड दोनों के 41-41 अंक हैं और वे काफी पीछे हैं। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच तेज और आक्रामक खेल देखने को मिला। सातवें मिनट में फर्मिन लोपेज का गोल ङ्क्रके बाद रद्द कर दिया गया, क्योंकि बिल्ड-अप में ताकेफुसा कुबो पर फाउल पाया गया। इसके अलावा दोनों टीमों के शुरुआती गोल आफसाइड के चलते अमान्य करार दिए गए। दूसरे हाफ में बार्सिलोना ने बराबरी के लिए पूरी ताकत झोंकी। दानी ओल्मो ने लगातार दो शाट पोस्ट पर मारे, जबकि 51वें मिनट में रेमिरो ने फेरान टोरेस का पक्का गोल बचाया। 65वें मिनट में राबर्ट लेवांडोव्स्की का हेडर भी गोलकीपर के शानदार बचाव के बाद पोस्ट से टकरा गया। आखिरी मिनटों में एक खिलाड़ी ज्यादा होने के बावजूद बार्सिलोना गोल नहीं कर सकी। इंजरी टाइम में रैशफोर्ड का कर्लिंग कार्नर भी नजदीकी पोस्ट से टकरा गया, जो इस हाफ में बार्सिलोना की पांचवीं बार लकड़ी से टकराने वाली कोशिश थी।

इस जीत के साथ रियल सोसिएदाद ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी दौड़ को और रोमांचक बना दिया, जबकि बार्सिलोना को सीजन की सबसे कड़ी चुनौतियों में से एक का सामना करना पड़ा।



# वर्चुअल बैटलफील्ड में दौड़ेंगी रॉयल एनफील्ड की दो बाइक्स

नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसियां)।

देश की दिग्गज बाइक निर्माता रॉयल एनफील्ड ने क्राफटन इंडिया के साथ साझेदारी कर बेटलग्राउंडस मोबाइल इंडिया (बीजीएमआई) में अपनी मशहूर बाइक्स को शामिल करने का ऐलान किया है। भारत के दो लोकप्रिय शौक मोटरसाइक्लिंग और मोबाइल गेमिंग अब एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलते नजर आएंगे। इस पार्टनरशिप के तहत रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 और कॉन्टिनेंटल जीटी 650 को गेम में राइड करने योग्य मोटरसाइकिल्स के रूप में पेश किया जाएगा, जिससे गेमर्स को एक नया और देसी अनुभव मिलेगा। यह खास फीचर बीजीएमआई के 4.2 अपडेट के साथ 19 जनवरी 2026 से उपलब्ध होगा, जबकि गेम का नया अपडेट 15 जनवरी 2026 को लाइव किया जाएगा। अपडेट के बाद खिलाड़ियों को रॉयल एनफील्ड थीम से जुड़े इन-गेम कंटेंट और रिवॉर्ड्स भी मिलेंगे। इसे भारतीय गेमिंग इंडस्ट्री की अब तक की सबसे बड़ी ब्रांड इंटीग्रेशन में से एक माना जा रहा है, जहां एक ओर बीजीएमआई अपने गेमिंग अनुभव को स्थानीय रंग दे रहा है, वहीं रॉयल एनफील्ड युवा और डिजिटल ऑडियंस से जुड़ने का नया जरिया अपना रहा है। इस साझेदारी को और खास बनाते हुए रॉयल एनफील्ड ने बीजीएमआई से प्रेरित एक कस्टम कॉन्टिनेंटल जीटी 650 भी पेश की है, जिसे दिल्ली के एक कस्टम बाइक बिल्डर के साथ मिलकर तैयार किया गया है। इसके अलावा, बीजीएमआई में 19 जनवरी से 22 फरवरी 2026 तक रॉयल एनफील्ड थीम वाला एक खास इवेंट चलेगा, जिसमें खिलाड़ी स्पिन फॉर्मेट और लॉगिन-बेस्ड सिस्टम के जरिए एक्सक्लूसिव इवेंट क्रेट्स और प्रीमियम रिवॉर्ड्स जीत सकेंगे। इस बाइक में मिलिट्री-स्टाइल आर्मर्ड प्लेटिंग, पिकैटिनी रेल्स, पैराशूट टाई-डाउन पॉइंट्स और बैलून टायर्स जैसे एलिमेंट्स शामिल हैं, जो बीजीएमआई की सर्वाइवल और कॉम्बैट थीम को दर्शाते हैं।

## नए साल में बजाज पल्सर सीरीज हुई पहले के मुकाबले थोड़ी महंगी

**नई दिल्ली।** बजाज पल्सर सीरीज जनवरी 2026 में पहले के मुकाबले थोड़ी महंगी हो गई है। दो पहिया वाहन निर्माता स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो ने नए साल की शुरुआत में अपनी इस लोकप्रिय मोटरसाइकिल रेंज की कीमतों में संशोधन किया है। कंपनी द्वारा इस बार कीमतों में बढ़ोतरी सीमित रखी गई है, लेकिन इसका असर लगभग हर सेगमेंट में देखने को मिल रहा है। नई कीमतों के बाद बजाज पल्सर की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत करीब 79,900 रुपये तक पहुंच गई है, जबकि लाइन-अप का टॉप मॉडल अब लगभग 1.94 लाख रुपये में उपलब्ध है। कंपनी ने कुछ चुनिंदा वैरिएंट्स की कीमतें स्थिर रखी हैं, लेकिन कई मॉडल्स में कुछ सौ रुपये से लेकर करीब 1,500 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। एंट्री लेवल सेगमेंट में आने वाली पल्सर 125 अब पहले से महंगी हो गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### वेदांता की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील को 1,255 करोड़ का नोटिस

**मुंबई ।** ओडिशा सरकार ने देश की दिग्गज माइनिंग कंपनी वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड को लगभग 1,255 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस जारी किया है। यह नोटिस ओडिशा के क्योंझर जिले के कोइरा सर्किल की खदानों से संबंधित है। सरकार का आरोप है कि कंपनी ने अपने खनन पट्टों में न्यूनतम उत्पादन और डिस्पैच लक्ष्य पूरे नहीं किए जो माइनरल कनसेशन रूल्स 2016 के तहत अनिवार्य हैं। डिप्टी डायरेक्टर ऑफ माइंस के कार्यालय ने ईएसएल स्टील को दो अलग-अलग नोटिस भेजे हैं। नोटिस के अनुसार, कंपनी की बीको और फीग्रेड माइनिंग लीज पर खदान संचालन के चौथे वर्ष में तय उत्पादन और डिस्पैच लक्ष्य पूरे नहीं हुए। नियमों के तहत यदि कोई कंपनी न्यूनतम खनन सीमा से कम उत्पादन करती है, तो उसे सरकार को जुर्माना या निर्धारित शुल्क देना पड़ता है। ईएसएल स्टील ने नोटिस पर आपत्ति जताई है। कंपनी का कहना है कि नोटिस में दी गई गणना और आधार कानूनी व तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि वह नोटिस की विस्तृत समीक्षा कर रही है और अपने हितों की रक्षा के लिए सभी कानूनी विकल्प अपनाएगी। इसमें कोर्ट से स्टे और नोटिस रद्द कराने की प्रक्रिया शामिल है। कंपनी का दावा है कि कानूनी मोर्चे पर उसका पक्ष मजबूत है।



### नए लेबर कोड से प्राइवेट सेक्टर में बढ़ा कर्मचारी खर्च



**नई दिल्ली।** नवंबर 2025 में लागू नए लेबर कोड का असर प्राइवेट सेक्टर पर दिखने लगा है। एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में 18,770 करोड़ रुपए का ऑपरेटिंग खर्च दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही के 17,110 करोड़ रुपए से अधिक है। बैंक ने बताया कि कर्मचारी लागत में 800 करोड़ रुपए का इजाफ़ा नए कोड के कारण हुआ। आईसीआईसीआई बैंक ने 145 करोड़ रुपए, यस बैंक 155 करोड़, फेडरल बैंक 20.8 करोड़ और आरबीएल बैंक 32 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया। बीमा कंपनियों में भी खर्च बढ़ा। एचडीएफसी लाइफ ने 106.02 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने 11.04 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने 53.06 करोड़ रुपए का अतिरिक्त असर दर्ज किया। नए कोड के तहत बेसिक सैलरी का हिस्सा बढ़ाना अनिवार्य हो गया, जिससे ग्रेच्युटी, पेंशन और सोशल सिक्योरिटी फंड में योगदान बढ़ा और कुल कर्मचारी लागत में इजाफ़ा हुआ। 21 नवंबर 2025 को चार कोड लागू किए गए, जिनमें वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा शामिल हैं। 29 पुराने कानूनों को इनके अंतर्गत समेकित किया गया।

### मारुति सुजुकी बलेनो बनी देश की नंबर-1 हैचबैक

**नई दिल्ली।** भारतीय कार बाजार में लंबे समय से सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों की सूची में शामिल ऑल्टो, वैगनआर और स्विफ्ट को पीछे छोड़ते हुए मारुति सुजुकी बलेनो देश की नंबर-1 हैचबैक बन गई है। इतना ही नहीं, बलेनो ने ओवरऑल कार बिक्री में भी पहला स्थान हासिल कर लिया है। दिसंबर 2025 में बलेनो की कुल 22,108 यूनिट्स बिकीं, जिससे यह महीने की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार साबित हुई। दिसंबर के आंकड़ों पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि हैचबैक सेगमेंट में मारुति सुजुकी का दबदबा लगातार बना हुआ है। टॉप-10 सबसे ज्यादा बिकने वाली हैचबैक कारों की सूची में मारुति के पांच मॉडल शामिल रहे। खास बात यह रही कि टॉप-4 स्थानों पर भी मारुति की ही कारों ने कब्जा जमाया, जिससे कंपनी की मजबूत ब्रांड वैल्यू और ग्राहकों के भरोसे का अंदाजा लगाया जा सकता है। मारुति सुजुकी बलेनो के लिए दिसंबर 2025 बेहद खास रहा। दिसंबर 2024 में जहां इसकी बिक्री करीब 9,112 यूनिट थी, वहीं एक साल बाद यह आंकड़ा दोगुने से भी ज्यादा बढ़ गया। सालाना आधार पर बलेनो की बिक्री में करीब 143 प्रतिशत की रिकॉर्ड ग्रोथ दर्ज की गई। दूसरे नंबर पर रही मारुति स्विफ्ट की दिसंबर 2025 में 18,767 यूनिट बिकीं और इसमें भी सालाना आधार पर मजबूत बढ़त देखने को मिली। वहीं मारुति वैगनआर की बिक्री दिसंबर 2025 में 14,575 यूनिट रही, जिसमें पिछले साल के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई। ऑल्टो ने बजट सेगमेंट में अपनी पकड़ बरकरार रखी, जबकि टोयोटा ग्लैंजा ने करीब 85 प्रतिशत की सालाना ग्रोथ के साथ टॉप-5 में जगह बनाई।



# बजट में राजकोषीय अनुशासन व अर्थव्यवस्था स्थिर रखने पर पूरा रहेगा जोर : विशेषज्ञ

## सरकार कोई बड़े और चौंकाने वाले सुधारों की घोषणा नहीं करेगी

नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसियां)।

भारतीय शेयर बाजार यह मानकर चल रहे हैं कि केंद्रीय बजट 2026 में सरकार कोई बड़े और चौंकाने वाले सुधारों की घोषणा नहीं करेगी। यह बजट रविवार, 1 फरवरी 2026 को पेश किया जाएगा। विश्लेषकों के मुताबिक सरकार का मुख्य जोर लोकलुभावन उपायों की बजाय राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने और अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने पर रहेगा। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि प्रत्यक्ष करों से जुड़े अहम बदलाव पिछले बजट में किए जा चुके हैं, जबकि जीएसटी से जुड़े सुधार सितंबर 2025 से लागू हो चुके हैं। ऐसे में बजट 2026 में बड़े टैक्स बदलावों की संभावना कम है। सरकार सीमित संसाधनों में संतुलित खर्च की नीति अपना सकती है। अनुमान है कि सरकार वित्त वर्ष 27 में फिस्कल डेफिसिट को जीडीपी के करीब 4.2 फीसदी तक सीमित रखने की कोशिश करेगी। टैक्स से सीमित आय वृद्धि को देखते हुए सरकार डिसइन्वेस्टमेंट के जरिए संसाधन जुटा सकती है। रक्षा, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और एमएसएमई सेक्टर में पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार सरकार का फोकस आर्थिक स्थिरता और सुधारों पर रहेगा। पीएलआई स्कीम को आगे बढ़ाने, एमएसएमई और निर्यातकों को राहत देने तथा नियमों को सरल बनाने के कदम उठाए जा सकते हैं। एक अर्थशास्त्री का मानना है कि रक्षा खर्च में 12-15 फीसदी और कोर इंफ्रास्ट्रक्चर में 8-10 फीसदी तक बढ़ोतरी संभव है। बैंक आफ अमेरिका का कहना है कि सरकार वित्त वर्ष 27 से कर्ज प्रबंधन पर ज्यादा ध्यान दे सकती है और कर्ज-से-जीडीपी अनुपात को 55 फीसदी तक लाने का लक्ष्य तय कर सकती है। कुल मिलाकर, बजट 2026 को लेकर बाजार की उम्मीदें स्थिरता, अनुशासन और दीर्घकालिक विकास पर टिकी हुई हैं, जिससे निवेशकों का भरोसा बना रह सकता है।




## बजट 2026 में शादीशुदा जोड़ों के लिए जॉइंट टैक्सेशन की तैयारी




**नई दिल्ली।** भारत में फिलहाल शादीशुदा होने पर कोई अलग टैक्स सुविधा नहीं है। पति और पत्नी दोनों को अलग पेन, अलग टैक्स स्लैब और अलग छूट मिलती है। यदि पत्नी की आय नहीं है, तो उसकी बुनियादी छूट व्यर्थ चली जाती है। इससे एक ही कमाने वाले परिवारों का टैक्स बोझ बढ़ जाता है। वित्त मंत्रालय अब वैकल्पिक जॉइंट टैक्सेशन सिस्टम लाने पर विचार कर रहा है। इसमें पति-पत्नी अपनी कुल आय को जोड़कर टैक्स भर सकेंगे। बुनियादी छूट सीमा भी बढ़ाई जा सकती है। उदाहरण के तौर पर, यदि वर्तमान में एक व्यक्ति को 3 लाख रुपए की छूट मिलती है, तो जॉइंट फाइलिंग में यह सीमा 6 लाख रुपए या उससे ज्यादा हो सकती है। इसके अलावा, होम लोन ब्याज, मेडिकल इंश्योरेंस और अन्य कटौतियों को भी बेहतर तरीके से एडजस्ट किया जा सकेगा। इस बदलाव का सबसे बड़ा फायदा एक ही कमाने वाले परिवारों को मिलेगा। मिडिल क्लास परिवारों का टैक्स बोझ कम होगा और उच्च आय वाले परिवारों को सरचार्ज में राहत मिल सकती है, क्योंकि वर्तमान 50 लाख रुपए से अधिक आय पर लगने वाला सरचार्ज जॉइंट फाइलिंग में 75 लाख रुपए या उससे अधिक तक बढ़ाया जा सकता है। यदि दोनों पति-पत्नी कमाते हैं, तो उन्हें अलग-अलग स्टैंडर्ड डिडक्शन मिल सकती है। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान ने इस प्रणाली की सिफारिश की है। प्रस्ताव यूनियन बजट 2026-27 में पेश किया जाएगा। बजट सेशन 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा। अगर लागू हुआ, तो यह भारत के टैक्स सिस्टम में एक बड़ा और ऐतिहासिक बदलाव माना जाएगा।

# दावोस 2026: भारत के युवा उद्यमी ला रहे नवाचार और सशक्तिकरण की मिसाल




दावोस, 19 जनवरी (एजेंसियां)।

## दोनों युवा उद्यमी वैश्विक मंच पर पेश कर रहे हैं भारत की सतत विकास और नवाचार की कहानी

ईशान प्रताप सिंह (22 वर्षीय) सामाजिक उद्यमी और वैश्विक सामाजिक स्टार्टअप कोऑपरेशन17 के संस्थापक एवं चेयरमैन, विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) दावोस 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्हें ग्लोबल शेपर के रूप में चुना गया है और वे उन 40 वैश्विक युवाओं में शामिल हैं, जो अपनी पहल और अनुभव को विश्व मंच पर साझा करेंगे। सिंह का मुख्य फोकस नागरिक और सरकारी संस्थाओं के सहयोग से समस्याओं का समाधान करना है। वह दिल्ली और आसपास के शहरी एवं ग्रामीण समुदायों में क्षेत्रीय नगर सभाओं, हितधारकों के संवाद और सार्वजनिक बैठकों के माध्यम से नागरिक सहभागिता बढ़ा रहे हैं। उनका मानना है कि नागरिक व्यवस्था में गड़बड़ी विश्वास की कमी, सूचना विषमता और कोविड-19 के बाद संपर्क की कमी के कारण होती है। सिंह का कहना है कि जमीनी स्तर से शुरू होने वाली समस्या-समाधान पहल ही वैश्विक सहयोग में गिरावट को रोकने और सुधारने का सबसे प्रभावी तरीका है। वहीं असम की दृष्टि मेधी क्विकघी की सह-संस्थापक, पूर्वोत्तर भारत के स्वदेशी समुदायों को सुगम बाजार पहुंच, कौशल विकास और प्रशिक्षण प्रदान करने में लगी हैं। उनका डिजिटल प्लेटफॉर्म एआई आधारित अनुशंसा मॉडल का उपयोग करता है, जिससे व्यापारी सूचित निर्णय ले सकते हैं। मेधी का उद्देश्य श्रमिक वर्ग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। तकनीक और नवाचार के माध्यम से वे भारत को एक उभरता नवाचार केंद्र बनाने और जमीनी स्तर के समुदायों की आवाज को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं।

## विनफास्ट ने लॉन्च किए चार नए इलेक्ट्रिक स्कूटर



**नई दिल्ली।** वियतनामी कंपनी विनफास्ट ने चार नए इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किए हैं। ये स्कूटर बैटरी स्वैप टेक्नोलॉजी से लैस हैं, जिससे राइडर्स को चार्जिंग के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। कंपनी के बैटरी स्वैप नेटवर्क की मदद से ये स्कूटर लगभग नॉनस्टॉप चल सकेंगे। विनफास्ट ने जानकारी दी है कि पहले चरण में 4,500 बैटरी स्वैप स्टेशन पहले ही चालू किए जा चुके हैं। इस ईकोसिस्टम को और विस्तार देने के लिए कंपनी ने ईवो, फेलिझ-2 और वीपर जैसे तीन बैटरी स्वैप कम्पैटिबल स्कूटर पेश किए हैं। हर मॉडल को अलग-अलग जरूरतों और यूजर प्रोफाइल को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसके अलावा, कंपनी ने लाइसेंस-फ्री कैटेगरी में अमियो नाम का पैडल-असिस्टेड इलेक्ट्रिक स्कूटर भी उतारा है, जो खासतौर पर शहरी इलाकों में कम दूरी की यात्रा करने वाले युवाओं को आकर्षित करने के लिए बनाया गया है। विनफास्ट का लक्ष्य 2026 की पहली तिमाही के अंत तक 34 प्रांतों और शहरों में करीब 45,000 बैटरी स्वैप कैबिनेट स्थापित करना है। मॉडल्स की बात करें तो वीपर इस रेंज का टॉप मॉडल है, जिसमें नया चेसिस, एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप और स्मार्ट की सिस्टम दिया गया है। इसमें 3,000वॉट बीएलडीसी इन-हब मोटर मिलती है, जो 70 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड देती है।

# सर्राफा बाजार में सांकेतिक गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

नई दिल्ली, 19 जनवरी (एजेंसियां)।



घरेलू सर्राफा बाजार में सांकेतिक कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई इस मामूली गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,770 रुपये से लेकर 1,43,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 1,31,790 रुपये से लेकर 1,31,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में भी मामूली गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 2,94,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,43,920 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,43,770 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,31,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,43,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,31,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,43,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,43,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### कचरे के...

जांच में यह भी सामने आया है कि बड़े निर्माण कार्यों के दौरान ऐसे मलबे के ढेर अक्सर लग जाते हैं। जब ऊंची इमारतों या बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स का काम शुरू होता है, तो खुदाई से निकला मलबा खाली भूखंडों में डाल दिया जाता है, जिसे बाद में जमीन समतल करने के लिए पुन: उपयोग किया जाता है।

**धूल और दुर्गंध से राहगीर परेशान**

राहगीरों का कहना है कि माधापुर रोड की स्थिति कहीं अधिक खराब है, क्योंकि यहाँ निर्माण मलबे के साथ घरेलू कचरा भी मिलाया जा रहा है। एक यात्री ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा, खुदाई की धूल पहले से ही हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही थी, लेकिन अब मलबे में कचरा मिलने से स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।

क्षेत्र की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने बताया, तेज हवा चलने के दौरान धूल के कारण विजिबिलिटी (दृश्यता) काफी कम हो जाती है, जिससे बाइक चलाना जोखिम भरा हो जाता है, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास बेहतर हेलमेट नहीं है। जहाँ शिल्पा लेआउट फ्लाईओवर के पास का ढेर मुख्य रूप से धूल प्रदूषण का कारण था, वहीं माधापुर रोड के ढेर से मच्छरों का प्रकोप और असहनीय दुर्गंध फैल रही है। पास के अस्पताल में काम करने वाली एक नर्स ने कहा, अधिकारियों को यहाँ नियमित फॉगिंग और पानी का छिड़काव सुनिश्चित करना चाहिए। ये कचरे के पहाड़ शहर की सुंदरता पर धब्बा हैं।

**जीएचएमसी की कार्रवाई का आश्वासन: पुलिस केस और निगरानी की तैयारी**

जीएचएमसी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ये दोनों स्थान उनके अधिकार क्षेत्र में आते हैं और पहले भी इस संबंध में पुलिस मामले दर्ज किए जा चुके हैं। एक जीएचएमसी अधिकारी ने कहा, चाहे वह निजी भूमि ही क्यों न हो, किसी भी व्यक्ति या संगठन को मलबा या कचरा फेंकने की अनुमति नहीं है। स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करने के कारण पहले भी केस दर्ज किया गया था। अधिकारी ने आगे बताया कि सीसीटीवी कैमरे और अस्थायी बैरिकेड्स लगाने के बाद फ्लाईओवर के पास डंपिंग रुक गई है। उन्होंने आश्वासन दिया, हम दूसरे स्थान का भी निरीक्षण करेंगे, नियमों के उल्लंघन की जांच करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

### एमएस मक़ता...

नहीं उठता; बारिश में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं। अंदरूनी गलियों की सड़कें इतनी गड्ढेदार हैं कि बुजुर्गों और बच्चों का चलना भी मुश्किल हो जाता है। छात्र पी. श्रीधर कहते हैं, बारिश का पानी कूड़े के साथ घरों में घुस आता है, पानी की बीमारियों का डर बना रहता है।

सलमा फ़लक जैसी महिलाएं कहती हैं, हम आ-लीशान सुविधाएं नहीं मांग रहे, बस साफ सड़कें, ठीक नालियां और सुरक्षित स्वच्छता चाहिए। लेकिन लगता है एमएस मक़ता जैसी पुरानी बस्तियां शहर की तरक्की की कहानी से बाहर हैं।

### अब तुम्हारे ...

तैनाती के तहत अविनाश कुमार को हैदराबाद के डीसीपी, ट्रैफिक-एक और काजल सिंह को डीसीपी, ट्रैफिक-दो बनाया गया है। दोनों आईपीएस 2021 बैच के हैं। इसी बैच के कंकणाला राहुल रेड्डी को मलकाजगिरी के डीसीपी, ट्रैफिक-एक और शिवम उपाध्याय को फ्यूचर सिटी के डीसीपी (ट्रैफिक) के पद पर नियुक्त किया गया है। एक साल वरिष्ठ एस. शेषाद्रि रेड्डी को सायबराबाद के डीसीपी, ट्रैफिक-दो की जिम्मेदारी दी गई है।

### भाजपा के राष्ट्रीय...

जो न्यूनतम आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक है। निर्वाचन कार्यक्रम 16 जनवरी को जारी किया गया था। नामांकन के लिए आज अपराह्न दो बजे से शाम चार बजे तक का समय निर्धारित किया गया था और शाम चार से पांच बजे के बीच नाम वापस लेने का समय था।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 20 जनवरी, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# पुरुषोत्तम मास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करेगा गोवत्स फाउंडेशन

**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गोवत्स फाउंडेशन द्वारा आगामी पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर 28 मई से 3 जून तक नामपल्ली स्थित नुमाइश मैदान में भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में गोवत्स राधाकृष्णजी महाराज व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे।

**गोसेवा के लिए समर्पित रहेगा कथा आयोजन**

आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि गोवत्स फाउंडेशन की बैठक में भागवत कथा आयोजन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। संस्था ने स्पष्ट किया कि इस कथा आयोजन से बचने वाली संपूर्ण धनराशि का उपयोग गोवत्स फाउंडेशन तथा श्री गोधाम महातीर्थ, पथमेड़ा में गोसेवा के कार्यों के लिए किया जाएगा।

**यजमानों की बैठक 31 जनवरी को**

रमेश लखोटिया के कार्यालय में आयोजित बैठक में गोवत्स फाउंडेशन के अध्यक्ष सीए मुरलीमनोहर



पल्लोड़, मंत्री बद्रीविशाल लोया, संस्था के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण राठी, प्रकाश तापड़िया, अनिल लखोटिया, श्री गोवत्स फाउण्डेशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल एवं रमेश लखोटिया उपस्थित रहे।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 31 जनवरी की शाम को बशीरबाग स्थित होटल प्लेटिनम में यजमानों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी।

**13 वर्षों से गोसेवा में सक्रिय गोवत्स फाउंडेशन**

विज्ञप्ति के अनुसार, गोवत्स फाउंडेशन विगत 13 वर्षों से गोसेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। संस्था द्वारा अब तक 12 करोड़ रुपये मूल्य का चारा तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं राजस्थान में स्थित पथमेड़ा गोशाला को आपदा काल में उपलब्ध कराया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त हैदराबाद की सत्यम् शिवम् सुंदरम् गोशाला, श्री समर्थ कामधेनु गोशाला (जियागुड़ा), ध्यान फाउंडेशन (पालमाकुल), सहयोग ऑर्गनाइजेशन (यादगिरिगुट्टा), श्री गोपाल गोशाला (इब्राहिमपट्टनम) एवं अन्नपूर्णा गोशाला (बंडलगुड़ा) को भी फाउंडेशन द्वारा चारा सहयोग प्रदान किया गया है।

**'जीवन साथ, जीवन के बाद भी' गो ग्रास कार्पस फंड**

गोवत्स फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2021 से 'जीवन साथ, जीवन के बाद भी' गो ग्रास कार्पस फंड योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 5 करोड़ 30 लाख रुपये जमा हो चुके हैं। यह राशि सरकारी बॉन्ड्स एवं बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेशित है, जिससे प्राप्त ब्याज से निरंतर गोसेवा के कार्य किए जा रहे हैं।

फाउंडेशन ने यह भी बताया कि इच्छुक लोग ईसीएस के माध्यम से भी गोसेवा से जुड़ सकते हैं।




# सिखवाल समाज 56-29 आम चौखला ने लिए समाज सुधार के लिए अहम फैसले

**भीलवाड़ा (राजस्थान)/हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रविवार, दि. 18 जनवरी 2026, मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर झरणेश्वर महादेव गायत्री मंदिर परिसर में झरणेश्वर महादेव गायत्री मंदिर कार्यकारिणी एवं 56-29 आम चौखला सिखवाल समाज की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किए गए।



सुरेश व्यास (जानम)

**मृत्यु भोज एवं धोवरा पर नियंत्रण**

-मृत्यु भोज के अवसर पर अधिकतम दो मिठाइयाँ ही बनाई जाएंगी।

-धोवरा में कपड़े केवल ननिहाल, दादेरा एवं ससुराल की ओर से ही न्यूनतम संख्या में दिए जाएंगे। अन्य रिश्तेदार अपनी इच्छा अनुसार राशि लिफाफे में प्रदान करेंगे।

**विवाह एवं सामाजिक आयोजनों में सादगी**

शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों में अधिकतम दो तोला सोना तथा आधा किलो चांदी के आभूषण ही रखने का निर्णय लिया गया।

उपरोक्त सभी प्रस्ताव ब्राह्मणों की सरेरी की आम सभा में पारित किए गए तथा इन्हें 56-29 आम चौखला झरणेश्वर महादेव गायत्री मंदिर में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया।

यह सोमवार, 19 जनवरी 2026 से ही इन नियमों को लागू करने का सर्वसम्मति से निर्णय लेकर प्रस्ताव पारित किया गया।समाज के सभी बंधुओं से विनम्र निवेदन किया गया है कि आगामी कार्यक्रमों में उपरोक्त नियमों को ध्यान में रखते हुए इनकी पूर्ण पालना करें तथा समाज सुधार में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें। हैदराबाद के समाज से भी सुरेश कुमार व्यास (जानम) ने उपरोक्त जानकारी देते हुए हैदराबाद-सिकंदराबाद व समस्त तेलंगाना के सिखवाल समाज बंधुओं से भी इसी तरह के नियम लागू करने की अपील की।



श्रीमद् भागवत कथा एवं नानी बाई का मायरा श्री रामस्नेही राम प्रसाद जी महाराज के मुखारविंद से ताऊसर नागौर में सफल आयोजन पर राम बल्लभ जी भाटी (मामा जी) एवं उनके परिवार का सम्मान करते हुए महेश बैंक के पूर्व चैयरमेन रमेश कुमार बंग वर्तमान निर्देशकों में अमित लड्डा (गग्गू भाई), दीपक कुमार बंग, कैलाश मंत्री एवं भाजपा के युवा नेता श्री अविनाश जी देवड़ा द्वारा सम्मान किया गया।

# तातेड परिवार संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

## मनोज तातेड अध्यक्ष, अनिल तातेड महामंत्री बने

**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तातेड परिवार संघ, हैदराबाद-सिकंदराबाद की आमसभा दि.17 जनवरी को सायंकाल होटल अन्न-पूर्णा, सिकंदराबाद में आयोजित की गई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

संघ के महामंत्री श्री अनिल तातेड एवं श्री रमेश पी. तातेड ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का शुभारंभ पाँच नवकार महामंत्र के जाप से हुआ। बैठक संघ के सलाहकार श्री रमेश पी. तातेड, चेयरमैन श्री महावीर तातेड तथा अध्यक्ष श्री विमल तातेड की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।

सभा में संघ के भूतपूर्व कोषाध्यक्ष स्व. श्री यशवंत तातेड के स्वर्गवास पर सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**आय-व्यय विवरण पारित, पूर्व कार्यकारिणी भंग**

कोषाध्यक्ष श्री पुखराज तातेड ने पिछले कार्यकाल का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके पश्चात महामंत्री श्री अशोक तातेड ने कार्यकाल की गतिविधियों की जानकारी दी। अध्यक्ष श्री विमल तातेड ने अपने कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए अपने विचार एवं सुझाव रखे।

इसके बाद श्री जैन सेवा संघ, हैदराबाद के हाल ही में हुए चुनाव में भारी बहुमत से विजयी रहे श्री मनोज तातेड तथा कोप के सदस्य मनोनीत होने पर श्री महावीर तातेड कोरा का स्वागत कर उन्हें बधाई दी गई।








सभा में सर्वसम्मति से पिछली कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

**नई कार्यकारिणी की घोषणा**

सलाहकार: श्री रमेशजी पी. तातेड, श्री गौतमजी तातेड, श्री पुखराजजी तातेड, श्री विमलजी तातेड, श्री अशोकजी तातेड (कोरा)

**चेयरमैन:** श्री महावीर तातेड, अध्यक्ष: एडवोकेट श्री मनोज तातेड, कार्यकारी अध्यक्ष: श्री अशोक तातेड (एर्रागड्डा), वरिष्ठ उपाध्यक्ष: श्री पुखराजजी तातेड, **उपाध्यक्ष:** श्री पदमजी तातेड, श्री अनिल तातेड (आईटीपीएल), श्री लाभचंदजी तातेड, **महामंत्री:** श्री अनिल तातेड (कोरा), **सहमंत्री:** श्री हुकमीचंद तातेड, **कोषाध्यक्ष:** श्री महेंद्र एन. तातेड।

**भविष्य की योजनाएं और घोषणाएं**

चेयरमैन श्री महावीर तातेड ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। संघ के सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत कर उनसे संगठन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

महामंत्री श्री अनिल तातेड ने सभी सदस्यों से परिवार अथवा संघ से संबंधित किसी भी कार्य में अधिक से अधिक उपस्थिति व सहयोग देने की अपील की। उन्होंने बताया कि वर्ष में कम से कम एक पारिवारिक कार्यक्रम अवश्य आयोजित किया जाएगा तथा महावीर जयंती के अवसर पर तातेड परिवार द्वारा लगाया जाने वाला छाछ का स्टॉल पूर्ववत् जारी रहेगा। संघ के 10 वर्ष पूर्ण होने पर नए सदस्यों को जोड़ने एवं संगठन में कुछ महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव करने का लक्ष्य भी रखा गया।

चेयरमैन श्री महावीर तातेड ने तातेड परिवार की एक पारिवारिक यात्रा आयोजित करने की घोषणा की, जिसकी तिथि एवं समय शीघ्र ही सूचित किया जाएगा। यात्रा में परिवार के सदस्य जोड़ों के साथ सम्मिलित होंगे।

नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मनोज तातेड ने सभी सदस्यों से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी, सुझाव एवं सहयोग देने की अपील की।

सभा का संचालन महामंत्री श्री अनिल तातेड ने किया तथा अंत में उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। बैठक के पश्चात संघ की ओर से भोजन व्यवस्था की गई।

**उपस्थित प्रमुख सदस्य:**

रमेशजी पी. तातेड, पुखराज तातेड, महावीर तातेड, विमल तातेड, अशोक तातेड, मनोज तातेड, अनिल तातेड (कोरा), महेंद्र तातेड, सुशील तातेड, आनंद तातेड, अनिल तातेड (आईडीपीलएल), महावीर तातेड (शेरूर), पदम तातेड, रतन तातेड, हितेश तातेड, रितेश तातेड सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हिंदी क्षेत्रीय भाषाओं की बड़ी बहन : डॉ. दिनेश शर्मा

**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद में संसदीय राजभाषा समिति गृह मंत्रालय भारत सरकार की प्रथम उप समिति की बैठक के संदर्भ में नगर पधारे उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद एवं संसदीय राजभाषा समिति के संयोजक श्री दिनेश शर्मा ने आज हिंदी जर्नलिस्ट असोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक की ।दिनेश शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि समन्वय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की मबड़ी बहनफकी तरह है और सभी भारतीय भाषाएं मिलकर भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करती हैं।

उन्होंने कहा कि हिंदी को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए उन शब्दों पर काम किया





जा रहा है जिनका अभी तक उचित अनुवाद नहीं हुआ है। साथ ही विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे हिंदी के तकनीकी और कठिन शब्दों का सरल अनुवाद करें।

इस अवसर पर श्री महेश अग्रवाल ने उनको दक्षिण भारत में विशेषकर हैदराबाद में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रदान की। साथ ही महेश अग्रवाल ने कहा कि हिंदी के समग्र विकास के लिए प्राइमरी शिक्षा से ही बच्चों को उनकी मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा देना आवश्यक है, ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें।इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण भारत में हिंदी भाषियों विशेषकर गुजराती एवं मारवाड़ी भाषियों की परिस्थितियों के बारे में विस्तृत चर्चा की, जिसे सांसद श्री शर्मा ने ध्यान से सुना ही एवं हर संभव सहायता का वादा किया,उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे हिंदी का प्रचार प्रसार के कार्यों के प्रशंसा की ।प्रतिनिधिमंडल में पत्रिका के प्रधान संपादक श्री महेश अग्रवाल, रिद्धिश जागीरदार, जसमत पटेल, राजेश मालपानी उपस्थित थे ।

# सेवा ही सच्ची साधना : रवि अग्रवाल



**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भूदेवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने जारी नियमित अन्नदान कार्यक्रम के अंतर्गत एक सेवा कार्यक्रम श्रद्धा और सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी रवि अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सच्ची साधना है। सेवा के माध्यम से ही मानवता, करुणा और भाईचारे की भावना समाज में मजबूत होती है।

रवि अग्रवाल ने कहा कि जब सेवा बिना किसी स्वार्थ और अपेक्षा के की जाती है, तब



उसका फल केवल लेने वाले को ही नहीं, बल्कि सेवा करने वाले को भी आत्मिक संतोष प्रदान करता है। उन्होंने राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा निरंतर चलाए जा रहे अन्नदान एवं सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए संजीवनी का कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में जगत नारायण अग्रवाल, रवि अग्रवाल, वंश अग्रवाल, अनिल भाई, पन्ना लाल जी, गोविंद राम जी, अरुण विजयवर्गीय, लता गोयल, नीलम विजयवर्गीय, मीना अग्रवाल, शर्मिला अग्रवाल एवं अर्चना शास्त्री सहित अनेक सेवाभावीजन उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अन्नदान वितरण में सहयोग किया।

# पंजाबी सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया 27वां उत्सव




**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पंजाबी सेवा समिति द्वारा आयोजित 27वां 'लोहड़ी सगाणा दी' समारोह शनिवार की रात धूमधाम संपन्न हुआ। तेलंगाना सरकार के विशेष मुख्य सचिव नवीन मित्तल, आईएएस ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर समारोह को चार चाँद लगाए।

मुख्य अतिथि ने समिति के संरक्षक रवि ओहरी, डी. एन. गौरी, प्रेम कपूर, रमेश पासी; वर्तमान अध्यक्ष दीपक कुमार जायरथ; पूर्व अध्यक्ष पॉल शर्मा जी, योगेश सरपाल, परदीप लूंबा, सुनील पुरी, उमेश ठाकराल ; उपाध्यक्ष जगमोहन सचदेवा, नवीन पासी, अनूप फक्के, रोमी अरोड़ा; कोषाध्यक्ष योगेश सरपाल; महासचिव राजकुमार गणोत्रा; संयुक्त सचिव अमित खरबंदा; सलाहकार समिति सदस्य मुकेश अरोड़ा; कार्यकारिणी सदस्य गुलशन पसरिजा, रमेश तनेजा, नितिन टंडन, विशाल भाटिया, जयपाल खुराना; लेडीज़ विंग की श्रीमती प्रीता अरोरा, श्रीमती नंदा मल्होत्रा, श्रीमती रश्मि खन्ना, श्रीमती मेहरा, श्रीमती शैली कपूर तथा संपूर्ण कार्यक्रम के सूत्रधार श्री रचित पुरी के साथ संयुक्त रूप से पवित्र अलाव प्रज्वलित किया। इस अवसर पर तिल, गुड़, मक्की-फुल्की और मूंगफली अर्पित कर समृद्धि, सद्भाव एवं आशीर्वाद की कामना की गई।

समारोह में युवाओं ने गिद्दा-भांगड़ा, बॉलीवुड-पॉप फ्यूज़ तथा लोकधुनों पर धमाकेदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विशेष रूप से लगाए गए पंजाबी फूड स्टॉल्स पर छोले-भठूरे, मक्के की रोटी-सरसों का साग, तंदूरी मुर्ग, अमृतसरी मछली तथा गाजर का हलवा आदि व्यंजनों ने स्वाद के शौकीनों की लंबी कतारें लगा दीं।

समूचा वातावरण 'सत श्री अकाल' के जयघोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम के अंत में समिति की ओर से सभी अतिथियों, कलाकारों, स्वयंसेवकों और दर्शकों का आभार प्रकट किया गया। उपस्थितजनों ने एक स्वर में कहा कि इस तरह के आयोजन पंजाबी संस्कृति की गंगोत्री को न केवल जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। समारोह रंग-रलियों, दीपों और 'लोहड़ी दी लख लख बधाईयाँ' के नारों के साथ संपन्न हुआ।

# अग्रवाल समाज अत्तापुर शाखा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर सम्पन्न



**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज अत्तापुर शाखा के तत्वावधान में बी.बी.आर. ब्लड बैंक के सहयोग से एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन श्री विद्या निकेतन स्कूल, रामबाग अत्तापुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में समाज के सदस्यों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा का परिचय दिया। शिविर का शुभारंभ महाराज श्री अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण जी फोगला, उपाध्यक्ष नंदा अग्रवाल, मंत्री अशोक जालान, सहमंत्री अंकुर बंसल, परामर्शदाता रामअवतार गुप्ता, मनोज गोयल, मनीष अग्रवाल, केएस मेंबर हनुमान प्रसाद भालवाले, संजय गोयल भालवाले, सदस्य अभिषेक अग्रवाल, गोविंद राज अग्रवाल, लोकेश पित्ती, श्याम अग्रवाल, सुरेश मोदी, सुनील भूत, सुनील कुमार संघी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के पश्चात रक्तदान का कार्य आरंभ हुआ।

इस अवसर पर अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध जी गुप्ता एवं मंत्री श्री विकास केशान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तवीर रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए रक्तदान प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने आज के स्वास्थ्य जटिलताओं के युग में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अत्तापुर शाखा की सराहना की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर आयोजित करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में अग्रवाल समाज तेलंगाना के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री मनीष अग्रवाल, राकेश जालान, आशीष दोचानिया, राजेंद्र जालान आदि भी उपस्थित रहे।

शिविर में कुल 54 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान में नारी शक्ति की सराहनीय भागीदारी रही तथा अभिषेक अग्रवाल के प्रयासों से बंगाली फ्रेंड्स एसोसिएशन, बंजारा हिल्स का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर के दौरान आरंभ से अंत तक जलपान की समुचित व्यवस्था की गई।

बी.बी.आर. ब्लड बैंक द्वारा अत्तापुर शाखा को इस सेवा कार्य के लिए धन्यवाद एवं प्रोत्साहन पत्र प्रदान किया गया। शिविर के अंत में मंत्री अशोक जालान ने रक्तदाताओं, श्रमदाताओं, कार्यकर्ताओं, सदस्यों एवं आर्थिक सहयोगदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अग्रौहा शक्तिपीठ एवं राजस्थान धार्मिक तीर्थयात्रा आज से

**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सनातन परंपरा, पितृ-स्मरण एवं पूर्वजों की पावन भूमि से समाज को जोड़ने के उद्देश्य से अग्रौहा शक्तिपीठ एवं राजस्थान धार्मिक तीर्थयात्रा का आयोजन 20 से 22 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा का आयोजन रघुनाथमल गीताबाई गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट (वेंकटेश्वर ग्रुप), हैदराबाद द्वारा किया जा रहा है।

इस पावन यात्रा में कुल 150 श्रद्धालु सहभागी बन रहे हैं, जो सामूहिक रूप से अग्रसेन महाराज की जन्मभूमि अग्रौहा, कुलदेवी शक्तिपीठ तथा राजस्थान के प्रमुख धार्मिक स्थलोंराणी सती दादी, सालासर बालाजी एवं खाटू श्यामजी के दर्शन करेंगे।



यात्रा की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत कल हैदराबाद में सभी यात्रियों को ट्रैवल किट का वितरण किया गया। ट्रैवल किट में हवाई टिकट, विस्तृत यात्रा कार्यक्रम, पहचान पत्र, जैकेट एवं कैप शामिल थे।

साथ ही यात्रियों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर ग्रुप कैप्टन्स की नियुक्ति की गई, जो पूरी यात्रा के दौरान समन्वय, अनुशासन एवं समय-पालन सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर यात्रियों को सुरक्षा, समय-सारिणी, अनुशासन एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की भी विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे यात्रा सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो सके।20 जनवरी 2026: हैदराबाद से दिल्ली प्रस्थान, रोहतक होते हुए अग्रौहा शक्तिपीठ दर्शन एवं पितृ देव संकीर्तन।21 जनवरी 2026: राणी सती दादी, सालासर बालाजी दर्शन एवं खाटू श्यामजी भजन संध्या।22 जनवरी 2026: खाटू श्यामजी दर्शन एवं जयपुर से हैदराबाद वापसी।

इस पावन धार्मिक पहल के लिए ट्रस्ट के मार्गदर्शक श्री नरेंद्र गोयल जी की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। उनकी प्रेरणा एवं नेतृत्व में यह यात्रा केवल एक धार्मिक कार्यक्रम न होकर समाज में आस्था, एकता एवं संस्कारों को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम बन रही है। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री गोयल जी के मार्गदर्शन में ट्रस्ट भविष्य में भी समाजहित में ऐसे प्रेरणादायी कार्य करता रहेगा।इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन श्री नरेंद्र कुमार गोयल, यात्रा परामर्शदाता श्री सुरेश कुमार अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, गोपाल मोर, विनय जैन, संयोजक अल्का मिंडा, दिनेश कुमार मोदी, श्री प्रतीक कुमार नारसरिया, यात्रा प्रबंधक महक अग्रवाल, रियाकेडिया, सतप्रकाश बंसल, संदीप गोयनका, गणेश कुमार अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, संदीप दादू, अंकित कुमार, विक्रम चंदन एवं आनंद कुमार अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। यह वितरण कार्यक्रम पद्मावती ज्वैलर्स, मयूरकुशल कॉम्प्लेक्स, आबिड्स, हैदराबाद में संपन्न हुआ।

# प्रेरणा फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग आश्रय गृह में वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित

**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए प्रेरणा फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगों के लिए संचालित एक आश्रय गृह में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य संस्था की संस्थापिका एवं संचालिका श्रीमती पूजा गुप्ता के करकमलों द्वारा संपन्न कराया गया।



कार्यक्रम के दौरान आश्रय गृह में निवासरत दिव्यांग बच्चों एवं वयस्कों को नए वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर पूजा गुप्ता ने कहा कि समाज के वंचित एवं विशेष आवश्यकता वाले वर्ग के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग ही सच्ची मानवता का परिचायक है। ऐसे सेवा कार्य न केवल जरूरतमंदों की सहायता करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी प्रसारित करते हैं।

आश्रय गृह के पदाधिकारियों ने प्रेरणा फाउंडेशन एवं श्रीमती पूजा गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मसम्मान और खुशियों का संचार होता है।

प्रेरणा फाउंडेशन ने बताया कि संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक एवं मानवीय कार्यों को निरंतर जारी रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# सार्वजनिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**मुंबई/सिरोही/हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जैन रत्न श्री रमेश पी. तातेड की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सिरोही की धरती के सपूत, महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रवासी समाज के सशक्त सहयोगी श्री राज के. पुरोहित साहब का आकस्मिक निधन 17 जनवरी 2026 को मुंबई में हो गया। उनके निधन से राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रवासी समाज में शोक की लहर व्याप्त है।



स्व. श्री राज के. पुरोहित साहब की पुण्य स्मृति में 36 कॉम एवं कल्याण मित्रों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इस अवसर पर उनके सामाजिक एवं जनसेवक के रूप में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए सभी ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्राद्धांजलि सभा में वी. के. त्रिवेदी साहेब एवं बलवीरजी मर्डिया सहित अनेक गुरुजन एवं मित्रगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर सुरेशजी पी. तातेड, डॉ. श्रवणजी मोदी, रमेशजी एन. सिंघी, जैन रत्न रमेश पी. तातेड, महावीरजी चौधरी, डॉ. जगदीश, पारसजी तातेड, हीरालालजी राव, छगनजी सुथार, सुरेंदरसिंह डाबी, कमलेश चौधरी, अरविंद तातेड, कृष्ण दवे, रमेशजी ए. सिंघी, निरंजनजी बाफना एवं अन्य मित्रगणों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।वक्ताओं ने कहा कि स्व. श्री राज के. पुरोहित साहब का निधन समाज एवं प्रवासी समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जीवन जनसेवा, सामाजिक समरसता एवं प्रवासियों के हितों के लिए समर्पित रहा, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा।

# केबीआर पार्क पर किया गया नियमित अन्नदान



**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के सौजन्य से इंडो-अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने स्थित केबीआर पार्क परिसर में सोमवार को नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को श्रद्धा, सेवा और समर्पण भाव के साथ भोजन वितरित किया गया।

राधे-राधे ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि अन्नदान मानव सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है, जिससे भूखे लोगों को तत्काल राहत मिलती है। समूह द्वारा यह सेवा कार्य लगातार विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंच सके।

कार्यक्रम में मनीष अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, रणधीर, जयप्रकाश सारडा सहित राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने सेवा कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया और अन्नदान को पुण्य कार्य बताते हुए इसे निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना मैरिज डाटा कमेटी की 24वीं सभा सम्पन्न



**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना मैरिज डाटा कमेटी द्वारा आयोजित अभिभावक परिचय सम्मेलन की अभूतपूर्व सफलता के पश्चात आज समाज कार्यालय में कमेटी की 24वीं सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में 11 अभिभावक उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने उपयुक्त बायोडाटा से संबंधित अभिभावकों से प्रत्यक्ष बातचीत की।

सभा के दौरान वैवाहिक संबंधों को लेकर गंभीर एवं सकारात्मक चर्चा हुई, जिससे समाज में उचित और सफल वैवाहिक संबंध स्थापित करने की दिशा में एक और सशक्त कदम बढ़ा।

सभा की संपूर्ण कार्रवाई का संचालन श्री सुनील मित्तल द्वारा किया गया। इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य वाईस चेयरमैन श्री गोविंद अग्रवाल एवं वाईस चेयरमैन श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मैरिज डाटा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार की सभाएं आगे भी नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी, जिससे अग्रवाल समाज के युवाओं के लिए उचित एवं पारदर्शी वैवाहिक मंच उपलब्ध कराया जा सके।



**सनतनगर में भाजपा मीटिंग का आयोजन किया गया। मेगा स्पोर्ट्स फैसटिवल 22 जनवरी लाल बहादुर स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अथिति साइना नेहवाल रहैगी। उपस्थित सीनियर लीडर दयानंद, सपना गुप्ता, डिवीजन अध्यक्ष नरेश, सेक्रेटरी सुधाकर,वमसी, लक्ष्मी व अन्य।**



अमेरिकी महावाणिज्य दूत लॉरा विलियम्स ने देखी 85वीं नुमाईश देखी। इस अवसर पर प्रदर्शनी के उपाध्यक्ष सुकेश रेड्डी, मानद सचिव बी. एन. राजेश्वर, संयुक्त सचिव टी. चंद्रशेखर, पूर्व पार्षद बेली रवि यादव और प्रबंध समिति सदस्य डॉ. प्रभा शंकर ने महावाणिज्य दूत का स्वागत किया और अमेरिका-भारत व्यापारिक सहयोग की नई संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।



सोमवार को श्री खेमदास जी मठ भाग्यनगर हैदराबाद में मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। जिसमें 800 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को भव्य बना दिया। इस अवसर पर मण्डादि पूजन, हवन, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं सायं 7.30 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर के प्रमुख भजन गायकों ने अपनी मधुर वाणी में भजन प्रस्तुत कर भक्तों का मन मोह लिया। संजय दाहिमा, पंकज ओझा, किशोरीजी दिल्ली वाले ने भजनों से सभी का समा बनाए रखा। उक्त कार्यक्रम में देश भर से समाज सेवी, राजनीतिक नेता एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी पधारने की संभावना है। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रधान संयोजक शशिकत अग्रवाल, दिनेश कुमार अग्रवाल एवं राजकुमार जी अग्रवाल, विकास मोदी, गोपाल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, नवरतन अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, मनीष जी अग्रवाल, मनोजसिंह, पुजारी धर्मदास स्वामी, राजेश शर्मा, सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।



बसंत पंचमी 23 जनवरी को आयोजित पहाड़ी श्याम मंदिर, महिन्द्रा हिल्स के तृतीय वार्षिकोत्सव हेतु सम्माननीय अतिथि के रूप में पधारने हेतु सिकन्दराबाद के विधायक टी. पद्माराव गौड़, कंटोनमेन्ट विधायक नारायणा श्रीगणेश, डिप्टी कमीश्नर ऑफ पुलिस टास्क फोर्स गायकवाड वैभव रघुनाथ आईपीएस, तुकुरामगेट पुलिस स्टेशन इन्स्पेक्टर श्रीकान्त रेड्डी, मोंडा मार्केट पार्षद के. दीपिका, कंटोनमेन्ट बोर्ड मेम्बर बानुका नर्मदा मल्लीकार्जुन, ब्रिगेडियर अजय नेगी, जयपाल सिंह नयाल को आमंत्रित करते हुए मंदिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया, सुरेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, लड्डु महाराज, एवं राजकुमार सोनी ।



आई.एस.पी. ऑफिस मंगलहाट, आर.के.पेट व आसपास के क्षेत्र में पदयात्रा की गई और लोगों की समस्याओं को जाना गया तथा जल्द हल करने का आश्वासन दिया गया। संभव हो तो मामले को जीएचएमसी अधिकारियों तक भी पहुँचाया जाएगा।

# अन्नदान सेवा से साकार हो रही मानवीय संवेदना : श्याम सुंदर अग्रवाल

**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में गुरुवार को नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिलर नंबर 1265 के समीप नियमित निःशुल्क अन्नदान सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंदों, निराश्रितों एवं श्रमिकों को सुव्यवस्थित एवं सम्मानजनक ढंग से भोजन वितरित किया गया।इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद केवल एक सामाजिक संस्था नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा, करुणा और



मानवता के मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा की जा रही सेवा गतिविधियाँ बिना किसी भेदभाव, स्वार्थ अथवा प्रचार के निरंतर संचालित की जा रही हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।उन्होंने आगे कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक भोजन और सहायता पहुँचाना ही सच्ची सेवा है तथा राधे-राधे ग्रुप इसी उद्देश्य के साथ वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने स्वयं को इस सेवा परिवार से जुड़ा हुआ बताते हुए भविष्य में भी निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।इस सेवा कार्यक्रम में रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, जयप्रकाश सारडा, श्याम सुंदर अग्रवाल, भाकर राम कुमावत, भगतराम गोयल, संजय अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, कैलाश चंद केडिया, निर्मला केडिया, प्रीतिका अग्रवाल, सुरेश सिंघल, सोहनलाल दहिमा सहित राधे-राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, JC735299H Sub YADAV GAUTAM CHAND, Resident at Lalji Krupa Soc Vasna Road, Dist:Vadodara, Gujarat - 390007, my mother name wrongly mentioned in my Service Records as KAMLA DEVI R YADAV instead of YADAV KAMLABEN please note all concerned.

**CHANGE OF NAME**
I, LAKKA DURGASRI Spouse of Service No. 17035068Y CFN JOGI TEJESWARA RAO, Residing at Vill:Ponduru, Teh:Ponduru, Dist:Srikakulam, Andhra Pradesh-532168 have changed my name from LAKKA DURGASRI to LAKKA DURGA SRI vide Affidavit dt:17-01-2026 before X Spl Judicial Magistrate, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC 780655K Sub GUNDAGONI SHIVAPRASAD, Residing at Vill:Bondugula, Teh:Rajapet, Dist:Yadadri, Telangana-508105 hereby declare that my daughter name is to be changed from G VISHRUTHI to GUNDAGONI VISHRUTHI vide affidavit dt:17-01-2026 before X Spl Judicial Magistrate, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC 780655K Sub GUNDAGONI SHIVAPRASAD, Residing at Vill:Bondugula, Teh:Rajapet, Dist:Yadadri, Telangana-508105 hereby declare that my son name is to be changed from G YUVA RAJ to GUNDAGONI YUVARAJ vide affidavit dt:17-01-2026 before X Spl Judicial Magistrate, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, G SANDHYA RANI Spouse of Service No.JC 780655K Sub GUNDAGONI SHIVAPRASAD, Residing at Vill:Bondugula, Teh:Rajapet, Dist:Yadadri, Telangana-508105 have changed my name from G SANDHYA RANI to GUNDAGONI SANDHYARANI vide affidavit dt:19-01-2026 before X Spl Judicial Magistrate, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 6948385F Nk KASINE OBULESU of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, C/o.56 APO that my mother name is changed from ANKAMMA to KASINE ANKAMMA.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.6948024H Nk SATHISH KUMAR S of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, C/o.56 APO hereby declare that my father name is changed from SAGADEVAN to K SAGHADEVAN and mother name is changed from UNNAMALAI to UNNAMALAI SAGADEVAN.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 6948003M Nk DEEBY NARAYAN BHARTIYA of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, C/o.56 APO that my mother name is changed from SUSMA DEVI to SUSHMA DEVI.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 6941912P Hav TANMAY CHATTERJEE of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, C/o.56 APO that my mother name is changed from REETA CHATTERJEE to RITA CHATTERJEE.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, KHUSHBOO DEVI Spouse of Service No. 6947118N Hav ARUN KUMAR, R/o.Vill:Kahal Gaontola, PO:Khawaspur, Teh:Kahalgaon, Dist:Bhagalpur, Bihar-813209 have changed my name and DOB from KHUSHBOO DEVI, DOB:25-12-1991 to KHUSHBOO KUMARI, DOB:25-12-1993 vide affidavit dt:19-1-2026 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 6941906F Hav GOPAL CHANDRA MANDAL of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, C/o.56 APO that my mother name is changed from GEETA RANI to GITA MONDAL.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, AJITTA, is legally wedded spouse of Army No.14200446P Rank EX-SEP, Name KALAM VIDYASAGAR REDDY, Presently Residing at FLAT NO. 201, MANOJ RESIDENCY, VIVEKANANDA PURAM, ROAD NO. 9 DEAD END. HYDERABAD, State TELANGANA, Pin 500094, I have Changed my Name from AJITTA to K AJITHA REDDY and Change of Date of Birth form 1955 to 01-01-1955.Vide Affidavit date 17/01/2026

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, T HEERA MANI is legally wedded spouse of Army No.14249519A, Rank: EX-HAV, Name: VENKATESWARA RAO JALUMOORI, permanent resident of D.No.19-46-8, RANGIREEJU STREET, near Poorna Market, VISAKHAPATNAM, State: ANDHRA PRADESH, Pin-530001, I have Changed my name from T HEERA MANI to J HEERAMANI and Changed My Date of Birth from 06-09-1963 to 06-09-1966.Vide Affidavit date 19/01/2026.

**CHANGE OF NAME**
I, MOULIKKA, is legally dependent daughter of service number IC 12407H Rank EX-Lt Col, Name AMARJIT SINGH, Residing at FLAT NO.G-225, vedvihar AWHO Colony, Post- Trimulgherry, Dist:Hyderabad Pin 500015 Telangana, I have Changed my Name from MOULIKKA to MOULIKKA SINGH and Affidavit dated 09/01/2026,

**CHANGE OF NAME**
I, K MAHESWARI is legally wedded Spouse of service No-14647137L, Rank-HAV, Name-K SREENIVASULU R/o H.No-596, Maruthi Nagar, Road No-4,Lothkunta, Secunderabad, State- Telangana, PIN-500015, have changed my name from K MAHESWARI to KANCHARLA MAHESWARI add in my husband service documents date 19 Jan 2026 before X Spl Judicial Magistrate Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No-14670446A, Rank-Hav Name- Jagadale Mangal Singh Vishnu R/o Vill & PO-Satara Road Padli,Teh-Koregaon, Distt-Satara State-Maharashtra, PIN-415010, I have changed my Father name and DOB from JAGADALE VISHNU RAOJI to VISHNU RAVAJI JAGADALE and from 01/07/1939 to 14/11/1944 add in my service documents vide affidavit date 19 Jan 2026 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

# संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण में ईसीआईएल को उत्कृष्ट प्रमाणपत्र




**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति द्वारा हैदराबाद तथा आसपास स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों एवं उपक्रमों का राजभाषा नीति के अंतर्गत राजभाषा अधिनियम, राजभाषा नियम तथा विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 15 जनवरी से 17 जनवरी तक 36 कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम का समन्वय कार्य इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) ने किया। इस निरीक्षण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य (लोक सभा) तथा संयोजक डॉ. दिनेश शर्मा, संसद सदस्य (राज्य सभा) सहित श्री रामचन्द्र जांगड़ा, संसद सदस्य (राज्य सभा), श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह, संसद सदस्य (लोक सभा), श्री सतपाल ब्रह्मचारी, संसद सदस्य (लोक सभा), श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी, संसद सदस्य (लोक सभा), डॉ. अजित माध्वराव गोपछड़े, संसद सदस्य (राज्य सभा), श्री किशोरी लाल, संसद सदस्य (लोक सभा) तथा समिति सचिवालय की ओर से श्रीमती राधा कात्याल नारंग, सचिव; श्री विजेन्द्र कुमार, अवर सचिव; श्री अनुप साव, अनुभाग अधिकारी तथा डॉ. नसीम अहमद उपस्थित थे। इस निरीक्षण कार्यक्रम में माननीय सदस्यों ने ईसीआईएल के राजभाषा अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की।

समिति के सदस्य ईसीआईएल की प्रौद्योगिकी गतिविधियों तथा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में मौलिक तकनीकी लेखन से अत्यंत प्रभावित हुए। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अनुराग कुमार ने ईसीआईएल की विभिन्न तकनीकी परियोजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। ईसीआईएल की राजभाषा प्रदर्शनी में राष्ट्रीय तथा नराकास (उपक्रम) स्तर की राजभाषा शील्डों को प्रदर्शित किया गया।

इस निरीक्षण कार्यक्रम के नोडल समन्वय अधिकारी तथा प्रबंधक (राजभाषा) डॉ. राजनारायण अवस्थी ने माननीय सदस्यों को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की गतिविधियों से भी अवगत कराया। माननीय सदस्यों ने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर उत्कृष्ट नराकास सम्मान प्राप्त करना स्वयं ईसीआईएल में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन का प्रमाण हैं। निरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के बाद समिति द्वारा ईसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को ङ्गउत्कृष्ट प्रमाणपत्रफ प्रदान किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में वैभव दांडेकर, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, सीपीपीएम; विश्व दीपक तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक (कॉरप-ोरेट संचार) तथा वी कनका श्री महालक्ष्मी, डॉ. सीएच. अंबेडकर, अजहर सुल्तान ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।







कोंडापुर स्थित कोला लैक्यूरिया मे मजेठिया परिवार द्वारा आयोजित सुंदर कांड पाठ में उपस्थित महंत अच्युत रामानुजाचार्य, महाराज, रमेश मजेठिया, जसमत पटेल, रिद्धिश जागीरदार, तरुण मेहता, हरेश, कीर्ति मेहता, सुंदर कांड महिला मंडल ग्रुप एवं अन्य।

# तेलंगाना प्रवासी समाज द्वारा नरेंद्र गोयल का सम्मान



**हैदराबाद, 19 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना प्रवासी समाज द्वारा 20 जनवरी को 150 अग्रबंधुओं को फ्लाइट से अग्रोधा धाम, जीण माता जी एवं खाटू श्याम जी के दर्शन हेतु ले जाने के पावन अवसर पर श्री नरेंद्र गोयल का गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाज की इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक पहल की सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर बताया गया कि तेलंगाना प्रवासी समाज द्वारा अग्रबंधुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए पहली बार इतने बड़े स्तर पर हवाई यात्रा के माध्यम से तीर्थ दर्शन की व्यवस्था की गई है, जिससे समाज में उत्साह एवं एकजुटता का वातावरण बना है।

सम्मान समारोह में समाज के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से श्री नरेंद्र गोयल जी, श्री सुरेश अग्रवाल जी (दिल्ली वाले), श्री आर. एन. गुप्ता जी, श्री सुभाष अग्रवाल जी, श्री मनोज अग्रवाल जी, श्री दुर्गा बंसल जी, श्री मुकेश कटारिया जी, श्री अशोक जैन जी, श्री श्याम अग्रवाल जी, श्री नरेश जैन जी, श्री प्रियेश जैन जी, सीए हरि गोविंद प्रसाद जी, श्री उमाशंकर गोयनका जी, श्री हर्ष गोयनका जी एवं श्री अजय अग्रवाल जी विशेष रूप से उपस्थित थे।

वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में संस्कार, आपसी भाईचारा एवं संगठनात्मक मजबूती आती है। कार्यक्रम के अंत में श्री नरेंद्र गोयल जी के उज्ज्वल सामाजिक योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.